4 रायपुर संभाग — नशामुक्ति संकल्प एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

6 अभिमत — दवाओं की गुणवत्ता चिन्ता का विषय

09 विविध — भारत की खेती संकट में, लेकिन कृषि छात्रों के लिए...

10 संस्कारधानी — महाकाल की मर्यादा दांव पर न लगे... कुलबीर ने कहा-...



रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-42 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### राजस्थान सरकार ने राज्य में निवेश के लिए दिल्ली में आठ लाख करोड़ रुपये के किए एमओयू



**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत सोमवार को यहां इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश में निवेश के लिए आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए। इस 'इन्वेस्टर मीट' के दौरान राजस्थान में निवेश के लिए राज्य सरकार के ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और विभिन्न कंपनियों के बीच आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

### सीबीआई ने 32 ठिकानों पर की छापेमारी




**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध नेटवर्क चलाने वाले गिरोह के अलग-अलग शहरों में 32 ठिकानों पर छापामारी करते हुए 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि एजेन्सी ने इस साइबर अपराध नेटवर्क के बारे में जानकारी मिलने के बाद 26 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया था।

# सड़कों के विकास के लिए 11000 करोड़ रूपए की मंजूरी

## सीएम साय ने कहा- सड़कों के विकास से छत्तीसगढ़ की औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगी नई दिशा

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की सड़कों का जाल और मजबूत होने जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी देकर राज्य को एक बड़ी सौगात दी है। इस राशि से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास किया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करेगा। गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ हुई एक समीक्षा बैठक के दौरान की। नई दिल्ली के भारत मंडपम में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इस दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टाम्टा और हर्ष मल्होत्रा व छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की ताकि कार्यों का समय पर और कुशलता से निष्पादन हो सके। बैठक में परियोजनाओं के विलम्ब के कारणों व रुकावटों पर चर्चा की गयी। इस संबंध में वन विभाग से क्लीयरेंस, राजस्व और खनन से जुड़े अड़चनों को दूर करने व परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा कर अवरोधों को दूर करने का प्रयास किया गया। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने समस्त प्रगतिरत एवं प्रस्तावित परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति पर चर्चा की गई, इसके साथ ही चार प्रमुख राजमार्गों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने की मंजूरी दी गई। बैठक में जिन चार मुख्य परियोजनाओं पर चर्चा हुई, उनमें उरगा-कटघोरा बाईपास (एनएच-149बी), बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट, और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 236.1 किलोमीटर है। जिसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने कुल 9208 करोड़ स्वीकृत किया है। वहीं, केन्द्रीय सड़क निधि के तहत 908 करोड़ के आठ कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में केशकाल घाट व धमतरी-जगदलपुर मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण कार्य की भी मंजूरी दी गयी। एनएचएआई के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग एवं बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, पत्थलगांव से कुनकुरी-झारखंड बॉर्डर मार्ग को एक माह के अन्दर एजेंसी निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में रायपुर शहर टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच ग्रेड सेपरेटर व विधानसभा रोड से बिलासपुर रोड (धनेली) को जोड़ने वाले मार्ग एवं रायपुर एक्सप्रेस वे पर ग्रेड सेपरेटर बनाने की सहमति दी गई। इसके अलावा सड़कों के विकास के लिए 1200 करोड़ की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक बड़ी सौगात है। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क नेटवर्क का विस्तार राज्य के ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएगा, जिससे स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी परियोजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा करें और समय पर कार्य पूरा करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वे स्वयं इन परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखेंगे और हर सप्ताह इसकी रिपोर्ट तलब करेंगे, ताकि काम में कोई देरी न हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पूरी निष्ठा से इन परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करेगी, जिससे राज्य के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकेंगी और विकास की गति तेज होगी। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, वन विभाग के सचिव अमरनाथ प्रसाद सहित राज्य के लोक निर्माण विभाग, राजस्व, खनन और वन विभागों के अन्य अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

# प्रदेश की सरकार दिशाहीन हो चुकी, सरकार का ड्राइवर कौन है किसी को पता नहीं : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा चौथे दिन आरंग विधानसभा के भैसा से निकलकर धरसीवां विधानसभा में प्रवेश कर गयी। यात्रा खरोरा, माठ होते हुये रात्रि विश्राम सारागांव था। चौथे दिन यात्रा भैंसा से सारागांव तक कुल 24 किमी तक चली। भैंसा से सारागांव तक यात्रा में ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों ने मंच बनाकर जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि यात्रा का चौथा दिन है इसके पहले तीन दिनों तक जनता ने भरपूर समर्थन दिया। हमारे कार्यकताओं में भी यात्रा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश की बिगड चुकी कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को जगाना है। जनता के बीच में बढ़ते अपराधों के कारण भय का माहौल है। महिलाएं बहने असुरक्षित है। किसी समाज का आदमी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश की सरकार दिशाहीन हो चुकी है। सरकार का ड्राइवर कौन है किसी को पता नहीं है, सरकार के मंत्रियों में आपस में विरोधाभास है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुये कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की 5 साल सरकार थी जो किसानों, युवाओं, माता, बहनों और प्रदेश के हर वर्ग के लिये काम किया। ईडी, आईटी, सीबीआई कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का काम किया। महादेव ऐप के नाम से प्रधानमंत्री से लेकर मंत्री तक बहुत से प्रचार किये। मैं पूछना चाहता हूं कि महादेव आज बंद हुआ है क्या? महादेव ऐप का मोटी कमाई कौन खा रहा है? आज देश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है और केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है तो महादेव ऐप बंद होना चाहिये तो नहीं होना चाहिये। सरकार को बदनाम कर और चुनाव जीतने के लिये भाजपा हर हथकंडे अपनाये। गांव में शराब बिक रही है, हर पान ठेले में शराब बिक रही है। मंत्रियों के घर लाइन लगी रहती है सुबह से लेकर शाम तक कमीशन के लिये, पोस्टिंग के लिये करप्सन नहीं है क्या? ताडमेटला में 200 घर नहीं जले, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में ताडमेटला में 76 जवान की हत्या नहीं हुई, झीरम की घटना नहीं घटी, जलियामारी जैसी कांड नहीं हुई, कलेक्टर ऑफिस बलौदाबाजार जैसे घटनायें नहीं हुई, 300 बेटो की हत्या नहीं हुई, कवर्धा में लोहारीडीह में एक साहू बेटा का घर जला दिया और हमारी सरकार में घर नहीं जली, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने जनता को घर दिये और भाजपा की सरकार में जनता के घर जल रहे है। भाजपा छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा से पूरी तरह घबरा गयी है और डर गयी है। इसलिये भाजपा उल्टा सीधा बयानबाजी कर रहे है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ की न्याय की बहुत ही शानदार के साथ चौथे की दिन यात्रा भैसा से प्रारंभ हुयी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद सभी लोग शामिल हुये। हमारी यात्रा बहुत अच्छा चल रहा है। आम जनता और लोगों रिस्पांस बहुत अच्छा मिल रहा है। लोगो ने जो भोगा है शहर में उसको चाहते है कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल हो। कांग्रेस की न्याय यात्रा में लोग जगह जगह शामिल होते है, खुशिया बांट रहे है, कि इस यात्रा में अपना किसी न किसी भाव से समर्थन दे।




# यादव के मुख्य आतिथ्य में पुणे में होगी रामभाऊ म्हाळगी प्रबोधिनी संस्था की राष्ट्रीय चर्चा

एजेंसी ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रामभाऊ म्हाळगी प्रबोधिनी संस्था की राष्ट्रीय चर्चा पुणे में होगी। राष्ट्रीय चर्चा 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर और उनके जन-कल्याणकारी सुशासन' विषय पर होगी। डॉ यादव पुणे में शिव-सृष्टि पार्क का अवलोकन भी करेंगे। जानकी देवी बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ऑडिटोरियम में होने वाली राष्ट्रीय चर्चा महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की अध्यक्षता में होगी। रामभाऊ म्हाळगी प्रबोधिनी के उपाध्यक्ष डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे भी मौजूद रहेंगे। चर्चा में शाम को व्याख्यान-सत्र होगा। इसमें मुख्य वक्ता पद्मश्री से सम्मानित मा. निवेदिता ताई भिडे उपाध्यक्ष स्वामी विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी रहेंगी। व्याख्यान-सत्र की अध्यक्षता डॉ देवीदास पोटे प्रतिष्ठित लेखक एवं चरित्रकार करेंगे।

समापन-सत्र को नाथीबाई दामोदर ठाकरसी महिला विद्यापीठ मुंबई की कुलगुरु डॉ उज्ज्वला चक्रदेव संबोधित करेंगी। मुख्यमंत्री अम्बेगांव (पुणे) में एशिया के एकमात्र ऐतिहासिक थीम पार्क 'शिव-सृष्टि' का भ्रमण कर अवलोकन करेंगे। महाराजा शिव-छत्रपति प्रतिष्ठान ट्रस्ट द्वारा संचालित 'शिव-सृष्टि' थीम पार्क का उद्देश्य छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और उनके संघर्ष को जीवंत करना है। 'शिव-सृष्टि' थीम पार्क 21 एकड़ भूमि पर फैला है, जिसकी अनुमानित लागत 438 करोड़ 68 लाख रुपये है। अब तक इस मेगा प्रोजेक्ट के दो चरण पूरे हो चुके हैं। पहले चरण में सरकारवाड़ा के अंतर्गत महाराष्ट्र के किलों की प्रदर्शनी, छत्रपति शिवाजी महाराज के आगरा से बच निकलने की कहानी, रायगढ़ का 5डी-शो, शस्त्रों की प्रदर्शनी और शिवाजी महाराज के जीवन पर केन्द्रित अन्य इंटरैक्टिव अनुभव शामिल हैं। दूसरे चरण में रोटेशनल प्लेटफार्म पर 'स्वराज्य, स्व-धर्म, स्व-भाषा' शो विकसित किया गया है, जिसे एक बार में 100 लोग देख सकते हैं। तीसरे चरण में प्रवेश द्वार (रंग मंडल), राजसभा का निर्माण, डार्क राइड, तटबंध, लैंडस्केप और ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। इस थीम पार्क को 'मेगा टूरिज्म प्रोजेक्ट' का दर्जा मिला है। अब तक 70 हज़ार से अधिक लोग इसका भ्रमण कर चुके हैं।

# वक्फ संशोधित बिल को लेकर मुसलमानों को भड़काया जा रहा है : डॉ. किरोड़ी

एजेंसी ‹ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के कृषि मंत्री डा. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा है कि वक्फ संशोधित बिल-2024 को लेकर मुस्लिम समाज के कुछ नेता देश में मुस्लमानों को भड़का रहे है और उन्हें हिंसा पर उतारू होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मीणा ने पत्रकारों से बातचीत में यह आरोप लगाते हुए कहा कि इस बिल का मुस्लिम समाज के कुछ नेताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है जिसकी अगुवाई ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव फजल उर रहीम सबसे बड़े पेरोकार बनकर देश में मुस्लमानों को भड़का रहे है तथा उन्हें हिंसा पर उतारू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रहीम ने इस दृष्टि से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद एनसीपी नेता शरद पवार, सहित अनेक लोगों से मिलकर नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है तथा इनके द्वारा देश भर में क्यूआर कोड के माध्यम से आम मुस्लमानों को भड़काया जा रहा है, जिससे देश में अशांति एवं अस्थिरता फैल जाये।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रहीम ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वक्फ ट्रस्ट एवं मंदिरों की जमीन को अपनी निजी जागीर मानकर बेच दिया है इनके निजी ट्रस्टों में देश-विदेश से विशेषकर खाड़ी देशों से अवैध धन प्राप्त कर उसे देश विरोधी गतिविधियों में लगाया जा रहा है। ।मीणा ने आरोप लगाया कि ।रहीम कांग्रेस के इशारे पर देश में महौल बिगाड़ने पर उतारू है इनकी बेटी सुल्ताना जयपुर महिला कांग्रेस की महासचिव एवं इनका दामाद मोहम्मद शोएब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सदस्य है, इससे स्पष्ट है कि इनके कांग्रेस से गहरे रिश्ते हैं। उन्होंने कहा कि ।रहीम के भाई जिया उर रहीम फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज बनाकर वक्फ प्रोपर्टीज को बेच रहे हैं और दोनों भाइयों ने वर्ष 2005 से फर्जी इकरारनामों के जरिए जामिया हिदायत ट्रस्ट जयपुर एवं मौलाना अब्दुल रहीम एजुकेशनल ट्रस्ट की जयपुर एवं अहमदाबाद में स्थित 18 से 20 बीघा भूमि करोडों रूपये में बेचान कर इन भूमियों पर समुदाय विशेष की अवैध कॉलोनियां बसा दी गई है तथा मुम्बई में आदिवासियों की जमीन को बेचकर करोड़ों रूपये अर्जित किए हैं।

इस सम्बन्ध में जमिया हिदायत ट्रस्ट की जमीनों के फर्जी दस्तावेजों से किये गये बेचान के सम्बन्ध में इन दोनों भाइयों एवं अन्य के विरूद्ध पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर जयपुर में वर्ष 2021 से 2024 तक चार एफआईआर दर्ज की गई है, ये सभी एफआईआर एक मुस्तगिस ने जरिए इस्तगासा दर्ज कराई, इससे लगता है कि इनका पुलिस पर जबरदस्त प्रभाव है। मीणा ने कहा कि इनका हौंसला इतना बढ गया है कि उच्चत्तम न्ययालय के स्थगन के बावजूद इनके द्वारा जामिया हिदायत ट्रस्ट, वक्फ एवं सरकारी भूमि को बेच दिया गया। न्यायालय के यथा स्थिति बनाये रखने के आदेश के बावजूद भी ग्राम किशनपुरा एवं आमेर में लगभग 900 बीघा राजकीय भूमि पर कब्जा कर उसे बेचकर धर्म विशेष के लोगों को बसा दिया गया है। यहीं नहीं ग्राम किशनपुरा एवं आमेर में राजस्थान पुलिस को आवंटित 500 बीघा भूमि पर धर्म विशेष के लागों ने अतिक्रमण कर कॉलोनियां बना दी गई जबकि हमारी पुलिस सो रही है। उन्होंने कहा कि सुनियोजित रणनीति के तहत राजकीय भूमियों के साथ मंदिर माफी की भूमियों पर भी समुदाय विशेष की अवैध कॉलोनियों बसा दी गई।

## प्रधानमंत्री 2 अक्टूबर को झारखंड का दौरा करेंगे, 40 एकलव्य स्कूलों का उदघाटन भी करेंगे

एजेंसी ‹ रांची
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्टूबर को झारखंड का दौरा करेंगे। दो अक्टूबरको दोपहर करीब 2 बजे वह झारखंड के हजारीबाग में 83,300 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। देश भर में जनजातीय समुदायों के व्यापक और समग्र विकास को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री 79,150 करोड़ रुपए से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करते हुए लगभग 63,000 गांवों को शामिल करेगा। इसका उद्देश्य भारत सरकार के विभिन्न 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित 25 हस्तक्षेपों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करना है। जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का उद्घाटन करेंगे और 2,800 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत 1360 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें 1380 किलोमीटर से अधिक सड़कें, 120 आंगनवाड़ी, 250 बहुउद्देश्यीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास शामिल हैं। इसके अलावा, वह पीएम जनमन के तहत कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का भी अनावरण करेंगे, जिसमें लगभग 3,000 गांवों में 75,800 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों का विद्युतीकरण, 275 मोबाइल मेडिकल इकाइयों का संचालन, 500 आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन, 250 वन धन विकास केंद्रों की स्थापना और 5,550 से अधिक पीवीटीजी गांवों को 'नल से जल' का लाभ प्रदान करना शामिल है।

## सीमा सुरक्षा बल का स्थापना दिवस समारोह एक दिसम्बर को जोधपुर में

**जैसलमेर।** राजस्थान में सीमा सुरक्षा बल (एसएसएफ) का स्थापना दिवस समारोह एक दिसम्बर को जोधपुर में मनाया जायेगा। राजस्थान फ्रंटियर के महानिरीक्षक एम एल गर्ग ने सोमवार को बताया कि इस समारोह की जिम्मेदारी इस बार राजस्थान फ्रंटियर को सौंपी गयी है। इस दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भी मुख्य अतिथि के तौर पर जोधपुर आने की संभावना है। इस भव्य आयोजन में देशभर की विभिन्न सीमाओं पर तैनात बीएसएफके जांबाज परेड के साथ शौर्य का प्रदर्शन करेंगे।यह लगातार चौथा अवसर होगा, जब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से बाहर बीएसएफ का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। बीएसएफद्वारा इस संबंध में जोरदार तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान को दूसरी बार स्थापना दिवस आयोजन का मौका मिल रहा है। इससे पहले वर्ष 2021 में स्थापना दिवस जैसलमेर में आयोजित हुआ था। उसमें भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप शरीक हुये थे। इस बार भी जोधपुर में सहायक प्रशिक्षण केंद्र में होने वाले समारोह में श्री शाह के शामिल होने की संभावना है। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यह समारोह कई मायनों में ऐतिहासिक होने वाला है। गर्ग ने बताया कि इस समारोह में सीमा सुरक्षा बल के विभिन्न सीमांत मुख्यालयों से विशेष दक्ष सीमा प्रहरी शिरकत करेंगे।

## पेसा ग्राम सभाओं में 2 अक्टूबर से प्रारंभ होगा 'सबकी योजना-सबका विकास' अभियान

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com




देश की सभी पेसा ग्राम पंचायतों में आगामी 2 अक्टूबर से 'सबकी योजना-सबका विकास' अभियान प्रारंभ किया जायेगा। इस अभियान में पेसा ग्राम पंचायतों को विकास के लिये अपनी जरूरतों के मुताबिक योजना बनाने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार नई दिल्ली के डॉ अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में पेसा एक्ट पर हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में यह जानकारी दी गयी। पेसा अधिनियम की महत्ता को देखते हुए केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय एक उत्कृष्टता केन्द्र (एक्सीलेंस सेंटर) स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। यह सेंटर संभवतः किसी केन्द्रीय जनजातीय विश्विविद्यालय (सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी) में स्थापित किया जायेगा।

## शुक्ल ने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री पाटिल से की सौजन्य भेंट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री सी आर पाटिल से सौजन्य भेंट की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार शुक्ल ने केंद्रीय मंत्री पाटिल से रीवा में सिंचाई सुविधाओं के उन्नयन के लिये बाणसागर परियोजना के अंतर्गत बहुती परियोजना के 85,000 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कमाण्ड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन योजना की स्वीकृति का अनुरोध किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के कई जिलों को इस योजना से लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे सिंचाई क्षेत्र की आधारभूत संरचना सुदृढ़ हुई है। उन्होंने रीवा की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस योजना की स्वीकृति को अत्यावश्यक बताया, जिससे जिले के किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं मिल सकें और कृषि उत्पादन में वृद्धि हो सके। शुक्ल ने कहा कि यह परियोजना विंध्य क्षेत्र के वृहद विकास एवं प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनकी स्वीकृति से जनकांक्षा की पूर्ति होगी। उन्होंने राज्य के विकास में केंद्र सरकार के सतत सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और योजना को शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह किया।

## जालंधर में चोरी के सामान सहित तीन चोर गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में ग्रामीण पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुये बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सागर निवासी भड़ी रोड, बलाचौर, अभि निवासी चंडीगढ़ कॉलोनी, टांडा और शंभू निवासी चंडीगढ़ कॉलोनी, टांडा, जिला होशियारपुर के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरकमल प्रीत सिंह खख ने सोमवार को बताया कि गिरोह के सदस्य व्यवस्थित रूप से उन घरों को निशाना बना रहे थे जो बाहर से बंद थे, खास तौर पर वे घर जहां के निवासी या तो काम पर गये थे, या विदेश में रह रहे थे। वे संभावित लक्ष्यों की तलाश के लिये चालाकी से भेष बदलकर बोतलें और लिफाफे लेकर चलने वाले व्यक्ति की तरह व्यवहार करते थे। एक बार जब उन्हें यह पता चल जाता था कि घर खाली है, तो एक सदस्य घर में घुस जाता था जबकि बाकी बाहर पहरा देते थे। पुलिस ने आरोपियों से 50 ग्राम चोरी का सोना, अपराध में इस्तेमाल की गयी मोटरसाइकिल, एक पेचकस और एक लोहे की छलनी बरामद की है। इन औजारों का इस्तेमाल घरों में सेंध लगाने के लिये किया जाता था। प्रारंभिक जांच के दौरान, आरोपियों ने जालंधर, होशियारपुर और कपूरथला जिलों में इसी तरह की चोरी करने की बात कबूल की है। उन्होंने इलाके में सात घरों को निशाना बनाने की बात कबूल की है, जिसमें उन घरों को निशाना बनाया गया जहां के मालिक या तो काम के लिये बाहर गये हुये थे, या विदेश में रह रहे थे। खख ने बताया कि पुलिस अन्य साथियों को गिरफ्तार करने और चोरी का बचा हुआ सामान बरामद करने के लिये जांच जारी रखे हुये है।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह की भावभीनी विदाई

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति पर राज्य निर्वाचन आयोग में भावभीनी विदाई दी गयी। सिंह ने एक जनवरी 2019 में राज्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार संभाला था। सिंह ने कहा कि 55 दिनों में नगरीय निकायों और पंचायतों का निर्वाचन कराना बहुत की चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे आप सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। रोज योग करें और वही भोजन करें जो स्वास्थ्य के लिये लाभकारी हो। सिंह ने सेवाकाल के कई रोचक किस्से सुनाये। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने कहा कि आयुक्त श्री सिंह की बहुत ही विनम्रता, लेकिन दृढ़ता के साथ कार्य कराने की शैली है। बहुत सकारात्मक तरीके से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लेस बूथ का नवाचार राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह के कुशल मार्गदर्शन के कारण ही हो पाया। आयोग के लिए मील का पत्थर रहा श्री सिंह का कार्यकाल। इस दौरान आयोग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने आठ और बागियों को निष्कासित किया

**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में बागियों के खिलाफकार्रवाई का सिलसिला जारी रखते हुये सोमवार को आठ बागियों को निष्कासित किया। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष उदय भान के यहां जारी बयान के अनुसार इनमें चित्रा सरवरा, सतविन्दर राणा, कपूर सिंह नरवाल, मनोज कोसलिया, अजित गुलिया, शारदा राठोर, ललित नागर और सतबीर भाना शामिल हैं। इससे पूर्व रविवार को वीरेंद्र गोगरिया और सोमवीर घोसाला को निष्कासित किया गया था और पिछले सप्ताह पार्टी ने 13 बागियों के खिलाफ कार्रवाई की थी, यानी पार्टी अब तक लगभग 25 बागियों को निष्कासित कर चुकी है।

# पंजाब के सहकारी बैंक में ग्राहकों के लिये यूपीआई सेवा शुरू

वार्ता ‹ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

सहकारी क्षेत्र में बैंकिंग सेवा में एक नया मील का पत्थर हासिल करते हुये, पंजाब सरकार ने ग्राहकों को ऑनलाइन लेन-देन करने में सक्षम बनाने के लिये पंजाब राज्य सहकारी बैंक में यूपीआई सेवा शुरू की है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि सहकारी बैंकों में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार ने अपेक्स बैंक की 18 शाखाओं में यूपीआई की सुविधा शुरू की है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद नये सिरे से पारदर्शिता और जवाबदेही के जरिये बैंक के कामकाज को और सुव्यवस्थित करना है। मान ने कहा कि अब बैंक के ग्राहक विभिन्न मोबाइल ऐप प्लेटफॉर्म जैसे गूगल पे, व्हाट्सऐप, फोन-पे, पेटीएम, भीम और अन्य का उपयोग करके लेनदेन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुविधा बैंक के ग्राहकों को पंजाब राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के अपने खातों से अन्य बैंक खातों में पैसे भेजने और प्राप्त करने में सक्षम बनायेगी। उन्होंने कहा कि शुरुआत में ग्राहक रोजाना 50 हजार रुपये तक का यूपीआई के माध्यम से लेन-देन कर सकेंगे, जिसे आने वाले दिनों में बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया जायेगा। इस दौरान बैंक के अध्यक्ष जगदेव सिंह बम ने कहा कि यह बैंक के ग्राहकों के लिये बड़ा वरदान होगा।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह सुविधा बैंक की अन्य शाखाओं में भी शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा कि बैंक पहले से ही मोबाइल बैंकिंग सेवाये प्रदान कर रहा है जिसका उपयोग करके ग्राहक आईएमपीएस और आरटीजीएस के माध्यम से लेन-देन कर सकते हैं।

# सर्व धर्म संगम की भावना को अपनाने की आवश्यकता : गुलाब चंद कटारिया

एजेंसी ‹ जालंधर
www.dailypioneer.com




पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने देश और दुनिया को एक बढिया और शांतिपूर्ण जगह बनाने के लिए सर्व धर्म संगम की भावना को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कटारिया एसएस जैन सभा जालंधर द्वारा आचार्य आत्म मनोहर की जयंती के अवसर पर आयोजित 'विराट सर्व धर्म संगम' में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ उनकी पत्नी अनीता कटारिया भी उपस्थित थीं। अपने संबोधन के दौरान कटारिया ने कहा कि विश्व में शांति, एकता और मानवता के आदर्शों को मजबूत करने के लिए सर्व धर्म संगम के महत्व को समझना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां सभी धर्मों के लोग अपने-अपने विचार, आस्था और विश्वास लेकर एकता और सद्भाव के साथ मिलते है। राज्यपाल ने जैन धर्म की महानता का उल्लेख करते हुए कहा कि जैन धर्म पूरे विश्व को एक महान उपहार है, जिसने सदैव शांति, अहिंसा और सहयोग का उपदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि जैन धर्म मानव कल्याण के साथ-साथ अहिंसा, प्रत्येक प्राणी, वृक्ष, पक्षी आदि के प्रति प्रेम व स्नेह का संदेश देता है। राज्यपाल ने विशेष आयोजन की इस पहल के लिए एस.एस.जैन सभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें बेहतर समाज बनाने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने देश और दुनिया के कल्याण के लिए सभी वर्गों के बीच सद्भाव और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मंच पर बैठे संतों और गणमान्य लोगों से इस पहल को आगे बढ़ाने की अपील की।

# जीएनडीयू ने मालवा नहर 2024 की एसआईए अध्ययन रिपोर्ट सौंपी

एजेंसी ‹ अमृतसर
www.dailypioneer.com

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) जसपाल सिंह संधू ने मालवा नहर की अध्ययन रिपोर्ट सोमवार को लुधियाना नहर सर्कल के कार्यकारी अभियंता, एस्टेट, कुलजिंदर सिंह को सौंप दी है। यह रिपोर्ट सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन एजेंसी (एसआईए) गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा प्रधान परियोजना समन्वयक प्रोफेसर राजेश कुमार और छह अन्य विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में तैयार की गयी थी। पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान द्वारा भूमि अधिग्रहण पर एसआईए अध्ययन रिपोर्ट की घोषणा की गयी थी। इसके सामाजिक प्रभावों के अध्ययन की जिम्मेदारी पंजाब सरकार ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी को सौंपी थी, जिसे आज तैयार कर पंजाब सरकार को सौंप दिया गया है। मालवा नहर के निर्माण का काम जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) को दिया गया है। राज्य के तीन सीमावर्ती जिलों से होकर गुजरने वाली यह नहर फिरोजपुर, फरीदकोट और ।मुक्तसर साहिब को भारतीय पंजाब के पश्चिमी हिस्से की लगभग 150 किमी लंबी, 50 फ ीट चौड़ी और 12 फुट गहरी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक कवर करेगी। इस परियोजना का पूरे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। कुलाधिपति प्रो. (डॉ.) जसपाल सिंह संधू ने कहा कि यह रिपोर्ट न केवल प्रस्तावित परियोजना के मात्रात्मक पहलुओं बल्कि इसके गुणात्मक सामाजिक पहलुओं पर भी गौर करती है, गहराई से खोज करती है जो आज की वैश्वीकृत दुनिया में अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव विश्वविद्यालय सतत विकास और सार्थक सामाजिक अनुसंधान में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के चलते गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने इस रिपोर्ट में मालवा नहर के अध्ययन के लिये सभी पहलुओं को गहराई से प्रस्तुत किया है, जिसे अब पंजाब सरकार अपने स्तर पर देखेगी। संधू ने कहा कि फिरोजपुर, फरीदकोट और मुक्तसर साहिब के विभिन्न गांवों जैसे मक्खू, झमके, जीरा, तलवंडी भाई, मुदकी, कोट कपूरा, जैतो, डोडा, भुल्लर, मंडी बरीवाला, लंबी, फत्ता खेड़ा आदि की सिंचाई जरूरतों के लिये इस नहर से पानी उपलब्ध कराया जायेगा। मालवा नहर से पंजाब राज्य के अबोहर और फाजिल्का जिलों में पानी की कमी वाले गांवों को भी लाभ होगा और फिरोजपुर, फरीदकोट और मुक्तसर साहिब के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध होगा, जिससे इन गांवों के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जो कहा, वह पूरा किया और पूरा करेंगे : राठौड़

**जयपुर।** राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि यह भाजपा की डबल इंजन सरकार है, जो कहा है, वह पूरा किया है और आगे भी पूरा करेगी। राठौड ने सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कैबिनेट बैठक में किये गये फैसलों को ऐतिहासिक बताया और कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बेरोजगार युवकों को समय पर नौकरी नहीं दी थी, जबकि सरकारी विभागों में अनेक पद रिक्त थे। भाजपा सरकार ने बेरोजगारों के हितों को ध्यान में रखते हुये विभागों में छानबीन की तो कई पद रिक्त पाए गए। ऐसे में सरकार ने कैबिनेट में तत्काल निर्णय करते हुए एक साथ 90 हजार युवकों को सरकारी नौकरी देने का सराहनीय कार्य किया है।

# 'इमरजेंसी' के विवादित दृश्य को हटाने पर सहमत हैं कंगना

वार्ता ‹ मुंबई
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' से सेंसर बोर्ड की पुनरीक्षण समिति की ओर से सुझाए गए कट और परिवर्तनों पर सहमति व्यक्त की है। केंद्रीय फि ल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने बॉम्बे उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी। सीबीएफसी के वकील डॉ. अभिनव चंद्रचूड़ ने अदालत को सूचित किया कि रनौत ने वास्तव में पुनरीक्षण समिति द्वारा सुझाए गए परिवर्तनों पर सहमति व्यक्त की है और बताया कि कटौती फिल्म की अवधि के बमुश्किल एक मिनट के बराबर है। जस्टिस बी पी कोलाबावाला और फिरदौस पी पूनीवाला की खंडपीठ ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा सीबीएफसी के खिलाफ कथित रूप से अवैध और मनमाने ढंग से इमरजेंसी को दिए गए प्रमाण पत्र को रोकने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही है। सीबीएफसी ने 19 सितंबर को पीठ को सूचित किया था कि संशोधन समिति ने फिल्म के कुछ दृश्य को हटाने सुझाव दिया है, जिसके बाद इसे रिलीज़ किया जा सकता है। सह-निर्माताओं ने यह पता लगाने के लिए समय मांगा कि क्या बदलाव किए जा सकते हैं। सोमवार को जब मामले की सुनवाई हुई तो जी स्टूडियो की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता शरण जगतियानी ने पीठ को सूचित किया कि रनौत ने सीबीएफसी के साथ बैठक की है और सुझाए गए दृश्यों को हटाने पर सहमति जताई है। अदालत ने मामले की सुनवाई 03 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

# सीईओ एवं बीईओ को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा मिशन क्रमोन्नति का सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



समयमान, क्रमोन्नति वेतनमान के लिए विकासखण्ड के शिक्षकों ने अभ्यावेदन अपने नियोक्ता व उच्च अधिकारियों के नाम जमा किया। टीचर्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ शासन से शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि को आधार मानते हुए भूतलक्षी प्रभाव से समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के विकासखण्ड अध्यक्ष ललित कुमार साहू ने बताया कि एसोसिएशन शुरू से ही समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति वेतनमान के लिए संघर्ष करती रही है। वही वर्तमान में सहायक शिक्षिका सोना साहू प्रकरण में बिलासपुर हाई कोर्ट के डबल बेंच के फैसले के आधार पर सभी सहायक शिक्षक, शिक्षक तथा व्याख्याताओं को जिनकी सेवा अवधि 10 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन्हें समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ के लिए अभ्यावेदन सौंपे जा रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सरायपाली तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी सरायपाली को आवेदन सौंपने के लिए पहुंचे शिक्षक। एसोसिएशन के चल रहे अभियान के अन्तर्गत सभी प्रदेश भर के सहायक शिक्षक, शिक्षक तथा व्याख्याता 24 से तथा 30 सितंबर तक पंचायत विभाग तथा शिक्षा विभाग कार्यालय में समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिए जाने हेतु आवेदन सौंप रहे हैं। शिक्षा विभाग ने पूर्व में ही रिवाइज्ड एलपीसी जारी करने पत्र लिखा था, अतः पंचायत, नगरीय निकाय व शिक्षा विभाग अपने अपने हिस्से की राशि समायोजित कर शिक्षक संवर्ग को उनके स्वत्वों का भुगतान करना चाहिए। अभियान में सोना साहू प्रकरण को आधार मानते हुए सभी शिक्षक साथी व्यक्तिगत रूप से अपने नियोक्ता व संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन सौंप रहे हैं। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव कैलाश चन्द्र पटेल,कार्यकारी अध्यक्ष पवन यादव, धर्मेन्द्र नाथ राणा, अशोक साहू, रामलाल साहू, नरेश बारीक,महेश नायक, अश्विनी बारीक, नरेश साहू, सौभाग्य भोई, यशवंत चौधरी, अरुण विशाल, देवानंद नायक, घनश्याम दास, चन्द्राम भास्कर, कमल बारीक सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

# सैकड़ों यात्रियों को होगी असुविधा बीमार सड़क मार्ग से जाने मजबूर




## बिना बारिश केके लाइन में दंतेवाड़ा से किरंदुल तक दो ट्रेन रद्द

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

वाल्टेयर रेलवे मंडल द्वारा केके लाइन में बचेली और किरंदुल क्षेत्र में भारी बारिश के कारण ट्रेनों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार रद्द कर दिया गया है जबकि इस क्षेत्र में बारिश ही नहीं हो रहा है। सैकड़ों यात्रियों को इससे नुकसान हो रहा है तो मरीज़ भी अच्छा स्वास्थ्य सुविधा लेने से वंचित हो जाएंगे। वाल्टेयर रेलवे मंडल द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार दिनांक 28.09.2024 से 04.10.2024 तक विशाखापत्तनम से छूटने वाली ट्रेन संख्या 08551 विशाखापत्तनम- किरंदुल पैसेंजर स्पेशल दंतेवाड़ा तक चलेगा। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 08552 किरंदुल- विशाखापट्टनम पैसेंजर स्पेशल 29.09.2024 से 05.10.2024 तक किरंदुल के बजाय दंतेवाड़ा से शुरू होगी। इसी तारतम्य में दिनांक 28.09.2024 से 04.10.2024 तक विशाखापत्तनम से छूटने वाली ट्रेन संख्या 18514 विशाखापत्तनम- किरंदुल एक्सप्रेस दंतेवाड़ा में समाप्त होगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 18513 किरंदुल- विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 29.09.2024 से 05.10.2024 तक किरंदुल के बजाय दंतेवाड़ा से शुरू होगी। रेलवे प्रशासन ने कहा है कि उपरोक्त तिथियों पर किरंदुल-दंतेवाड़ा के बीच इस ट्रेन की कोई सेवा नहीं होगी। रेल्वे मंडल के इस फैसले से दंतेवाड़ा से किरंदुल तथा किरंदुल से विशाखापत्तनम तक सफर करने वालों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# चोरी की घटना को घूमंतू प्रजाति के लोग दे रहे अंजाम

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर के विभिन्न वार्डों में चोरी की घटना को अंजाम देने घूमंतू प्रजाति के लोग दिख रहे हैं। ऐसा ही एक मामला 29 सितम्बर को पुराना बाजार के वार्ड नंबर 11 में देखने को मिला। चोरी की नीयत से घूम रही राजनांदगांव जिले के छुईखदान निवासी तीन महिला को संदिग्ध हालत में राजहरा पुलिस ने पकड़ा और उन्हें प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेज दिया। वार्ड वासियों ने मोहल्ले में संदिग्ध अवस्था में घूम रही तीन महिलाओं को घेर लिया, इन महिलाओं पर शंका होने के बाद वार्ड वासियों ने पुलिस को खबर की। तत्काल पुलिस मौके पहुंची और तीनों महीना को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि इन महिलाओं द्वारा सूने मकान में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था। शंका होने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़ी गई महिलाओं में भूरी बाई , साजन बाई एवं अंजू बाई शामिल है। वार्ड पार्षद हेमंत गौतम ने बताया कि वार्ड कि लोगों ने मोहल्ले में संदिग्ध घूम रहे महिलाओं से पूछताछ की उनके द्वारा किसी प्रकार का संतुष्ट जवाब नहीं दिया गया। इस पर शंका होने पर उन्हें पकड़कर कर पुलिस को सूचना दी गई। इन महिलाओं ने पुलिस को भी अपना नाम पता ठीक से नहीं बताया गया। पुलिस में तीनों महिलाओं को सिटी मजिस्ट्रेट के पास पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने सड़क की मांग को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत क्षेत्र तोयनार की जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे ने आज अपने जिला पंचायत क्षेत्र मोरमेड़ व एरमनार पंचायतों के ग्रामीणों के साथ निम्न समस्याओं जैसे मुरमिकरण सड़क निर्माण व दो पुल-पुलिया निर्माण के लिये कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन दिया। जिला पंचायत सदस्या नीना ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि ग्राम पंचायत एरमनार के पटेलपारा से तोयनार मुख्यमार्ग तक 1.5 किलोमीटर मुरमिकरण सड़क निर्माण की अति आवश्यकता है और ग्राम पंचायत मोरमेड से ग्राम पंचायत चिन्तनपल्ली मुख्यमार्ग पर एक तीन मीटर व एक दो मीटर पुल- पुलिया निर्माण की आवश्यकता है।

सड़क व पुल-पुलिया के नही होने पर ग्रामीणों को बरसात के दिनों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है स्वास्थ सुविधा एम्बुलेंस भी गांव तक नही पहुंच पाती है।जिससे चिंतनपाल्ली गाँव के ग्रामीण मोरमेड़ तक मरिजो को खाट या पैदल ही लाते है ऐसे में इन दो गाँवों को जोड़ने वाली मुख्यसड़क पर पुल-पुलिया की अतिवश्यकता है ।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न 2024 से सम्मानित हुए नीलाम्बर नायक



पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट के प्रधान पाठक नीलाम्बर नायक शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने पर छत्तीसगढ़ लोक हित सृजन धारा सेवा समिति के तत्वाधान मे आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान 2024 सम्मान समारोह मे सम्मानित हुए। उक्त सम्मान कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि चातुरी डिग्रीलाल नन्द विधायक सराईपाली, अध्यक्षता कुमारी भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत सराईपाली, विशिष्ट अतिथि चंद्रकुमार पटेल, सुवर्ण सिँह आहूजा, रोमी सलूजा मौजूद थे। नायक को सम्मानित होने पर विकासखंड एवं संकुल के शिक्षकों सहित इष्ट मित्रों रिश्तेदारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया



**दल्लीराजहरा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा आयोजित अंतरमंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ रत्न सम्मानित टी.ज्योति द्वारा चौरामा गोंदा व पता लेजा छत्तीसगढ़ी लोकगीत गाकर समा बांधा व लोकगीत की विजेता घोषित हुई। यह प्रतियोगिता 28 सितंबर को रेलवे उल्लास क्लब, डबल्यू आर एस,कालोनी रायपुर में किया गया था। कार्यक्रम के विजेताओं को स्मृति चिन्ह व सार्टिफिकेट प्रदान रेलवे डीआरएम द्वारा दिया गया। पूर्व में रेलवे द्वारा रायपुर में आयोजित गायन प्रतियोगिता में टी. ज्योति तीन बार व राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता में 2 बार विजेता रह चुकी है। समाज सेवा के साथ साथ गायन क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रहीं है। टी.ज्योति पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में लोकप्रिय लोकगायिका के नाम से मशहूर हो रही है। मोहन सुंदरानी के यू ट्यूब चैनल में अब तक 25 से 30 लोकगीत आ चुका है, जिसे ज्योति सोनी के नाम से इनका गाना देखा जा सकता है। दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ी जसगीत व हिंदी माता गीत मोहन सुंदरानी यू ट्यूब चैनल में बहुत जल्द रिलीज होने वाला है।

# ज्ञानांजलि भवन में सिंधी सम्मेलन आयोजित




पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ज्ञानांजलि भवन में 24 सितंबर को सिंधी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन दल्लीराजहरा ब्रह्मा कुमारीज ज्ञानांजलि भवन की संचालिका ब्रह्मा कुमारी पूर्णिमा बहन ने किया। इस अवसर पर सिंधी समाज के अध्यक्ष एवं व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी सहित, कन्हैया लाल कुकरेजा, जसवंत कुकरेजा, संजय पंजवानी, सुरेन्द्र मोरयानी, सिंधी महिला समाज की अध्यक्ष उर्मिला कुकरेजा, कांग्रेस की शिरोमणि माथुर एवं ब्रह्मा कुमारी आशा बहन उपस्थित थी। सिंधी सम्मेलन को सम्बोधन करती हुई ब्रह्मा कुमारी पूर्णिमा बहिन ने कहा कि सिंधियों ने आध्यात्म के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दिया है और संस्था की शुरुआत भी सिंधियों से हुई है इस संस्था के संस्थापक दादा लेखराज कृपलानी थे जो सिंधी समाज के थे। आगे उन्होंने कहा कि सामाजिक, आर्थिक, व्यवहारिक एवं गृहस्थ जीवन में सुख शांति के लिए आध्यात्म की अति महत्वपूर्ण भूमिका है जिसका सभी को आवश्यकता है।

# भाजपा ने आईटीएक्ट के तहत कार्यवाही करने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के बालोद जिला मंत्री राजेश दशोडे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल राजहरा थाना पहुँच कर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले कांग्रेसियों के हाथों अपना जमीर बेच चुके कतिपय लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय सहिता में उल्लेखित आई टी एक्ट के तहत कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा तथा एफ आई आर दर्ज करने की मांग की हैं। जिसमे थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने तत्काल जांच कर एफ आई आर दर्ज करने का आश्वासन दिया है। प्रार्थी मुश्ताक अहमद प्रदेश कार्य समिति सदस्य अल्प संख्यक मोर्चा भाजपा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर को अपमानित करने के उद्देश्य से इलेक्ट्रानिक सोशल मिडिया के माध्यम से देवलाल ठाकुर विरोधी वाट्सएप ग्रुप बनाकर भारतीय जनता पार्टी एवं प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के छबि को धूमिल करने की नीयत से देवलाल ठाकुर के ऊपर व भा.ज.पा पार्टी के विरुद्ध विभिन्न प्रकार के झूठा, बेबुनियाद व आधारहीन लांछन लगाते हुये उक्त वाट्सएप ग्रुप में आरोपीगण कुलवंत वैष्णव, संजय तिवारी, महावीर ठाकुर, खिलेन्द्र ठाकुर, भूपेन्द्र, अरूस, प्रेम कोठारी, आदर्श राजपूत, निहाल निषाद, तोमेन्द्र मंडावी, तेजप्रकाश, टिकेश्वरी साहू, नरेश निर्मलकर, टिलेश्वर व अन्य द्वारा आये दिन मान-सम्मान व प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाते हुये अपमानजनक लेख प्रकाशित व प्रसारित करके भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के व्यक्तिगत छबि को धुमिल व अपमानित करने की नियत से प्रकाशित किया जा रहा है। दिनांक 29 सितम्बर को समय दोपहर लगभग. 1:20 बजे को मेरे मोबाईल नंबर 9406087222 में वाट्सएप के माध्यम से लेख प्रसारित किया गया कि, देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता (भा.ज.पा) अवैध उत्खन्न करता है, ठेकेदारी करके दलाली करता है, मौका परस्त है, भा.ज.पा. पार्टी तोड़ने का षड्यंत्र करता है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्मान व कांग्रेसी दलाल है, सनातन धर्म की जड़ खोदने में लगा है आदि आरोप आरोपीगण द्वारा लगाकर देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता के मान-सम्मान व प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाते हुये अपमानजनक लेख प्रकाशित व प्रसारित करके भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के व्यक्तिगत छबि को धूमिल व अपमानित करने की नियत से प्रकाशित किया जा रहा है।

## युवा जन कल्याण संगठन ने स्व यशवंत साहू की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया

# स्व. यशवंत का कार्य सामाजिक सेवा व एकता का संदेश देता है : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ‹ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम हनोदा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में स्वर्गीय यशवंत साहू की स्मृति में युवा जन कल्याण संगठन द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर स्व. यशवंत साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही रक्तदान करने वाले सभी योद्धाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि इस आयोजन ने सामाजिक सेवा और एकता का एक सशक्त संदेश दिया है। स्व. यशवंत साहू द्वारा कम उम्र में ही समाज को एक नई दिशा देकर चले गए उनके द्वारा किए गए कार्य बहुत ही सहरानीय है कम उम्र में गांव को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए वृक्षारोपण सफ ाई अभियान छोटे बच्चों को ट्यूशन नशा मुक्ति उन्मूलन, कैरियर गाइडेंस, ब्लड डोनेट कैंप गायत्री परिवार से जुड़कर हर घर भक्ति का अलग जागने का काम किया बच्चों को विकास के लिए नैतिक शिक्षा के माध्यम से डेली योगा क्लास लगाकर सबको स्वस्थ रखने का संकल्प लिया था प्रत्येक रविवार को ग्राम वासियों के सहयोग से सुख शांति के लिए यज्ञ किया करते थे उनके द्वारा किया गया कार्य निश्चित रूप से हम सबको आत्मसात कराना चाहिए और यशवंत साहू के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें भी समाज के लिए कार्य करना चाहिए स्वर्गीय यशवंत साहू को मेरा विनम्र श्रद्धांजलि। आगे विधायक ने कहा इस अवसर पर रक्त प्रदान करने वाले रक्तदाताओं को मेरा प्रणाम मैं आज अपने आप को सौभाग्य शाली मानता हूं कि आज मैं ऐसे लोगो का सम्मान कर रहा हूं जिसका जीवन दूसरों का जीवन बचाने के लिए हुआ है। रक्तदान श्रेष्ठदान व श्रेष्ठ कर्म है और प्रत्येक इंसान को इंसानियत की खातिर अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इंसान द्वारा दान किया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करता है और इससे ज्यादा सुकून की बात किसी रक्तदाता के लिए नहीं हो सकती। आगे कहा रक्तदान महादान आपकी खून की कुछ बूंदे किसी के लिए खुशियों का सागर बन सकती है ऐसे पुनीत कार्य करने वाले रक्तदाता भाई बहनों को प्रणाम करता हूं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। ऐसे पुनीत कार्य जीवन में निरंतर करते रहें। इस अवसर पर सरपंच तेजराम चंदेल, विकास चंद्राकर, पंचराम कुंभकार, राजकुमार साहू, गोकरण टंडन, हीरालाल चंद्राकर, राजेश साहू, दौलत यादव, दिनेश पटेल, दानेश्वर यादव, रमेश पटेल, हीरालाल साहू, राकेश साहू, प्रकाश पटेल, थानेश साहू, टिकेश्वर साहू, अमित साहू, विष्णु ढीमर, परमानंद चंद्राकर, रोशन पटेल, निधि चन्द्राकर, मेनका चंद्राकर, जागृति चन्द्राकर, राजीव कुमार साहू ,यादवेंद्र कुमार साहू, भूपेंद्र कुंभकार, एवं युवा जन कल्याण संगठन के सभी सदस्य और ग्राम के प्रमुख नागरिकगण भी उपस्थित थे।

# कोयला खदान से लगातार कोयला खनन करके ओवर लोड़ कोयला मालगाड़ी में ले जा रहा अड़ानी : नवीन गुप्ता



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार में अड़ानी लगातार कोयला खनन करके ले जा रहे है। कोयला वाली मालगाड़ी ओवर लोड़ करके अड़ानी कोयला ले जा रहा है। भाजपा सरकार के सर्पोट में पूरा छत्तीसगढ़ के कोयला, लोहा, सीमेंट अन्य खनिज पदार्थ को मनमानी तरीके से ले जा रहे है। इसलिए यात्री गाड़ी को रद्द कर दिया है। छत्तीसगढ़ के जनता के साथ विश्वास घात कर रहा है। भाजपा सरकार के सहयोग से अड़ानी अपना मनमानी कर रहा है। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के युवाओ को रोजगार नही दे पा रहे है। जनता के लिए पूल, सड़क, अस्पताल, शिक्षा, रोजगार एवं मूल सुविधाये नही दे पा रहे है। फिर भी कर्ज लेकर भाजपा सरकार प्रदेश को चला रहा है। छत्तीसगढ़ के कोयला, लोहा, सीमेंट अन्य खनिज पदार्थ को अड़ानी ले जा रहा है। परन्तु युवाओ को रोजगार देने के पक्ष में नही है। भाजपा सरकार अड़ानी को ही फायदा पहुचाने में लगें है। भाजपा सरकार आदिवासी मुख्यमंत्री सिर्फ हस्ताक्षर करने के लिए बनाये है। छत्तीसगढ़ सरकार तो केन्द्र में बैठे मोदी एवं शाह और अडानी मिलकर चला रहे है।

# नशामुक्ति संकल्प एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com




आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त भारत निर्माण अंतर्गत स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं नशामुक्ति अभियान प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन एवं आबकारी अधिनियम संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी , अध्यक्षता पी के भोई प्राचार्य स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय ,विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे, युवा समाज सेवी रूपेश कुमार , प्राचार्य अनीता पटेल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,मां सरस्वती, मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर मंजूसा सोना द्वारा मां सरस्वती वंदना का गीत प्रस्तुत किया गया। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम अरमान प्रधान बीए फइनल ईयर, द्वितीय घनश्याम भोई बीए तृतीय वर्ष , तृतीय गजराज पीजीडीसीए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में टॉप 10 प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। आदर्शवादी सेवा समिति के संयोजक दुखनासन प्रधान द्वारा समिति के स्थापना के उद्देश्य समिति किस तरह से कार्य करते हैं नशामुक्ति तथा अन्य सामाजिक बुराइयों के ख़िलाफ़ तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किस तरह इस समिति द्वारा आदर्श स्थापित किया है उसके बारे में उन्होंने विस्तारपूर्वक महाविद्यालय के सामने चर्चा की साथ ही इस समिति में जितने भी सदस्य व अतिथि के रुप में उपस्थित थे सभी ने नशामुक्ति का संकल्प व व्यसनमुक्त जीवन जीने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। तत्पश्चात नशामुक्ति संकल्प एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चौधरी अध्यक्ष स्काउट गाइड संघ द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदर्शवादी सेवा समिति एवं स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में दोनों के संयुक्त तत्वाधान में नशामुक्त भारत निर्माण अंतर्गत जो नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर महाविद्यालय के माध्यम से छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैसा कि हम सब को पता है नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है । नशे के लिये समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और धूमपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और मादक पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है । इन जहरीले और नशीले पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचानें के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट के रुप में उपस्थित युवा समाज सेवी रूपेश कुमार द्वारा कहा गया कि नशामुक्ति असंभव जैसी कोई चीज़ नहीं है अगर हम सतत् प्रयास करें और मन में ये दृढ़ निश्चय रखें कि हमें नशे से मुक्त होना है तो हम ज़रूर हो सकते हैं उन्होंने अपने पिताजी जी का ही उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा की वे कैसे नशे में लिप्त होते जा रहे थे और उन्हें मेरे परामर्श से आज वे नशे से मुक्त है। आगे उन्होंने कहा आज हमारा परिवार खुशहाली से जीवन यापन कर रहा है। पसाथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य एवं समाज की नीव बताया।

बीड़ी, सिगरेट, गांजा, भांग, अफ़ीम या चरस पीने वालों को जब भरपूर नशा प्राप्त नहीं होता है, तब वे शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थो की ओर अग्रसर होते हैं । नशा किसी प्रकार का भी हो व्यक्तित्व के विनाश, निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्वार खोलता है।

# जिला महासमुन्द शाखा क्षेत्र धानापाली का नुवांखाई मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



केवट समाज कुडेघर जिला महासमुन्द शाखा क्षेत्र धानापाली का नुवांखाई मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन सामुदायिक भवन ग्राम धानापाली में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव सेठ जिला अध्यक्ष केवट समाज, अध्यक्षता शोभाराम कैवर्त संरक्षक केवट समाज, विशिष्ट अतिथि किर्तन सेठ उपाध्यक्ष, मुरली सेठ उपाध्यक्ष, कौशिक सेठ महासचिव, किशोर बाघ कोषाध्यक्ष गुरु चरण मलिक सहसचिव, भुनेश्वर पटेल सरपंच प्रतिनिधि, कमलध्वज पटेल पूर्व सरपंच, उसत सेठ उपसभापति सरायपाली क्षेत्र, बीरेंद्र पांडे सचिव तोरेसिंहा क्षेत्र, त्रिलोचन विशी कार्यकारिणी सदस्य, गौतम सेठ वरिष्ठ सदस्य, अशोक कालू सचिव रोहिना क्षेत्र थे। समाज के इष्ट देवी मां समलेश्वरी एवं भगवान श्रीराम चन्द्र के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित करके पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों को गुलदस्ता, गमछा, श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज की बालिकाओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। बताया गया है कि केवट समाज कुडेघर जिला महासमुन्द के 17 शाखा क्षेत्र है जिसमें महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ शाखा धानापाली क्षेत्र में बनाया गया है। जिसके गुलाबी बेहेरा अध्यक्ष, रजनी सेठ सचिव, अंजलि सेठ कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों में पुष्पलता महालिंग, कांति साहू, हेमकांति तरिहा, बिजली तरिहा, कमला बाघ, कौशल्या कैवर्त, भूमति महालिंग, पंकजनी सेठ, संजिता पांडे चुने गए हैं। समस्त महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को साड़ी श्रीफल एवं पुष्प गूच्छ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव सेठ ने अपने संबोधन में समाज के विकास में सभी वर्गों कर्मचारियों, युवाओं, व्यापारीयों, किसानों, महिलाओं के भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल देते हुए समाज विकास कार्य में सहयोग करने के लिए अनुरोध किया गया। कार्यक्रम को संरक्षक शोभाराम कैवर्त ने भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कौशिक सेठ महासचिव ने एवं आभार व्यक्त उपसभापति सुखदेव महालिंग ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुखदेव महालिंग उपसभापति, सुरेश तरिहा सचिव, महेश सेठ कार्यकारिणी सदस्य,भरत सेठ, अर्जुन बाघ, जयकुमार तरिहा,सोनाधर, दुःख नाशन साहू, धनेश्वर पांडे, फूल चंद पांडे तथा समाज के समस्त जाति भाईयों माताओं-बहनों का विशेष सहयोग रहा।

# 2 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह, होंगे विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों/पदार्थो तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए 02 अक्टूबर से 08 अक्टुबर 2024 तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर परिसर एवं समस्त स्कूल, कॉलेज, अस्पतालों में निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएगा 2 अक्टूबर को, प्रातः 8 बजे कलेक्टर परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं नशामुक्ति के संकल्प पत्र का वाचन एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जीवन परिचय, 3 अक्टूबर को चित्र पोस्टर प्रतियोगिता शा.मिनी माता कन्या महा.ब.बा निबंध प्रतियोगिता हिन्दी, छत्तीसगढ़ी स्वामी आत्मानंद अग्रेजी माध्यम स्कूल बलौदाबाजार, स्लोगन प्रतियोगिता हिन्दी छत्तीसगढ़ी शा.दाउ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार, 4अक्टूबर को भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा रैली एवं प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत टोनाटार, अर्जुनी, मल्दी, मोपर विकासखंड-भाटापारा 05 अक्टूबर को भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा रैली एवं प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत मोहत्तरा (क), चरौदा (क), दर्रा (क) विकासखंड-कसडोल, 6 को भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा रैली एवं प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत पुरेनाखपरी, लठुवा, लाहोद विकासखंड- बलौदाबाजार, 7 अक्टूबर को रैली नुक्कड़ नाटक का आयोजन जिसमें रैली शासकीय दाउ कल्याण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज से गार्डन चौक से कलेक्ट्रेट परिसर तक। नुक्कड़ नाटक- एनएसएस छात्र-छात्राओं द्वारा एवं 8 अक्टूबर को भारत माता वाहिनी द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर नशामुक्ति हेतु दीवार लेखन एवं नशा मुक्ति अभियान का प्रचार प्रसार कार्यक्रम शामिल हैं।

# विश्व में शांति का महामंत्र है हिंदू धर्म : उमेश साहू



**धमतरी।** पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू जो वर्तमान में भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष हैं वह गोकुलपुर में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। आयोजक समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत अभिवादन किया। उमेश साहू ने सर्वप्रथम भगवान रामचंद्र जी के तैल चित्र को नमन करते हुए अपने उद्बोधन में आयोजक समिति को बहुत.बहुत आभार धन्यवाद करते हुए कहा की आज के नया पीढ़ी और युवाओं को हिंदू धर्म की शिक्षा से जोड़ने के लिए इस तरीके का आयोजन करने पर शुभकामनाएं दिए। उन्होंने उपस्थित श्रोता समाज से आग्रह किया कि हमारे समाज के भीतर होने वाले रामायण भागवत यह सब मनोरंजन के साधन नहीं है बल्कि आज के पीढ़ी को धर्म के रास्ते जोड़ने का एक महान साधन है।हिंदू धर्म विश्व में शांति स्थापना की बात करती है, हिंदू धर्म पूरे विश्व के प्राणी मात्र के कल्याण की बात करती है, हिंदू धर्म धर्म की जय हो की बात करती है और धर्म को विनाश करने वाले आसुरी शक्ति जब अधर्म के रास्ते चलते हैं तो अधर्म का नाश भी करती है।

# दो दिवसीय जल जगार महोत्सव 5 एवं 6 अक्टूबर को, कलेक्टर नम्रता गांधी ने लिया तैयारियों का जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com




आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में जल जगार महोत्सव आयोजित होगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी जल जगार महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। इसके साथ ही बैठक गंगरेल रेस्ट हाउस में कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के लिए चार स्थानों में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर ने सुविधाएं,ले आउट, अधिकारी, कर्मचारियों की शिफ्ट वाइस ड्यूटी की जानकारी ली। उन्होंने प्रवेश एवं निर्गम द्वार अलग-अलग बनाने, कंट्रोल रूम प्रभारी, अलग-अलग वाहनों के स्थान निर्धारित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गांधी ने रूट चार्ट, रूट मैप, पेयजल, मोबाइल चार्जिंग पॉइंटए बिजलीए शौचालय व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों के लिए अलग-अलग फोटोयुक्त पास बनाने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए डस्टबिन की व्यवस्था निर्धारित स्थलों में रखने कहा। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति को ध्यान में रख मेहमानों का स्वागत किया जाएगा। चार जगह एलईडी का डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाएगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 3 बजे से प्रारंभ होगी। कलेक्टर ने सभी कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। कलेक्टर ने बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था, नेटवर्क सुचारू रूप से संचालित होए इसके लिए जिओ एवं बीएसएनएल का रेंज बढ़ाने कहा। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल में पूरी साफ सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कार्यक्रम में आने वाले विशिष्ट अतिथियों के आने हेतु अलग मार्ग, उनके रुकने हेतु आवास व्यवस्था भी चिन्हांकित करने कहा। उन्होंने जल ओलम्पिक कार्यक्रम के समीप सुरक्षा हेतु गार्ड और मेडिकल यूनिट तैनात करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने कबाड़ से जुगाड़, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया। कलेक्टर ने पार्किंग व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्किंग स्थल में वीवीआईपी, वीआईपी और सामान्य लोगों के लिए अलग-अलग पार्किंग बनाया जाए। इन पार्किंग स्थलों में बिजली पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए।

# 48 दिन हड़ताल के पश्चात मांग पूरी होने पर वन विभाग के कर्मचारी लौटे अपने कार्य क्षेत्र पर



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा वृत्त के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की मोहरेंगा नेचर सफारी में बैठक आहूत की गई थी। जिसमें हड़ताल समाप्त के पश्चात कार्य में वापस जाकर उपस्थिति दर्ज करने एवं कुछ और निर्णय लिया गया। जिसमें कपूरचंद जांगड़े को ब्लॉक सचिव एवं चंद्रशेखर यदु को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। तिल्दा वृत्त के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मांग पूरी होने के पश्चात अपने-अपने कार्य क्षेत्र पर वापस लौट चुकी है। लगातार 48 दिनों के हड़ताल के पक्ष में सरकार ने मांग पूरी करने में सहमति जताई है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष रामकुमार सिन्हा के तत्वावधान में 11 अगस्त से लगातार 28 सितंबर तक हड़ताल में धरना स्थल तुता नया रायपुर पर तैनात थे। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 9 सूत्री मांगों के लिए धरना दे रहे थे, जिसमें दो मांगों पर सरकार द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया है, पहला स्थाईकरण और दूसरा आकस्मिक कार्यभारित निधि लागू की जाएगी। इसके पश्चात सभी कर्मचारी वापस अपने कार्य क्षेत्र पर वापस आ गए रायपुर जिला उपाध्यक्ष सनत भारती का कहना है कि सरकार के द्वारा हमारी जो जायज मांग थी उनको पूरा करने के लिए सहमति बन गई है जिसके लिए हम सरकार हमारे प्रांत अध्यक्ष के आभारी हैं वही तिल्दा वृत्त के ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा ने भी आभार प्रकट किया और कहा कि सभी लोगों ने मिलकर बहुत मेहनत की जो सरकार के द्वारा हमारी मांगों को मानी गई वह हम सब की मेहनत का नतीजा है।

# मोदी के गारंटी पूरी करने की मांग को लेकर कर्मचारी अधिकारीयों की हड़ताल



**बलौदाबाजार।** अधिकारी कर्मचारी के मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 27 सितम्बर को बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में डॉ. एल.एस.ध्रुव के आगवानी में एक दिवसीय हड़ताल किया गया। प्रदेश के सभी अधिकारी कर्मचारीयों के द्वारा मोदी की गारंटी के तहत केन्द्र के समान देय तिथि से 4 प्रतिशत महगाई भत्ता जुलाई 2019 से देय तिथि पर लंबित मंहगाई भत्तों के एरियर्स राशि का जी.पी.एफ खाते में समायोजन करने एवं मध्यप्रदेश राज्य की भांति 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने की मांग कर रहे है। किन्तु छत्तीसगढ़ सरकार के 6 महीने पूरा हो जाने के बाद भी कर्मचारीयों के हीत में मोदी के गारंटी का लाभ राज्य में कार्यरत अधिकारी कर्मचारीयों को नही हो राह है। इस लिए राज्य के सभी अधिकारी कर्मचारी आक्रोशित है। हड़तालीयों ने मांग पुरा नही होने पर अगामी 10 दिवस के अंतर्गत अनिश्चित कालीन हड़ताल करने की चेतावनी दिया। प्रदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला अंतर्गत कार्यरत सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी पुरे उत्साह के साथ हड़ताल में सामिल हुए।

# अखिल भारतीय सौंडिक समाज का महासम्मेलन रायपुर मे आयोजित किया जाएगा : शिव रत्न गुप्ता



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय सौंडिक समाज का महासम्मेलन होने की घोषणा राँची झारखंड मे चल रहे सौंडिक समाज के अधिवेशन मे करते हुए छत्तीसगढ प्रदेश सौंडिक समाज के अध्यक्ष शिव रत्न गुप्ता ने बताया की समाज की छत्तीसगढ इकाई अनेकानेक कल्याण कारी कार्य करते हुए छत्तीसगढ मे समाज को एकजुट करने मे लगी हुई है और इस महासम्मेलन के रायपुर मे होने से समाज जन उत्साहित महसूस कर रहे हैं जिसकी व्यापक रूप रेखा प्रदेश की टीम एकजुट होकर बनाने जा रही है।

# गांड़ा समाज ने धूमधाम से मनाया नुवाखाई, विधायक के नेतृत्व में निकाली गई रैली

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज द्वारा धूमधाम से नुवाखाई मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल हुई। गांड़ा समाज द्वारा रैली के रूप में नगर का भ्रमण किया गया। रैली में जय स्तंभ चौक में विधायक चातुरी नंद के पहुंचने पर बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि समाज की एकजुटता का ही पहचान है कि एक मजदूर की बेटी सरायपाली की विधायक है। समाज आज संगठित होकर आगे बढ़ रहा है जिसमें हर वर्ग का बड़ा योगदान है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नुवाखाई की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामलाल चौहान, अजा आयोग के पूर्व सदस्य पुनीत राम चौहान समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिकों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा चौहान प्रेमलाल चौहान उदय लाल चौहान, चंपत लाल चौहान, पुष्पलता चौहान, राखी चौहान, जगदीश चौहान, केंवरा चौहान लक्ष्मी चौहान कैलाशो चौहान बिशिकेशन बाघ राघुलाल बाघ रामलाल चौहान गौतम चौहान, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, कृष्णा चौहान, सुबोध गर्डिया, मनराखन सोनवानी, उसत लाल चौहान, सुखीराम चौहान, ओमप्रकाश चौहान, विशिकेशन बाघ, रघु बाघ, प्रमोद सागर, प्रेम चौहान, कुशल सिंह चौहान, आनंद राम चौहान, फागुराम चौहान, दयाराम चौहान, बिरंची बेताल, सुरेश नाग सुंदर चौहान चमरा दीप घुराऊ चौहान, ईश्वर चौहान, हेमचंद हंसा, कैलाश तांडी, समेत गांडा समाज के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक हजारों की संख्या में उपस्थित थे। मंच संचालन देव प्रसाद चौहान और आभार प्रदर्शन जगदीश चौहान ने किया।

# राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com




## छात्रों में संस्कार और संस्कृति का बोध कराने का दायित्व शिक्षक पर : चातुरी

छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा के तत्वाधान में राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद के मुख्य अतिथि में जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर की अध्यक्षता में, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, पत्रकार रोमी सलूजा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्य म का शुभारंभ माँ भारती एवं माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के सम्मान में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से चातुरी नंद ने कहा कि गुरु के आगे हमारा मस्तक हमेशा श्रद्धा से झुक जाता है। गुरु के ह्रदय में हमेशा बच्चों के प्रति प्रेम उमड़ता है। बच्चों में संस्कार संस्कृति और परंपरा का बोध कराने का दायित्व आज शिक्षकों के सामने है जो सबसे बड़ी चुनौती है। छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है उसके लिए समिति साधुवाद का पात्र है। इसी संस्था ने मुझे पिछले वर्ष नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया था। तरह के सम्मान से समाज का उत्थान होता है। चंद्र कुमार पटेल ने कहा कि गुरुओं का सम्मान करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। नगर क्षेत्र में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए समिति को धन्यवाद देता हूँ। स्वर्ण सिंह सलूजा ने कहा कि अंचल के लिए गौरव की बात है कि राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हो रहा है जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से शिक्षक पहुंचे हैं। समारोह को कुमारी भास्कर एवं रोमी सलूजा ने भी संबोधित करते हुए सम्मानित होने वाले समस्त शिक्षकों को बधाई दी। कार्य म का संचालन करते हुए समिति के प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू ने समिति के उद्देश्य एवं रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि समिति विभिन्न विधाओं में विशिष्ट जनों का सम्मान करने का कार्य करती है, साथ में मां भारती के आंचल को हरा भरा करने के लिए भी बृहद रूप से वृक्षारोपण का कार्य कर रही है। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों को एक पेड़ माँ भारती के नाम पर रोपण अपने अपने स्कूल परिसर में करने का आह्वान किया। इस कार्य म में बस्तर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, अंबिकापुर, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, सक्ति , सारंगढ़, बलौदाबाजार भाटापारा, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, गरियाबंद, कबीरधाम, सुकमा सहित अन्य जिलों से 110 उत्कृष्ट शिक्षकों को छत्तीसगढ़ शिक्षक र 2024 से सम्मानित किया गया। प्रत्येक शिक्षक को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजनधारा के प्रदेश अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष द्वय निर्मला साहू एवं डिजेन्द्र कुर्रे, सचिव कलेश्वर साहू, सहसचिव वेद प्रसाद पटेल, कोषाध्यक्ष धात्री नायक, सह कोषाध्यक्ष कल्पना भोई, प्रवक्ता एवं महासमुंद जिलाध्यक्ष रोहित शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद साव, सह मिडिया प्रभारी प्रहलाद साहू, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश साहू, मनोज कैवर्त, मनोज साहु, सुनीता साहू, परमानंद साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन भागवत साहू ने एवं आभार व्यक्त डीजेन्द्र कुर्रे ने किया। सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कमलेश साहू, डॉ पूनम सिंह साहू, सुशील प्रधान, वीरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ विवेक दास, डॉ जगदीश साहू, लिंगराज पटेल, दीपक पांडे, लक्ष्मण नामदेव, चैतन्य साहू, अनीता महीश, अश्विनी प्रधान, शरण दास, रमाकांति दास, शिव साहू, प्रेमचंद भोई, पीताम्बर मानिकपुरी, चन्द्र कुमार चन्द्रा, तुलसी प्रसाद साहू, परिणीता कश्यप, मुक्त । देवांगन, निवेदिता मंडल, हपका मुत्ता, सरोजनी साहू, बिसम्भर दास, सुरेन्द्र रात्रे, लक्ष्मीकांत साहू, शांता देवी साहु, महादेव जायसवाल, देवकुमार सूर्यवंशी, सोना सिंह, गुलाब सिन्हा, खितेश्वर प्रधान, सरोज कंसारी, दुष्यन्त वर्मा, कृष्ण कुमार ध्रुव, अरुण देवांगन, मनीलाल पटेल, तारामती साहू, यशवंत बघेल, तानसेन वर्मा, लक्ष्मी नारायण सेन, समय लाल काठे यदुमणी चौहान, चैतन्य साहू, नारायण साहू, उदय मालाकार, अनिता साहू, सुभाषिनी भगत, सरविन्द सिदार, विरेन्द्र चौधरी, निरंजन लाल पटेल, योगिता सिदार, घनश्याम साहू, आरती ठाकुर, राजाराम साहू, रमाशंकर साहू, सीता देवी कश्यप, मिश्री लाल साहू, लखेश्वर साहू, गौतम भारती, कामिनी किरण साहू, सरिता चंद्रा, मोती साहू, होरीलाल खरे, देविका हिरवानी, ईश्वर ठाकुर, बुधेश्वर कश्यप, रश्मि जैन, भारतमाता खटकर, ओमप्रकाश साव, हरिराम साव, विजय साहू, पुष्पा साहू, दिनेश खूंटे, ममता कुर्रे, अजय नारंग, वारिश कुमार, नीलम कुमार, ईनूराम वर्मा, मनीषा सोनी, नीलाम्बर नायक, अंजू सलाम, सुनीता अजीत, अमित भोई, हिरासाय बरेठ, प्रमुख हैं।

# राजभाषा मास के अवसर पर संचालित मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम 18 सितंबर से 30 सितंबर तक संचालित हुआ

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार के हिंदी विभाग में राजभाषा मास के अवसर पर संचालित मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम 18 सितंबर से 30 सितंबर तक संचालित हुआ। प्राचार्य डॉ एआरसी जेम्स के निर्देशन और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ उमाकांत मिश्र के संयोयन में संचालित भाषाई दक्षता और रचनात्मक लेखन पर केंद्रित इस पाठ्यक्रम में शास मिनीमता कन्या महाविद्यालय बलौदा बाजार के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता त्यागी, शास गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा की हिंदी विभागाध्यक्ष आर के द्विवेदी, अंबुजा स्कूल के प्राचार्य संजय पांडे और छग के साहित्यकार डॉ देवघर महंत के अतिरिक्त डॉ रीता यादव, डॉ राजेंद्र वर्मा जैसे सहायक प्राध्यापक ने उपयोगी व्याख्यान देकर पंजीकृत छात्र छात्रा को लाभान्वित किया। समापन सत्र में महाविद्यालय के पूर्व छात्र पोखन जायसवाल, शिक्षक पलारी द्वारा रचित काव्यसंग्रह, उसके हिस्से का और आलोचनात्मक पुस्तक समकालीन छत्तीसगढ़ी साहित्य का विमोचन प्राचार्य औरमुख्य अतिथि डॉ देवघर महंत के साथ साथ डॉ ए के उपाध्याय तथा डॉ सी के चंद्रवंसी द्वारा किया गया। प्रतिभागी द्वारा बनाए गए पोस्टर की सराहना अतिथियों ने किया। पंजीकृत छात्र-छात्रा को परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रमाणपत्र दिए जायेंगे। छात्र अमरदीप, भूपेंद्र, कृष्णा, संगीता, खुशबू, नीलम, हरिद्वार, शोध छात्र दीपक आदि का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।

# सिविल सेवा की पढ़ाई के लिए दो दिव्यांग बच्चों का जिम्मा लिया आईजी ने, कला मंदिर में हुआ रंगारंग आयोजन

## 'पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा' ने भावुक कर दिया दर्शकों को, झूम उठे दिव्यांग बच्चे

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com





सामाजिक संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से अंचल के दिव्यांग बच्चों को सांस्कृतिक मंच प्रदान करने 'अभिव्यक्ति की उड़ान' का वार्षिक आयोजन रविवार 29 सितंबर को कला मंदिर, सिविक सेंटर में शाम 4 बजे से रखा गया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने लोक नृत्य, फिल्मी डांस और देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। एकल प्रस्तुतियों में भी नृत्य-गायन-वादन से बच्चों ने समां बांध दिया। अपनी प्रस्तुतियों से इन बच्चों ने सामान्य बच्चों से कहीं अधिक कुशलता से प्रस्तुति देकर अतिथियों व दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। 'पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा', 'लकड़ी की काठी-काठी पे घोड़ा','ओम शांति ओम' और 'चप्पा-चप्पा चरखा चले' जैसे गीतों पर नाचते-गाते और झूमते इन बच्चों की प्रस्तुतियों को अतिथियों ने खूब सराहा। आयोजन में दुर्ग,भिलाई व धमतरी सहित अंचल की 12 विशेष स्कूलों के छात्र छात्राओं,शिक्षक एंव अभिभावकों ने अपनी भागीदारी दी। मुख्य अतिथियों के साथ विशेष तौर पर उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्ट्रीज इंजीनियरिंग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक प्रसनजीत दास, सीजीएम मैकेनिकल बी के बेहरा, सीजीएम इलेक्ट्रिकल टी के कृष्ण कुमार, सीजीएम स्टील मेल्टिंग शॉप प्रमोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक कार्मिक एंव प्रशासन विभाग एच शेखर, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह ग्रेवाल, हितवाद के संपादक ई वी मुरली और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान ने इन विशेष बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित किए।

इसके पहले जीई फाउंडेशन की ओर से स्वागत भाषण मृदुला शुक्ला ने दिया। इस अवसर पर जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्ले, मनीष टावरी, जावेद खान, प्रकाश देशमुख, रावेश गुप्ता, संजय मिश्रा, के विनोद, उमेश पटेल, मृदुल शुक्ला, डा हेमा कुलकर्णी, अनुपमा मेश्राम, स्वाति बारीक, स्वाति पंडवार, विशाखा, प्रतिभा पटेल, योगिता सहित सैंट थॉमस कॉलेज, बीआईटी और आत्मानंद साइंस कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला ओझा ने और आभार प्रदर्शन ज्योति पिल्लै ने किया। इन स्कूलों ने दी भागीदारी-अभिव्यक्ति की उड़ान 2024 में सार्थक स्कूल (धमतरी),आकांक्षा स्कूल (रायपुर), अभिलाषा स्कूल (राजनांदगांव), मुस्कान स्कूल, प्रगति स्कूल, स्नेह संपदा स्कूल, ब्राइट स्कूल, गुरुकुल स्कूल, नयनदीप और मानवता स्कूल के 300 से ज्यादा बच्चों ने दी भागीदारी। सभी बच्चे अपने शिक्षकों व पालकों के साथ यहां पहुंचे थे।

**आईजी हुए भावुक, दो बच्चों की जिम्मेदारी ली**-इन विशेष बच्चो की हौसला अफज़ाई के लिए अतिथियों में दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर,एफ एस एन एल के महाप्रबंधक पंकज त्यागी, भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व ईडी पीएंडए एम एल गदरे ने अपने विचार रखे और इनकी प्रस्तुति को सराहा। आईजी रामगोपाल गर्ग इन बच्चों की तारीफ करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को समुचित अवसर मिले तो ये किसी सामान्य बच्चे से भी आगे निकल सकते हैं।

# उड़िया समाज के लोगों की मेहनत और ईमानदारी बेमिसाल विजय बघेल

## उड़िया समाज का नुआखाई मिलन समारोह आयोजित





पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय उड़िया समाज का नुआखाई और पारिवारिक मिलन समारोह सामाजिक भवन खुर्सीपार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने की। विशिष्ट अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन थे। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि उड़िया समाज निरंतर प्रगति कर रहा है। इस समाज के लोगों की मेहनत और ईमानदारी बेमिसाल है। समाज की ओर से आए मांग को उन्होंने शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि उड़िया समाज में जागरूकता बढ़ी है। ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने में पश्चिम ओडिशा का अहम योगदान रहा है। आने वाले समय में उड़िया समाज भिलाई - दुर्ग में विशिष्ट पहचान स्थापित करने में सफल होगा। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि उड़िया समाज से अनेक आइएएस और आइपीएस देश भर में हैं। भिलाई - दुर्ग के उड़िया समाज में भी सकारात्मक बदलाव आया है। समाज को एकजुट रहने की जरूरत है।

कार्यक्रम में राजनांदगांव से आए वेटलिफ्टर प्रियांशु सोनवानी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज के प्रतिभावान बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देकर सबका मनमोहन लिया। करीब 50 बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाया। इस दौरान समाज में प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी, महासचिव टीके निहाल, कोषाध्यक्ष दीनबंधु तांडी, शिक्षाविद राजेंद्र नाग,अर्जुन बेहरा, उपाध्यक्ष राम कुमार, संजय सोनवानी, रामचंद्र बेहरा, दयानिधि विभार, दीपक सोना, आशीष नंदा, अर्जुन विभार, शंकर निहाल, मनोज दीप, संगठन मंत्री रतन तांडी, दिलीप तांडी, हेतुराम, उमेश, सुभाष जगत, धर्मेंद्र सिक्का, जयंती महानंद, चितरू , आनंद विभार, जितेंद्र हरपाल, बलराम बाग, ज्योति कुमार, मालती विभार, साधना बेहरा, पद्मा तांडी, गोंदा मोगराज, रतनी, रमेश तांडी, दीपक कुमार, खुशबू कुमार, राजेश नाग,सुरेश बाग, राजू तांडी, किशोर मोगराज, शंकर कुमार, यशवंत समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी डीके साहू ने दी।

# स्वस्थ्य है तो सुरक्षित है, इसलिए उपाय आवश्यक : आयुक्त मोनिका वर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com






जब तक हम स्वस्थ्य है, तब तक सुरक्षित है और सुरक्षित रहने के लिए सुरक्षा के उपाय को अपनाना जरूरी है। यह बातें नगर पालिक निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने कही। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत एन.एस.पी. सी.एल. कालोनी के सभागार में सुरक्षा शिविर का आयोजन किया। स्वच्छता मित्रों के लिए योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाया गया था। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सभागार में उपस्थित स्वच्छता मित्रों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना है। यही वजह है कि सभागार में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया है। उन्होंने कार्य स्थल में उपयोग में आए जाने वाले सुरक्षा कवच और एहितियात किस तरह बरतना है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्याशाला को एन.एस.पी.सी.एल. के प्रबंधक मानव संसाधन सरफराज आलम ने संबोधित किया। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के अमित चंद्राकर, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, पी.आई.यू. आकाश मिश्रा, विजय कश्यप, मिशन मैनेजर आइरा आनंद, अरूणा धृतलहरे आदि उपस्थित थे।

**सौ से अधिक का स्वास्थ्य परीक्षण**-नगर पालिक निगम के शिविर में 110 स्वच्छता मित्रों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। वही 5 लागों को राशन कार्ड, 15 को प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनीधि योजना के तहत 07 को आवेदन उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा एक का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

**सुरक्षा ही बचाव**-पी.आई.यू. आकाश मिश्रा और विजय कश्यप ने स्वच्छता मित्रों को जानकारी दी कि गीले स्थान और घनी झाड़ियों के बीच कार्य करते समय लॉग बूट का उपयोग करे। कचरा कलेक्शन के दौरान हाथों पर दस्ताना अवश्य लगाए। कार्य के दौरान मास्क का उपयोंग अनिवार्य रूप से करे। झाड़ू करते और कचरा छटाई के समय शरीर को ढकने एप्रान अनिवार्य रूप से पहने।

# जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम हैदर नहीं रहे, 45 साल तक दी अपनी खिदमत

## निजी अस्पताल में ली आखिरी सांस, बड़ी तादाद में मौजूद लोगों ने दी आखिरी विदाई

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



इस्पात नगरी भिलाई की पहचान जामा मस्जिद सेक्टर-6 में पूरे 45 साल तक इमामत करने वाले पहले इमाम हाजी हाफ्ज़ि अजमलुद्दीन हैदर (82) ने सोमवार दोपहर आखिरी सांस ली। पिछले कुछ दिनों से वह शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। उनके गुजरने की खबर से इस्पात नगरी में शोक व्याप्त है। मरहूम हैदर शहर के हर वर्ग और समुदाय के बीच जाना पहचाना नाम थे। रोजाना लोग उनके पास दुआएं लेने पहुंचते थे। सोमवार की रात उन्हें आखिरी विदाई देने बड़ी तादाद में लोग जामा मस्जिद सेक्टर-6 के ईदगाह पहुंचे। यहां नमाज़ ए जनाजा पढ़ी गई और कैम्प-1 के कब्रिस्तान हैदरगंज में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान दुर्ग-भिलाई व आसपास की तमाम मस्जिदों के इमामो-खतीब, मस्जिद कमेटियों के ओहदेदार, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और अन्य लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे। मरहूम हाफ्ज़ि अजमलुद्दीन हैदर अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और दो बेटियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके इंतकाल की खबर मिलने के बाद शोकाकुल लोग उनके स्ट्रीट-24, क्वार्टर 7 बी, सेक्टर-2 स्थित निवास पहुंचे और अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी। 29 दिसंबर 1942 को जन्मे हाफ्ज़ि अजमलुद्दीन हैदर ने 1965 में 22 साल की उम्र में हाफ्ज़ि कुरआन-आलिम का दर्जा जामअे अरबिया इस्लामिया नागपुर से हासिल किया। इसके बाद वह अपने वालिद हाजी हाफ्ज़ि अफ्ज़लुद्दीन हैदर के पास आ गए, जो कि जामा मस्जिद दुर्ग में पेश इमाम थे। कुछ ही दिन बाद वह भिलाई की गौसिया मस्जिद कैम्प-1 में इमाम हो गए। यहां इमाम रहते हुए भिलाई में ईदुल फ़ित्र व ईदुल अजहा की नमाज पढ़ाने के लिए जामा मस्जिद सेक्टर-6 की इंतेजामिया कमेटी उन्हें बुलाया करती थी।

# सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज नगर पालिका गरियाबंद द्वारा सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीयन भी किया गया। मेडिकल कैम्प में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से लगभग 50 सफाई मित्रों तथा स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सलाह दिया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं नगर को कचरा मुक्त बनाने में अपनी महती भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदीयों ने स्वयं जागरूक होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। पंजीयन शिविर में श्रम विभाग की योजनाओं, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सुक्षा बीमा योजना, आवास योजना, पेंशन योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड जैसे अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों को प्रदान करने के लिए पंजीयन भी किया गया।

# स्वच्छता पर बच्चों ने बनाई ड्राइंग, लिखा निबंध, सबने की तारीफ

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जोन क्रं. 4 स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वच्छता पर ड्राइंग, निबंध, नुक्कड़ नाटक, लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें संयोग से मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुनकुरी मुख्यमंत्री जी के छोटे भाई रोहित साय पधारे। उनके द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के तैल्य चित्र एवं महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, उसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। साय ने बच्चों द्वारा बनाई जा रही स्वच्छता के उपर ड्राइंग को देखा। बच्चों से उत्सुकता भरे प्रश्न भी किये। आप यह ड्राइंग जो बना रहे हो, इसके पीछे क्या उद्देश्य है। बच्चों ने बड़े ही सहज भाव से जवाब दिया, हमारा भारत स्वच्छ बने इसमें हम सब की भागीदारी सुनिश्चित हो। हम सब की भागीदारी किस प्रकार से होगी, उसको हम अपने ड्राइंग के माध्यम से बता रहे हैं। निबंध के माध्यम से स्वच्छता के प्रति प्रत्येक व्यक्ति के जवाबदेही का एक बेहतर चित्रण प्रस्तुत किया गया। शिव ताण्डव के माध्यम से भी बच्चो ने स्वच्छता को रेखांकित किया। हर एक कार्यक्रम मन को मुग्ध करने वाला एक से बढ़कर एक था। अंत में नशा नास का जड़ है, जो पुरे समाज को खोखला करते जा रहा है। इस पर सुनाई गई कविता सबके दिल को छू लिया। साय द्वारा अपने उदबोधन में बताया गया कि मान. प्रधानमंत्री द्वारा हर एक व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर दिया। जिस स्वच्छता को हम सब सामान्य समझते थे, वह सबके लिए विशेष हो गया है। हर व्यक्ति इसमें शामिल है।

# निगम के साथ छात्र-छात्राओं की टीम ने संभाला मोर्चा, शिवनाथ नदी घाट पर चलाया सफाई अभियान







पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान लगातार शहर में चलाया जा रहा है।आज स्वच्छता ही सेवा के तहत शिवनाथ नदी की सफाई की गई. महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में खालसा स्कूल व अन्य स्कूलों और साइंस कॉलेज के युवाओं ने निगम के साथ मोर्चा संभालकर श्रमदान कर शिवनाथ नदी घाट की सफाई की।स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में नगर निगम अमला द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कॉलेज व स्कूली बच्चों ने शिवनाथ नदी के घाट से पॉलीथिन प्लास्टिक कूड़ा इकट्ठा कर नदी परिसर को स्वच्छ बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नदी के किनारे अत्यधिक मात्रा में पड़ी हुई पॉलीथीन व प्लास्टिक को निकला गया। नदी घाट में विसर्जित फूल मालाओं व पूजन सामग्री एवं पॉलीथीन सहित कचरे को निकालकर साफ किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान में कॉलेज व विद्यालय के बच्चों के द्वारा कैसे स्वच्छ बनाना व रखना है इसकी जानकारी दी गई। शिवनाथ नदी परिसर पर नगर निगम द्वारा बच्चों को अपने-अपने घरों को साफ-सुथरा रखने व आसपास के घरों को भी स्वच्छ रखने व स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित करने की बातें कही गई। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के लिए शपथ ली. स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत की आवाज बुलंद की। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कुणाल, राहुल, एम्बेसडर स्वच्छता विश्वनाथ पाणिग्रही, आदि मौजूद रहे। सफाई के लिए लोगो को प्रेरित करते हुए कहा गया कि नदी में कचरा विसर्जित नहीं करने का संकल्प ले जिससे पानी को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। महापौर व आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा के तहत युवाओं व बच्चो के द्वारा सफाई अभियान में शामिल होना बहुत ही सराहनीय रहा।


# कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)

दूरभाष क्रं. 07782-222336, (कार्या.) फैक्स क्रं. 225777, ई-मेल spofficejdr@gmail.com

क्रमांकः-पु.अ./बस्तर/एसी/पीएचक्यू/2645-ए/2024 दिनांकः 23/09/2024

## // अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/छ.ग. गृह निर्माण मण्डल/ग्रमीण यांत्रिकी सेवा/सिंचाई विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला बस्तर, जगदलपुर में निविदाओं को उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी।(1) निविदा प्रपत्र का मूल्य 750/- निर्धारित। (2) ठेके की श्रेणी डी एवं उच्च श्रेणी रहेगी।

**निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथिः- 04/10/2024 के 05:00 बजे तक। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथिः- 07/10/2024 के 04:00 बजे तक। निविदा खोले जाने की तिथिः-07/10/2024 के संध्या 05:00 बजे।**

| क्र. | कार्य का नाम एवं कार्यस्थल | कार्यावधि | लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | त्रिवेणी परिसर में पेवर ब्लॉक, गेट, फाल्स सिलिंग एवं अन्य अतिरिक्त कार्य | 03 माह | 5.72 लाख | 4300/- |
| 2. | त्रिवेणी परिसर में मोर्चा, टॉयलेट/बाथरूम एवं अन्य अतिरिक्त कार्य | 03 माह | 19.15 लाख | 14400/- |
| 3. | रक्षित केन्द्र जगदलपुर में बस्तर फाईटर महिला हेतु आर.सी.सी. बैरक निर्माण कार्य | 04 माह | 14.60 लाख | 11000/- |
| 4. | को-ऑर्डिनेशन सेंटर, जगदलपुर में भवन में वाटर प्रूफिंग एवं मरम्मत कार्य | 03 माह | 19.95 लाख | 15000/- |

**निविदा से संबंधित अन्य जानकारी हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जगदलपुर से सम्पर्क कर सकते हैं।**

नोटः- निविदा फार्म प्राप्ति हेतु कार्यालय में उपस्थित होने पर आवश्यक समस्त दस्तावेज अपने साथ लेकर उपस्थित होवें।

पुलिस अधीक्षक
जिला-बस्तर, जगदलपुर

G-242502874/4



## अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय "पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, सीजी 492001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल-एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.iiflonehome.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. टेक्नोड्रिलर्स, 2. आदित्य बोर वेल्स, 3. श्री उत्सव जैन, 4. श्री राहुल जैन, 5. श्रीमती वीणा जैन, 6. श्रीमती छाया जैन 7. श्री उत्कर्ष जैन (प्रोस्पेक्ट नं. 856695 और 936325 और 948598 और 948599 और 963400) | 05.05.2022 रु. 12,59,14,580/- (रु. बारह करोड़ उनसठ लाख चौदह हजार पाँच सौ अस्सी)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 1,00,000/- (रु. एक लाख मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 199/15, क्षेत्रफल 5625 वर्ग फुट, रकबा 562, पीएच नं. 105, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड नं. 52, नवदुर्गा नगर, चौरसिया कॉलोनी, ग्राम मठपुरेना, आर.एन.एम. रायपुर-2, तहसील और जिला रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़, भारत | 10.09.2024<br>कुल बकाया दिनांक 17.09.2024 तक रु. 9,62,78,899/- (रु. नौ करोड बासठ लाख अट्ठहत्तर हजार आठ सौ निन्यान्वे मात्र) | रु. 1,12,50,000/- (रु. एक करोड़ बारह लाख पचास हजार मात्र)<br>जमा धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 11,25,000/- (रु. ग्यारह लाख पच्चीस हजार मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि / समय |
|---|---|---|
| 08.11.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1400 बजे | 11.11.2024 को अपराह्न 05.00 बजे | 13.11.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1300 बजे |

भुगतान का प्रकारः- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। टिप्पणीः प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष राशि भुगतान के लिए - Login https://www.iiflonehome.com > My Bid > Pay Balance Amount.

नियम और शर्तेः-

1. ई-नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेनदेन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें। ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
7. विवरण के लिए, ई-नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर care@iiflonehome.com लिखें
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल-एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत 30 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

स्थान : रायपुर, तिथि : 01.10.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


## ग्रामीणों के समस्याओं एवं शिकायतों से सबंधित 520 आवेदन हुए प्राप्त

# सीनापाली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

- **अधिकांश आवेदनों का किया गया निराकरण, कलेक्टर अग्रवाल शिविर में हुए शामिल**

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों के समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित 520 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में मौजूद लोगों को भी दी। शिविर में कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में मौजूद अतिथियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही हितग्राहियों को विभागीय योजना के तहत सामग्री वितरण कर मौके पर ही लाभान्वित किया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 2 बच्चों को अन्नप्राशन करवाया, साथ ही 6 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रश्म के तहत पोषण आहार किट भी प्रदान किया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा 3 किसानों को पावर स्प्रेयर, सूक्ष्म पोषक तत्व एवं 7 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 4 मछली पालक किसानों को मछली जाल, 03 आईस बॉक्स, राजस्व विभाग द्वारा 8 ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 हितग्राही को श्रवण यंत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अग्रवाल ने जनसमस्या निवारण शिविर में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। प्रत्येक माह दो जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सभी विभागों के स्टॉलों में लोगों के समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए गए। साथ ही उनका निराकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को तत्परता एवं गंभीरतापूर्वक ग्रामीणों के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर अपने घर सहित आसपास जगहों को भी स्वच्छ रखे। गांवों में कचरा कलेक्शन के लिए भी ई-रिक्शा भी दिया जा रहा है।

## संपादकीय

### दवाओं की गुणवत्ता चिन्ता का विषय

**दवाओं की गुणवत्ता** चिन्ता का विषय है क्योंकि सीडीएससीओ ने 50 से अधिक दवाओं के अधोमानक होने पर सवाल उठाए हैं जो गंभीर चिन्ता का विषय है। एक चिन्ताजनक घटनाक्रम में केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन-सीडीएससीओ ने अपनी नवीनतम गुणवत्ता जांच रिपोर्ट में पैरासीटामाल व पैन डी समेत 50 सामान्य रूप से प्रयोग की जाने वाली दवाओं को 'मानक गुणवत्ता वाली नहीं' घोषित कर दिया है। इन दवाओं में महत्वपूर्ण दवायें, जैसे कैल्शियम और विटामिन सप्लीमेंट, उच्च रक्तचाप की दवायें तथा मधुमेह-रोधी गोलियां शामिल हैं। संगठन की अगस्त, 2024 रिपोर्ट में सार्वजनिक प्रयोग के लिए इनकी सुरक्षा तथा प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सीडीएससीओ की मासिक गुणवत्ता जांच में राज्य औषधि अधिकारियों द्वारा नमूने एकत्र करना शामिल है। इसमें अनके दवाओं को 'मानक गुणवत्ता नहीं-एनएसक्यू चेतावनी' की सूची में रखा गया है। प्रभावित उत्पादों में सीधे ग्राहकों को बेची जाने वाली दवायें जैसे विटामिन सी व डी3 गोलियां, कैल्शियम व विटामिन डी3 का मिश्रण 'शेलकाल', मधुमेह की दवा 'ग्लीमीपिरीड', उच्च रक्तचाप के लिए 'टेलीमिसार्टन' और एंटी-एसिड 'पैन डी' शामिल हैं। व्यापक रूप से प्रयोग की जाने वाली ये दवायें हेटेरो ड्रग्स, एल्केम लेबोरेटरीज़ व कर्नाटक



एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा बनाई जाती हैं। अपनी अधोमानक गुणवत्ता के कारण इनके प्रयोगकर्ताओं को खतरा हो सकता है।

सीडीएससीओ की रिपोर्ट में दो सूचियां हैं। इनमें से एक में 48 दवायें शामिल हैं जो गुणवत्ता जांच में विफल हो गई हैं, जबकि दूसरी सूची में 5 दवायें हैं जिनकी जांच हो रही है और वे संभवत: नकली हैं। इन नतीजों को देखते हुए कुछ निर्माताओं ने दावा किया है कि उत्पादों के कुछ बैच नकली थे और उनके द्वारा उत्पादित नहीं थे। लेकिन यह बचाव का केवल एक तरीका है। ऐसी कंपनियों के खिलाफ गंभीर जांच होनी चाहिए। ऐसा पहली बार नहीं है कि सीडीएससीओ ने असुरक्षित औषधियों के खिलाफ कार्रवाई की हो। इसके पहले अगस्त में केन्द्रीय नियामक ने देश भर में 156 'फिक्स डोज़ कंबीनेशन्स'-एफडीसी को 'मनुष्यों के लिए संभवत: खतरनाक' बता कर उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। बार-बार होने वाली ऐसी घटनायें भारत के औषधि उद्योग में गुणवत्ता नियंत्रक मानकों के बारे में खतरे की घंटी बजाती हैं। इससे बाजार में बिकने वाली दवाओं की गुणवत्ता के प्रयोग से स्वास्थ्य पर संभावित खतरे भी स्पष्ट होते हैं। नकली दवाओं की जांच जारी रहने के साथ ही दवाओं की सुरक्षा के बारे में जनता का विश्वास डगमगा गया है। पिछले साल अफ्रीका को सप्लाई कफ सीरप के कारण कथित रूप से 141 लोगों की जानें गई थीं। यह न केवल अमानवीय कृत्य है, बल्कि इससे दुनिया में भारतीय दवा उद्योग के सम्मान को धक्का लगता है। ऐसे में उपभोक्ताओं के लिए जरूरी है कि वे खासकर कम ज्ञात स्रोतों से खरीदी और प्रयोग की जाने वाली दवाओं के बारे में सतर्क रहें। इसके साथ ही नियामक ढांचे को मजबूत करने की जरूरत है ताकि वह दवा कंपनियों पर कठोर गुणवत्ता मानक बनाए रखने के लिए निगरानी सुनिश्चित कर सके। सीडीएससीओ रिपोर्ट ने केवल 65 बिलियन डालर बाजार की थोड़ी पर्त उघाड़ी है। लालच के कारण अनेक कंपनियां अधोमानक तथा यहां तक कि फर्जी दवाइयां भी बनाती हैं। उनको मानव जीवन की जरा भी चिन्ता नहीं है और वे केवल मुनाफा कमाने पर ध्यान देती हैं। वास्तव में सरकार को उनके साथ कठोरता का व्यवहार कर उनके अपराध की कठोर सजा सुनिश्चित करनी चाहिए।

# हिंद-प्रशांत में सुरक्षा को प्राथमिकता

**चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए क्वाड सम्मेलन ने क्षेत्रीय स्थिरता तथा टिकाऊ विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की है। इसके साथ ही उसने अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग का विस्तार किया है।**



सुधीर हिंदवान
(लेखक, रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



अमेरिका के विलिंगटन, डेलावेयर में आयोजित चौथे क्वाड सम्मेलन ने सदस्य देशों-अमेरिका, भारत, जापान व आस्ट्रेलिया के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए क्वाड सम्मेलन ने क्षेत्रीय स्थिरता तथा टिकाऊ विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की है। आधिकारिक रूप से 'क्वाडीलैटरल सिक्यूरिटी डायलग'-क्वाड के रूप में जाना जाने वाला मंच अनेक मोर्चों पर सहयोग का आवश्यक अंग बन गया है। यह खासकर हिंद-प्रशांत, दक्षिणपूर्व एशिया व हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी मुद्दों को संबोधित करता है। समय बीतने के साथ ही इस साझेदारी का विस्तार कर इसमें आपदा प्रबंधन, डिजिटल ढांचों व जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया है जिससे यह सुरक्षा तथा विकासके लिए बहुआयामी पहल बन गया है।

इस सम्मेलन का एक प्रमुख तत्व भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच नए सहयोग का प्रस्ताव था। मोदी ने 'अमेरिकन-इंडियन'-एआई शक्ति पर जोर देते हुए कृत्रिम बुद्धि तथा विकास कर रही अमेरिका-भारत साझीदारी की ओर संकेत किया। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने 'ए-आई' को नए ढंग से परिभाषित किया है। अनिवासी भारतीयों को एक विशाल सम्मेलन में संबोधित करते हुए मोदी ने कहा था कि सारी दुनिया 'ए-आई' को आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस कहती है, पर मैं इसे 'अमेरिकन-इंडियन' के रूप में परिभाषित करता हूं।

इस प्रकार उन्होंने अनिवासी भारतीयों या अमरिकन इंडियन की अमेरिका में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया जिसमें एआई व चिप निर्माण शामिल है। भारत और अमेरिका के बीच चिप निर्माण में यह सहयोग उत्तर प्रदेश में नोयडा के निकट सेमीकंडक्टर सुविधा पर केन्द्रित है और उत्कृष्ट तकनीक का वादा करता है जिसमें भारतीय और अमेरिकन सुरक्षा के लिए आवश्यक चिपों पर नियंत्रण करना शामिल है। इस कदम को वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार पर चीन और ताइवान के प्रभुत्व को चुनौती देने की तरह देख जा रहा है। इस प्रकार भारत और अमेरिका के बीच की जाने वाली साझेदारी की इस पहल का उद्देश्य भू-राजनीतिक परिदृश्य में एक तकनीकी परिवर्तन करना है।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग के साथ ही क्वाड की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में समुद्री व साइबर सुरक्षा भी शामिल है। हालिया सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंटोनी अल्बानीज़ तथा जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भाग लेते हुए इन क्षेत्रों में रणनीति का महत्व रेखांकित किया। क्वाड नेता अनेक क्षेत्रीय टकरावों का मुकाबला करने के लिए काम कर रहे हैं जिनमें रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद तथा हिंद-प्रशांत में उभरने वाले परंपरागत व गैर-परंपरागत खतरे शामिल हैं। सदस्य देशों को खासकर हिंद महासागर तथा दक्षिण व पूर्वी चीन सागर के कुछ हिस्सों में चीन की लगातार बढ़ती आक्रामकता से चिन्ता है क्योंकि ये क्षेत्र विश्व व्यापार तथा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। संवाद और समन्वित प्रयासों के माध्यम से क्वाड का उद्देश्य खासकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आतंकवाद के बढ़ते खतरे से निपटना है। राजनयिक संपर्क मजबूत कर तथा टकराव-समाधान व्यवस्थाओं पर जोर देते हुए क्वाड को उम्मीद है कि वह सभी सदस्य देशें के बीच स्थायित्व को बढ़ावा देते हुए उनकी आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित कर सकता है। समूह का साझा दृष्टिकोण एक बहुआयामी व बहुपक्षीय रणनीति तैयार करना है जो लगातार परस्पर जुड़ती दुनिया में सुरक्षा चुनौतियों से निपट सकती है। क्वाड न केवल एक सैनिक गठजोड़, बल्कि एक ऐसा मंच है जो शिक्षा, विज्ञान, जैव-प्रौद्यागिकी तथा रणनीतिक नियोजन जैसे क्षेत्रों में विकास सुनिश्चित कर अपने सदस्य देशों के बीच संबंध मजबूत करना चाहता है।

भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव अनेक अंतरराष्ट्रीय संगइनों का उसके द्वारा किया जाने वाला नेतृत्व है जिसमें जी20 शामिल है। इसके साथ ही वह शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ को भी मजबूत कर रहा है। इन भूमिकाओं ने भारत को वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने में अपनी राजनयिक शक्ति प्रदर्शित करने की अनुमति दी है। क्वाड सम्मेलन भारत के लिए एक और अवसर है जहां वह एक जीवन्त व सहयोगी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था विकसित करने में योगदान कर सकता है। सम्मेलन में हुई चर्चा में विश्व व्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास करने वाले देशों के खतरों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण बनाने का प्रयास किया गया है।

सम्मेलन का एक प्रमुख केन्द्र बिंदु हिंद-प्रशांत क्षेत्र था जहां क्वाड का उद्देश्य एक स्वतंत्र, खुला व सुरक्षित समुद्री परिवेश सुनिश्चित करना है। यह क्षेत्र अनेक टकरावों का केन्द्र बन सकता है क्योंकि चीन का 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव'-बीआरआई क्षेत्रीय स्थायित्व को बड़ी चुनौती दे रहा है। इसका मुकाबला करने के लिए क्वाड के सदस्य देशों ने अनेक पहलों में सहयोग किया है। इसमें खासकर 'क्वाड एट सी' मिशन है जो जहाजों पर नजर रखेगा। इससे 2025 तक समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में बहुत सहायता मिलेगी। इसके साथ ही क्वाड समूह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ढांचागत परियोजनाओं में भारी निवेश की योजना बना रहा है जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनायें तथा उच्च गुणवत्ता वाली ढांचागत परियोजनायें शामिल हैं। क्वाड का अगला सम्मेलन 2025 में भारत में होगा।

उम्मीद की जाती है कि तब तक इस व्यवस्था की रूपरेखा पूरी तरह तैयार हो जाएगी। क्वाड के भारत में होने वाले अगले सम्मेलन में नए अमेरिकन राष्ट्रपति शामिल होंगे क्योंकि वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। क्वाड की इस पहल का उद्देश्य टिकाऊ विकास सुनिश्चित करना तथा क्वाड सदस्य देशों समेत सारी दुनिया की चीनी-नेतृत्व वाली पहलों पर निर्भरता कम करना है। क्वाड सम्मेलन में हुई महत्वपूर्ण चर्चा में स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग का भी विशेष महत्व है। क्वाड देशों के नेताओं ने 'क्वाड कैंसर मूनशाट इनीशियेटिव' से सर्वाइकल कैंसर का मुकाबला करने में सहयोग की नीव डाली है। इसका प्रस्ताव भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रखा था जो भारत की व्यापक वैक्सीन निर्माण क्षमताओं तथा इस दिशा में दुनिया की एक सबसे बड़ी अमेरिकन कंपनी के साथ सहयोग पर आधारित है।

भारत ने कोरानावायरस की वैक्सीन बहुत सस्ते दामों में बनाने तथा इसे दुनिया के अनेक देशों को सप्लाई कर सारी दुनिया में प्रशंसा प्राप्त की है। यह मानवतावादी दृष्टिकोण क्वाड समूह के सुरक्षा मजबूत करने के प्रयासों के साथ ही आया है। इससे क्वाड की क्षेत्रीय स्थिरता व समृद्धि के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। आधुनिक आतंकवाद की समस्या को संबोधित करने में इसकी फंडिंग पर लगाम लगाने के साथ ही साइबर खतरों से निपटने के क्वाड के दृष्टिकोण से स्पष्ट है कि वह उभरते सुरक्षा खतरों और चुनौतियों से निपटने में परिवर्तनकारी दृष्टिकोण अपनाने का प्रयास कर रहा है।

क्वाड देशों के बीच वर्तमान सहयोग केवल परंपरागत सुरक्षा उपायों तक सीमित नहीं है। इस समूह के देश पुलिसिंग, साइबर सुरक्षा और व्यापक सुरक्षा के लिए तकनीकी खोजों को बढ़ावा देने के मामले में भी सहयोग कर रहे हैं। ये प्रयास उन 'गैर-राज्य कारकों' को नियंत्रित करने के लिए जरूरी हैं जो स्मगलिंग, नशे के व्यापार तथा साइबर हमलों में शामिल हैं। सुरक्षा उपायों को मजबूत कर तथा खुफिया सूचनाओं का साझा बढ़ा कर क्वाड देशों को उम्मीद है कि वे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ज्यादा मजबूत व्यवस्था बनाने में सफल होंगे। क्वाड का प्रभाव मानवीय सहायता के रूप में भी दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहा है। उसने पापुआ न्यू गाइना को समर्थन देने का फैसला किया है जो अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है। क्वाड शिखर सम्मेलन ने सुरक्षा के प्रति आधुनिक दृष्टिकोण अपनाते हुए उन पुरानी पड़ चुकी रणनीतियों को अस्वीकार भी किया है जो अब वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में उपयुक्त नहीं रह गई हैं।

# राज्यपाल एवं राज्य सरकारों के बीच टकराव



चन्द्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधानसभा

**जब**-जब केंद्र एवं राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें रहती हैं तब-तब अक्सर राज्यपाल एवं राज्य सरकार के बीच टकराव के समाचार सुनने में आते रहते हैं। राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में राज्य में राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद धारित करते हैं। जब केंद्र एवं राज्यों में एक ही दल की सरकारें होती थीं तब ऐसा कोई टकराव नहीं होता था लेकिन वर्ष 1967 के बाद जब से राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें बनने लगीं तब से राज्यपाल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई और केंद्र सरकार राज्यपाल के माध्यम से राज्य सरकारों पर नियंत्रण का प्रयास करती रही हैं। इसी कारण अनुच्छेद 356 का उपयोग करते हुए कई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया गया लेकिन जब धारा 356 का उपयोग बहुत ज्यादा होने लगा तब इस प्रवृत्ति का विरोध होने लगा और राज्यपालों की भूमिका का निर्धारण करने के लिए सरकारिया आयोग का गठन वर्ष 1983 में किया गया और उसने अपना प्रतिवेदन वर्ष 1987 में प्रस्तुत किया। जिसमें राज्यपालों की भूमिका, कर्त्तव्य और दायित्व आदि के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित किये गए और सरकारिया आयोग की सिफारिशों के बाद ही राज्य सरकारों को बर्खास्त करने के मामले कम होने लगे। उत्तरप्रदेश में तो फरवरी 1998 में तत्कालीन राज्यपाल रोमेश भंडारी द्वारा उस समय के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को बर्खास्त कर दिया था और जगदंबिका पाल को मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया था तब सर्वोच्च न्यायालय ने दखल देते हुए दो दिन के भीतर विधानसभा में कैमरे की निगरानी में मत विभाजन का निर्देश दिया और कहा कि दोनों में से जो जीतेगा उसे मुख्यमंत्री माना जाएगा तब तक के लिए दोनों मुख्यमंत्री बने रहेंगे। अंततः कल्याण सिंह को अधिक वोट मिले और वे मुख्यमंत्री पद पर काबिज बने रहे।

हाल ही में तमिलनाडु, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक तथा दिल्ली में राज्यपालों और वहां की सरकारों के बीच लगातार टकराव की काफी खबरें आ रही हैं। जहां राज्यपाल, राज्य सरकार द्वारा पारित विधेयकों को अनुमति नहीं दे रहे हैं। इस कारण राज्य सरकारों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ रही है।

पंजाब के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने 23 नवंबर 2023 को अपने फैसले में कहा कि यदि राज्यपाल किसी विधेयक पर सहमति रोक रहे हैं तो उन्हें विधेयक को विधान सभा को वापस करना होगा और वे विधेयक को अनिश्चित काल के लिए अपने पास रोककर नहीं रख सकते। यहां तक कि पंजाब में और पश्चिम बंगाल में तो राज्य विधान सभा का सत्र आहूत करने में भी अवरोध की स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे संवैधानिक संकट की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

पश्चिम बंगाल में तो राज्यपाल और सरकार के बीच टकराव पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी भी की कि कई विषयों को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच सुलझाने की आवश्यकता है और उन्होंने यह सलाह भी दी कि राज्यपाल मुख्यमंत्री के साथ बैठकर उन चीजों को हल करें जिनमें कोई परेशानी है। पश्चिम बंगाल विधान सभा का सत्र तो बिना राज्यपाल की अनुमति के आहूत किया गया जबकि विधान सभा का सत्र संविधान के अनुच्छेद 174 के तहत राज्यपाल ही विधान सभा सत्र को आहूत करने का आदेश देते हैं।

विगत दिनों पश्चिम बंगाल में एक और संवैधानिक संकट खड़ा हुआ। उपचुनाव में निर्वाचित दो विधायकों को शपथ दिलाई जानी थी जिन्हें राज्यपाल ने राजभवन में शपथ दिलाने का निर्णय किया लेकिन उन सदस्यों ने राजभवन में शपथ लेने से इंकार कर दिया और विधान सभा में ही शपथ लेने पर अड़े रहे। संविधान के अनुच्छेद 188 में यह प्रावधान है कि राज्यपाल किसी व्यक्ति विशेष को शपथ दिलाने के लिए अधिकृत कर सकते हैं और उन्होंने विधान सभा उपाध्यक्ष को अधिकृत भी किया लेकिन विधान सभा उपाध्यक्ष ने विधान सभा अध्यक्ष के रहते शपथ दिलाने में असमर्थता व्यक्त की और विधान सभा अध्यक्ष ने 5 जुलाई, 2024 को विधान सभा में शपथ दिला दी। जिस पर राज्यपाल ने आपत्ति दर्ज करवाई और इस संबंध में राष्ट्रपति को रिपोर्ट भी प्रेषित की है।

हालांकि इस घटनाक्रम के संबंध में विधान सभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को हस्तक्षेप करने के लिए पत्र भी लिखा।

पश्चिम बंगाल में तो राज्यपाल एवं राज्य सरकार के बीच जंग जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। जहां राज्यपाल ने राज्य सरकार की मुख्यमंत्री के विरूद्ध मानहानि का वाद दायर किया, वहीं राज्यपाल ने राज्य सरकार की पुलिस का राज भवन में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया।

संविधान के अनुच्छेद 154 में यह प्रावधान है कि राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होगी और वह उसका प्रयोग संविधान के अनुरूप स्वयं या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा करेगा वहीं अनुच्छेद 163 के तहत उसे अपने स्वविवेक से भी कार्य करने का अधिकार प्राप्त है और इसी स्वविवेक का अधिकार और मुख्यमंत्री की सलाह पर कार्य करने के प्रावधान, ये दोनों ही इनके बीच टकराव का महत्वपूर्ण कारण हैं।

एक अन्य मामले में जब तमिलनाडु के एक मंत्री एम.आर. पोनमुडी को सजा होने पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाने के बावजूद राज्यपाल उन्हें मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं कर रहे थे तो माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 21 मार्च, 2024 को राज्यपाल के इस कृत्य पर उन्हें फटकार लगाई। तमिलनाडु में ही जब राज्य विधान सभा द्वारा वर्ष 2020 से 2023 के मध्य पारित विधेयकों को राज्यपाल की अनुमति के लिए भेजा और राज्यपाल ने दिनांक 13 नवंबर, 2023 को उसे पुनर्विचार के लिए विधान सभा को वापस किया और विधान सभा ने पुनः दिनांक 18 नवंबर, 2023 को उन विधेयकों को यथावत पारित कर राज्यपाल को अनुमति के लिए भेजा और राज्यपाल ने उन्हें अपने पास लंबित रखने का उल्लेख दिनांक 28 नवंबर, 2023 को किया और उन्हें राष्ट्रपति के पास भेज दिया तो राज्य सरकार ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की कि राज्यपाल को विधान सभा द्वारा पुनः पारित 10 विधेयकों को रोकने का कोई विवेकाधिकार नहीं है। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय ने 1 दिसंबर, 2023 को सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी भी की कि विधान सभा द्वारा पुनः पारित विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति के लिए आरक्षित नहीं रखा जा सकता।

चूँकि राज्यपाल का पद एक संवैधानिक पद है और राज्यपाल राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख भी होता है तो यह प्रयास होना चाहिए की विवादित मुद्दों पर आपस में विचारविमर्श कर लिया जाये ताकि विवाद की स्थिति न बने।

## आप की बात

### संरा. में सुधार जरूरी

**दुनिया** आज तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। रूस-यूक्रेन युद्ध जारी है, इजराइल-हमास युद्ध थमा नहीं और इसका विस्तार लेबेनान तक हो रहा है। दुनिया में चल रहे युद्धों तथा बढ़ते तनावों को दूर करने एवं अन्य वैश्विक सामजिक, राजनीतिक व मानवीय समस्याओं के समाधान व शान्ति के लिए गठित संयुक्त राष्ट्रसंघ कामयाब होता नजर नहीं आ रहा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण उसमें शामिल कतिपय प्रमुख शक्तिशाली राष्ट्रों का दबदबा व स्वार्थी दृष्टिकोण है। शक्तिशाली राष्ट्रों को अपना स्वार्थ छोड़कर विकासशील व गरीब राष्ट्रों के उत्थान में सहयोग देना चाहिए। दुनिया की अनेक समस्याओं के समाधान तथा खासकर युद्ध रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा खासकर सुरक्षा परिषद में सुधार और परिवर्तन की तत्काल आवश्कता है। सुरक्षा परिषद में भारत के साथ ही कई अफ्रीकी देशों को शामिल करने पर विचार होता रहता है, पर यह कार्यरूप में परिणत होते नहीं दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ का स्वरूप बढ़ाने के लिए नए व खोजी विचारों की आवश्यकता है ताकि दुनिया के वैज्ञानिकों, समाजशास्त्रियों, अर्थशास्त्रियों व निजी क्षेत्र के उद्यमियों के स्वरों को भी उसमें समुचित स्थान मिले तथा वह केवल कुछ शक्तिशाली राजनेताओं का अखाड़ा बन कर ही न रह जाए।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### मोदी का रिटायरमेंट

**प्रधानमंत्री मोदी** के रिटायरमेंट पर विपक्षी नेता सवाल उठाते रहते हैं क्योंकि अगले साल 17 सितंबर को वे 75 साल के हो जाएंगे। इसके जवाब में अमित शाह ने कहा कि बीजेपी के संविधान में रिटायरमेंट की उम्र का कोई जिक्र नहीं है। रूस और चीन के राष्ट्रपति भी दीर्घजीवी हैं और संभवत: आजन्म अपने पद पर बने रहेंगे। वह अपना काम बहुत अच्छे से संभाल रहे हैं। इसका कारण इन देशों की राजनीतिक व्यवस्था है। भारत में जनता हर पांच साल पर मतदान करती है और वह किसी भी नेता और उसकी पार्टी को सत्ता से बाहर कर सकती है। देश-दुनिया में मोदी की छवि और कामकाज अधिकांश लोगों को पसंद है। इसे देखते हुए उनको निश्चित रूप से अपना कार्यकाल पूरा करना चाहिए। मोदी को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं है। ऐसे में उनके रिटायरमेंट की बात उठाना विपक्ष का एक सोचा समझा दांव है । भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता कई बार कह चुके हैं कि मोदी न केवल अपना वर्तमान कार्यकाल पूरा करेंगे, बल्कि वह 2029 में भी भाजपा के प्रधानमंत्री उम्मीदवार होंगे। मोदी के रिटायरमेंट की बात करने से विपक्ष को कोई लाभ नहीं होगा क्योंकि वर्तमान समय में राजनेताओं में उनका कद सबसे बड़ा है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### छात्र राजनीति का रूप

**दिल्ली विश्वविद्यालय** में छात्र संघ चुनाव के दौरान परिसर में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का निंदनीय मामला सामने आया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सख्त कार्यवाही करते हुए सफाई होने तक वोटों की गिनती पर उचित ही रोक लगाई है। अदालत का मानना है कि डूसू चुनाव प्रचार के दौरान जितनी भी सार्वजनिक संपत्ति को पोस्टरों, रंग रोगन आदि से नुकसान हुआ है, उसे साफ करने का खर्च चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से वसूला जाए। छात्र राजनीति के कारण अनेक छात्रों के अध्ययन में बाधा पहुंची है। चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने पोस्टर, पेंटिंग एवं नारेबाजी से चुनाव भले ही रोमांचक बना दिया हो, पर चुनाव में जातिवाद की चर्चा विधानसभा चुनावों की तरह रही है। विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति के रूप पर हमेशा विवाद होता रहा है। इस संबंध में सालों पहले गठित लिंगदोह कमेटी ने एक विस्तृत रिपोर्ट दी थी। लेकिन विडंबना है कि इस समिति की रिपोर्ट लागू नहीं की गई। छात्रों को देश-दुनिया की समस्याओं पर विचार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, पर उनका मुख्य उद्देश्य अपने साथी छात्रों को अधिकाधिक कुशल बना कर जीवन में संघर्षों हेतु तैयार करना होना चाहिए।

**युगल किशोर शर्मा**, फरीदाबाद

### प्रशंसनीय निर्णय

**दिल्ली हाईकोर्ट** ने छात्रसंघ चुनाव की मतगणना पर रोक लगाते हुए कहा कि जब तक चुनाव के दौरान फैलाई गई गंदगी पूरी तरह साफ नहीं हो जाती, नतीजे घोषित नहीं होंगे। दिल्ली हाईकोर्ट का यह अनुकरणीय और स्वागत योग्य कदम है। पहले स्कूल-कॉलेज के चुनाव में बैनर, पोस्टर और प्रचार की जरूरत ही नहीं पड़ती थी और बिना कुछ खर्च किए चुनाव हो जाते थे। उसके बाद मैरिट अंकों के आधार पर छात्रसंघ के पदाधिकारी चुन लिए जाते थे ताकि छात्रों में द्वेष नहीं फैले और वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। मगर आज कॉलेजों के चुनावों का पूरी तरह राजनीतिकरण हो चुका है। भले ही चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा खर्च की जाने वाली राशि 5,000 रुपये तय की गई है, मगर अब छात्रसंघ चुनावों मैं लाखों रुपए खर्च होने लगे हैं। ऐसे में कोर्ट को गंदगी साफ करने का खर्च छात्रसंघ उम्मीदवारों से वसूल करने के साथ चुनाव में उनके द्वारा किए खर्च पर भी नजर रखनी चाहिए। इस संबंध में समुचित दिशानिर्देशों की जरूरत है।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पितृभोज में खाने गए 84 से अधिक ग्रामीण उल्टी दस्त से पीड़ित

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के गुंडरदेही विधानसभा अंतर्गत देवरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुंदरी के आश्रित गांव खामभाट में पितृ भोज खाने गए 84 से अधिक ग्रामीण उल्टी दस्त के शिकार हो गए हैं।। जिसमें 22 बच्चे भी शामिल हैं। 2 माँ-बेटे की हालत गंभीर है, जिन्हें राजनांदगांव के मेडिकल कालेज रेफर किया गया हैं। इनमे 12 ग्रामीणों को बुखार भी है। गांव के ही प्राथमिक शाला में अस्थाई मेडिकल कैंप लगाकर मरीजो का इलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को खामभाट गांव निवासी चैनसिंह मलिआर्य के यहां पितृ भोज का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमे गांव के ग्रामीण समेत उनके रिश्तेदार भी शामिल हुए थे। जहां पितृभोज के ठीक दूसरे दिन ग्रामीणों को उल्टी दस्त होने से तबियत बिगड़ने लगी। देखते ही देखते 3 दिन में बच्चों, महिला समेत अन्य ग्रामीण 84 मामले सामने आए है। बताया जा रहा है कि जिनके यहां पितृभोज का कार्यक्रम था, उनके खेत मे लगे बोर में कुछ दिनों पहले पाइप डाला गया था, तो अनुमान लगाया जा रहा है कि उसी बोर का पानी पीने से ग्रामीण बीमार पड़े है, तो वही कुछ लोग बीमार पड़ने का कारण दूषित भोजन बता रहे है। हालांकि ये स्पष्ट नही हो पाया है, की ग्रामीणों के बीमार पड़ने का कारण क्या है? वही सोमवार को सीएमएचओ डॉ. महेश सूर्यवंशी भी गांव पहुचे, और अस्थाई कैम्प का जायजा लिया। इस दौरान डौंडीलोहारा बीएमओ सहित डॉक्टर, नर्स मौजूद रहे।




### मरीजों को उचित इलाज़ देने के निर्देश

मामले की जानकारी मिलते ही सोमवार को मौके पर क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद पहुचे। उन्होंने मरीजो से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली, वही पर्याप्त मात्रा में दवाइयों को रखने और पीड़ित मरीजो का बेहतर इलाज करने के सख्त निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। वही स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्था देख विधायक कुंवर सिंह निषाद ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को फटकार लगाई। दरअसल मरीजो को नीचे जमीन पर सुलाकर इलाज़ किया जा रहा था। नीचे जमीन में हरा मैट बिछाकर मरीजो को सुलाकर ड्रिप लगाए जाने से विधायक कुंवर सिंह निषाद ने मौके पर सीएमएचओ को मरीजो को उचित इलाज देने की बात कही। बोर के पास पहुचकर भी विधायक ने जायजा लिया, और पानी के जांच के अधिकारियों को निर्देशित किया। वही जांच तक बोर के पानी को नही पीने की समझाइश दी।

> सभी मरीजो की स्तिथि सामान्य है, दवाईयां भी पर्याप्त मात्रा में है, तत्कालीन व्यवस्था के लिए स्कूल में ही शिविर लगाया गया है, मरीजो को उपचार पर बाद पिनकापार स्वास्थ्य केंद्र भेजा जा रहा है।
>
> -डॉ. महेश सूर्यवंशी, सीएमएचओ

# कृषि महाविद्यालय में छात्राओं ने किया सफाई और पौधेरोपण

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया बेमेतरा के बालिका छात्रावास की छात्राओं ने 29 सितंबर 2024 को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली। इस अभियान में छात्राओं ने न केवल बालिका छात्रावास परिसर की सफाई की बल्कि कृषि महाविद्यालय परिसर में भी सफाई अभियान चलाया। इसके साथ ही महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण को बढ़ाया देने के लिये छात्राओं ने फ्लावर प्लांट का पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के प्रमुख अधिष्ठाता डॉ. संदीप भण्डारकर सर ने किया और एन.एस.एस. प्रमुख एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम की सफलता में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। महाविद्यालय में हर कार्यक्रम की सफलता के लिये यह टीम निरंतर सहयोग प्रदान करती है। इस पहल ने न केवल महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता को बढ़ावा दिया बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जागरुपता के प्रति भी सकारात्मक संदेश दिया है।

## आप अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर होगा विविध आयोजन

**बेमेतरा।** 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बेमेतरा जिला मुख्यालय में एक विशेष जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसका आयोजन जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण बरखा कासू ने बताया कि इस कार्यक्रम में कलेक्टर सहित मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों को विशेष सम्मानित किया जाएगा, जो समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। इस आयोजन का उद्देश्य वृद्धजनों के प्रति समाज में सम्मान और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। वृद्धजन दिवस के

# तृतीय समुदाय द्वारा निकाली गई प्राइड मार्च जीवन रेखा फाउन्डेशन हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जीवन रेखा फाउंडेशन बेमेतरा के द्वारा रायपुर छत्तीसगढ़ के क्वीर गढ़ एवं मितवा समिति के द्वारा छत्तीसगढ़ एलजीबीटी+प्राइड का आयोजन किया गया। जहां पर बेमेतरा जिले के जीवन रेखा फाउंडेशन के द्वारा कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर सभी को लैंगिक समानता के आधार पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सभी को लैंगिक समानता के आधार पर भेदभाव को समाप्त करने एवं सभी को समान अधिकार उपलब्ध कराने हेतु जन जागृति अभियान का आयोजन किया गया। जहां पर जीवन रेखा फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक विकास मेश्राम, भुनेश्वर गेंदले, मंजूषा शर्मा, डोमेश वर्मा एवं कार्यालय के सभी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे जहां पर सभी के द्वारा सभी एलजीबीटीक्यू, समुदाय के लोगो को एचआईवी के रोकथाम हेतु एच आई वी फैलने के 4 कारण और बचाव के बारे मे सभी को बताया साथ ही कंडोम प्रयोग करने की सलाह दी गई एवं सभी को सभी लिंग के सभी लिंग के व्यक्तियों के प्रति समान अधिकार हेतु एवं सम्मान करने और समाज मे बराबरी का अधिकार देने को कहा गया।

# अश्लील गाली, जान से मारने के साथ मुक्का, लाठी टंगिया, ईंट से मारपीट करने पर चार आरोपित गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अश्लील गाली देने जान से मारने की धमकी के साथ लाठी मुक्का टांगिया इट से मारपीट करने के आरोप में चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया इस संबंध में पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 09.07.2024 को प्रार्थी गजेन्द्र सिंह ऊर्फ राजू परिहार उम्र 52 साल साकिन नवागांवकला थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09.07.2024 को कब्जा में घर बनाये हो कहकर हत्या करने की नियत से शत्रुहन साहू एवं अन्य आरोपियों द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गुप्तार करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ, मुक्का, लाठी, टंगिया से मारपीट कर चोट पहुंचाने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 296, 351(3), 115(2), 324(4), 191(2), 190, 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 09.07.2024 को प्रार्थी रामकिशोर साहू उम्र 38 साल साकिन नवागांवकला थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09.07.2024 को कलेक्ट्रेट में हमारे विरूद्ध आवेदन दिये हो कहकर हत्या करने की नीयत से राजू सिंह एवं अन्य आरोपियों द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ, मुक्का, लाठी, ईंट से मारपीट कर चोट पहुंचाने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 296, 351(3), 115(2), 191(2), 190, 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, उप पुलिस अधीक्षक कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खम्हरिया उप निरीक्षक राजकुमार साहू एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। उक्त दोनों प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी शिवा यादव पिता विष्णु यादव उम्र 22 साल , शत्रुहन साहू पिता प्रेमलाल साहू उम्र 52 साल, धर्मेन्द्र सिंह परिहार पिता रामकुमार सिंह परिहार उम्र 40 साल एवं निखिल वर्मा पिता मन्नुलाल वर्मा उम्र 19 साल सभी साकिनान नवागांवकला थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 28.09.2024 को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, सउनि भगवान दास गंधर्व, आरक्षक गौकरण मंडावी, मुकेश चंद्रवंशी, बलदेव निषाद, लोकेश्वर साहू, दीपक ठाकुर एवं अन्य स्टाफका अहम भूमिका रही।

# एक युद्ध नशे के विरूद्ध एवं बाल संरक्षण अंतर्गत किया गया कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला ब्लॉक के शा. नवीन महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला के समस्त विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय पोषण माह, एक युद्ध नशे के विरूद्ध, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन शक्ति आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दिया गया जिसमें व्योम श्रीवास्तव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी के द्वारा बाल संरक्षण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया जिसमे बाल संरक्षण विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया की बाल संरक्षण का तात्पर्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण करना है साथ ही बच्चों को इसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी साझा किया गया, बच्चों को शोषण और दुर्व्यवहार से बचाना, बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य की सुरक्षा करना, बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना। इसके अलावा बाल संरक्षण के महत्त्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालते हुए, बाल शोषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी की रोकथाम, बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण की स्थापना पर जानकारी देते हुए बाल संरक्षण के लिए कानूनी अधिनियमों पर संक्षेप में जानकारी दिया गया।

## जिला कौशल विकास प्राधिकरण की सदस्य बनी मंजू वर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत खोपली की सरपंच मंजू फतेलाल वर्मा को जिला कौशल विकास प्राधिकरण का सदस्य बनाया गया है। यह नियुक्ति दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की अनुशंसा पर उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने की है। इस नियुक्ति पर मंजू वर्मा ने बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उतई मंडल का आभार जताया। वर्मा को संतोष साहू, सुभम वर्मा, देवेंद्र भारती, रामकांत चंद्राकर, जगन्नाथ यादव, किसून चंद्राकर, दुष्यंत सपहा,रमेश साहू, घनश्याम चंद्राकर,राजू लाल साहू, अरुण चंद्राकर, थनेश साहू, पवन चंद्राकर, तोप सिंह कोसरीया, अखिलेश चंद्राकर, सागर वर्मा, जितेन्द्र चंद्राकर, संतोष कौशिक, नंदकुमार सेन, मोहन पटेल, दिनेश देशलहरे, पुरण देशलहरे, भागचंद देशलहरे, लक्ष्मी बंजारे, बाबूलाल सपहा, बिन्दा सपहा, मंशा भारती, टुमन चंद्राकर, करन देशमुख, दीपक साहू, दीपक सेन, भूपेंद्र साहू, चंदन ढहरिया, दीपक वर्मा, गौतम निर्मलकर, प्रमोद काकड़े, चंदन डहरिया, उर्वशी देशलहरे, हर्षा देशलहरे, डिकेश वर्मा, योगेश साहू ने बधाई दी है।

# 5 प्रकरण में 1,500 रूपये समन शुल्क, माईनर एक्ट के तहत 2 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 28 सितंबर को बेमेतरा यातायात पुलिस 05 चालान में 05 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 05 प्रकरण में कुल 1,500/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना परपोडी 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफ धारा 126,135(3) बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

## मुख्य अतिथि सुशीला रामकुमार भट्ट अध्यक्ष जिला पंचायत एवं जिले प्रतिनिधियों के विशिष्ट आतिथ्य में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 समापन कार्यक्रम संपन्न

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का समापन कार्यक्रम का सफल आयोजन

- पोषण माह के अच्छे अभ्यासों को आंगनबाड़ी केन्द्र की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल करना जरूरी है : गोपाल वर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का समापन कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला रामकुमार भट्ट एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी को सुपोषित भारत सुपोषित छत्तीसगढ़ का संदेश दिया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले के सभी बाल विकास सेवा परियोजना से राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत विभिन्न व्यंजनों, टीचिंग लर्निंग मटेरियल एवं इस दौरान किये गये विभिन्न गतिविधिओं का स्टॉल लगाकर मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों से बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओ को पोषण टोकरी का वितरण कराया गया। जिले के सभी बाल विकास सेवा परियोजनो से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा टीचिंग लर्निंग मटेरियल की प्रदर्शनी लगाई गई थी जो विशेष आकर्षण का केन्द्र बना रहा। प्रदर्शनी में टीएलएम सामग्री का निर्माण घरों में से प्राप्त अनुपयोगी सामग्रियों के द्वारा तैयार किया गया, जो की भव्य एवं बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए अत्यन्त ही उपयोगी थे। यह बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक मानसिक विकास को दिशा देने अनुपयोगी अथवा कम लागत से बने यह सामग्री सृजनात्मकता को बढ़ावा देने वाले हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्राओं एवं किशोरियों के लिए एनीमिया कैंप लगाया एवं स्वास्थ्य जांच शिविर कैम्प लगाया गया था। जिसमें छात्राओं किशोरियों और महिलाओं ने अपनी जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम में अतिथि जनप्रतिनिधि एवं जिला कलेक्टर नेविभिन्न पोषक व्यंजनों, टीचिंग लर्निंग मटेरियल एवं इस दौरान किये गये विभिन्न गतिविधिओं का लगे स्टॉलएवं प्रदर्शनी का भ्रमण कर आवलोकन किया। पोषक व्यंजन प्रर्दषनी में प्रथम स्थान बाल विकास सेवा परियोजना कूकदूर द्वितीय स्थान बाल विकास सेवा परियोजना कवर्धा एवं तृतीय स्थान बाल विकास सेवा परियोजना कुण्डा एवं टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रर्दशनी में प्रथम स्थान बाल विकास सेवा परियोजना सहसपुर लोहारा, द्वितीय स्थान बाल विकास सेवा परियोजना पण्डरिया एवं तृतीय स्थान बाल विकास सेवा परियोजना दशरंगपुर पोषक व्यंजनों, टीचिंग लर्निंग मटेरियल एवं इस दौरान किये गये विभिन्न गतिविधिओं का लगे स्टॉलएवं प्रर्दशनी में बाल विकास सेवा परियोजना बोड़ला ने सद्भावना पुरूस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशीला रामकुमार भट्ट अध्यक्ष जिला पंचायत रामकुमार भट्टसदस्य जिला पंचायत इंद्राणी, दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा, मनहरण कौशिक अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् कवर्धा, उमंग पाण्डेय सभापति नगर पालिका परिषद् कवर्धा, जसविंदर बग्गा, सुनिल दोशी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, पन्ना चंद्रवंषी कार्यालय प्रभारी जिला भाजपा कबीरधाम, पवन जायसवाल पार्षद, सनत साहू महामंत्री आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा कबीरधाम भागवत सेन वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताएवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने प्रदान कर सभी को संबोधित कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान बाल विकास सेवा परियोजना कुकदूर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ की पारम्परिक वेष-भूषा में सूवा नृत्य का प्रर्दशन किया। जिससे उत्साहित होकर अतिथियों ने विशेष रूप से पुरूस्कृत किया। उल्लेखनीय है महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-कबीरधाम द्वारा कुपोषण के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। पोषण अभियान में व्यवहार परिवर्तन एवं संप्रेषण को एक प्रमुख घटक रखा गया है। समुदाय तक पहुंच बढ़ाने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जन आंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी पोषण अभियान अंतर्गत सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है।

# पुलिस ने केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड में चलाया चलित थाना, नागरिकों को किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर रायगढ़ सिटी कोतवाली ने कल केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड में चलित थाना का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को कानून व्यवस्था, सुरक्षा, और ऑनलाइन अपराधों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर नगर कोतवाल सुखनंदन पटेल ने पुलिस की जनसुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आम जनता की समस्याओं को सुना।

## सोशल पुलिसिंग पर दी जानकारी

नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और पुलिस के साथ मिलकर अपराध नियंत्रण में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। 'ऑनलाइन ठगी से सुरक्षा' नागरिकों को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों से बचने के उपाय बताए गए। निरीक्षक सुखनंदन पटेल ने बताया कि कैसे सतर्क रहकर ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। अपराध नियंत्रण के संबंध में अपराधों की रोकथाम और बदमाशों के खिलाफ उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, नागरिकों से अपील की गई कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान उन्होने वार्ड पार्षद और वार्ड के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में रहवासियों की की समस्याओं को मौके पर ही सुना गया और त्वरित समाधान किया गया। नगर कोतवाल ने पुलिस द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली सेवाओं का विवरण दिया, जिनमें महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों का पालन, और अन्य सुरक्षा उपाय शामिल थे। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद लता लक्ष्मी साहू और उनकी टीम ने पूरी सक्रियता से सहयोग किया, जिससे आयोजन सफल रहा। उपस्थित लोगों ने पुलिस और पार्षद के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुर में विश्व रेबीज दिवस मनाया गया

**मुंगेली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुर में विश्व रेबीज दिवस मनाया गया, हर साल 28 सितंबर को दुनियाभर में रेबीज दिवस मनाया जाता है। इस दिन रेबीज को लेकर जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। डॉ मनीष बंजारा ने बताया की रेबीज एक घातक वायरस है, जो संक्रमित कुत्तों या जानवरों की लार में



मौजूद होता है इसके अलावा मनुष्य को रेबीज तब भी हो सकता है जब किसी संक्रमित जानवर की लार सीधे किसी व्यक्ति की त्वचा के संपर्क में आती है। कुत्तों के काटने के अलावा बिल्ली, बीयर, गाय, बकरी, चमगादड़, रकून, लोमड़ी, बंदर और कोयोट में भी रेबीज पाया जाता है, लेकिन ज्यादातर मामलों में संक्रमित कुत्तों के काटने या खरोंच से रेबीज होता है। रेबीज से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने पालतू जानवरों को टीका लगवाएं और आवारा कुत्तों से थोड़ी दूरी बनाए रखें। यदि कुत्ते काट लिया या खरोच लिया तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए, अगर किसी व्यक्ति में एक बार रेबीज के लक्षण दिखने लगते हैं तो ज्यादातर मामलों में ये मौत का कारण बन सकता है। इस अवसर पर उर्मिला सिन्हा, किशोर, दिवाकर, त्रिवेणी, सुधा, जलेस्वरी उपस्थित रहे।.

# विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

## ओबीसी समाज के लोगों के द्वारा मशाल रैली निकली गयी

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



ओबीसी महासभा जिला इकाई मुंगेली के तत्वाधान कलेक्ट्रेट परिसर में छः ग़ मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री के नाम अपने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया । इस के दौरान ओबीसी महासभा पदाधिकारीओ व ओबीसी समाज के लोगों के द्वारा मशाल रैली निकली गयी । संविधान में सामाजिक तथा शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदायो को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के रूप में 3 वर्ग बनाये गए है। जनगणना में इन तीनों वर्गों की दशाओं के आकड़े एकत्रित किए जाने चाहिए। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनगणना तो होती है किन्तु राष्ट्रीय जनगणना फार्मेट में अन्य पिछड़ा वर्ग का पृथक से कोड नम्बर नहीं होने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना नहीं होती है। संविधान के अनुच्छेद 340 के परिपालन में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए गठित आयोगों (काका कालेलकर आयोग, मंडल आयोग व मध्यप्रदेश रामजी महाजन आयोग) द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना कराये जाने बाबत् अनुशंसाएँ की गई है। तद्नुसार इस हेतु संसद में बनी सहमति के आधार पर जनगणना 2011 में पृथक से अन्य पिछड़ा वर्ग के ऑकड़े एकत्र करने के प्रयास किए गए किन्तु ऑकड़े जारी नहीं किए गए। ओबीसी महासभा आपसे सविनय प्रार्थना करती है कि लंबित राष्ट्रीय जनगणना 2021 के जनगणना फार्मेट के कॉलम 13 में ओबीसी के लिए पृथक से कोड नं. 3 और सामान्य के लिए कोड नं. 4 शामिल कर जनगणना अविलंब की जाये एवं जनगणना उपरांत आँकड़े प्रकाशित किया जाये। जिससे ओबीसी समाज भारत देश के नागरिक (मतदाता) होने के नाते जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी प्राप्त कर सके।इस दौरान मुंगेली जिला अध्यक्ष लोकेंद्र साहू,सचिव डोमप्रकाश कश्यप, गजेंन्द्र जायसवाल, अजय जायसवाल, मनोज कश्यप,अनिल जायसवाल, गणेश यादव, अजय जायसवाल, कुंदन यादव, लोकेश यादव, मुकेश यादव, स्वारथ जायसवाल बड़ी संख्या में ओबीसी समाज के लोग उपस्थित रहे!

# केबीसी कार्यक्रम के लिए अग्रवाल समाज ने कलेक्टर एवं जिले की एडिशनल एसपी को दिया निमंत्रण





पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

अग्रवाल सभा शक्ति के मार्गदर्शन में श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति द्वारा 1 अक्टूबर 2024 दिन-मंगलवार की रात्रि 7:00 से श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 पखवाड़े के अंतर्गत शुभम ग्रीन्स में कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम जूनियर अमिताभ बच्चन की उपस्थिति में आयोजित किया गया है, तथा इस कार्यक्रम के लिए अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो एवं शक्ति जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल को 30 सितंबर को उनके कार्यालय में जाकर निमंत्रण दिया, साथ ही भगवान अग्रसेन जी की जयंती समारोह की भी जानकारी देते हुए अग्रसेन जी की फोटो भी उन्हें भेंट की, तथा इस दौरान कलेक्टर अमृत विकास टोपनो एवं एडिशनल एसपी रमा पटेल ने भी अग्रवाल समाज के जयंती महोत्सव के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए केबीसी कार्यक्रम में यथासंभव पहुंचने का भी आश्वासन दिया, इस दौरान अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, सचिव कन्हैया गोयल, अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू, सचिव मनीष कथूरिया एवं कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# काला साया का भय बताकर पूजा पाठ के नाम पर 70000 हजार रूपये एवं सोना, चांदी ठगने वाले दो आरोपीयों को थाना जरहागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



काला साया का भय बताकर पूजा पाठ के नाम पर 70000 हजार रूपये एवं सोना, चांदी ठगने वाले दो आरोपीयों को थाना जरहागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 सितंबर को प्रार्थी वीर कुमार साहू निवासी रौनाकापा थाना जरहागांव मे रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 28 सितंबर को दोपहर करीब 02.00 बजे दो अज्ञात व्यक्ति साधु के वेश में प्रार्थी के घर पर आकर प्रार्थी के घर पर काला साया का असर है पूजा करके दूर करेंगे बोलकर प्रार्थी की पत्नी पुष्पा साहू से काला साया का भय बताकर पूजा के नाम पर बेईमानी पूर्वक सोने की एक फुल्ली, एक जोड़ी चांदी का पायल एवं 70,000 रूपये नगदी को धोखा देकर लेकर चले गये हैं,, मामले कि गंभीरता को देखते हुए थाना जरहागांव में अपराध बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराया गया। उच्चधिकारियो के कुशल दिशा निर्देशन में आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाकर मोबाईल लोकेशन के आधार पर आरोपियों के हुलिया से मिलता हुआ दो व्यक्ति को मुंगेली लालपुर रोड से पकड़कर हिरासत में लेकर पुछताछ की गई दोनो ने 28.09.2024 को ग्राम रौनाकापा में प्राथी के घर जाकर पूजा करना अपराध स्वीकार किये है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना जरहागांव प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष शर्मा, सउनि सैय्यद अफरोज अली, सउनि महोदव खुंटे, सउनि मनक राम ध्रुव, आर 71 बालकृष्ण मरकाम, आर 165 विजय कुमार साहू एवं सायबर विशेष टीम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षिका संगीता प्रसाद को महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षक रत्न अवार्ड से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



सतनाम के फुहारा लोक कला साहित्य सृजन अकादमी जैजैपुर जिला सक्ती द्वारा सद्भावना भवन जैजैपुर के सभागार में राज्य अलंकरण सम्मान समारोह 2024 का आयोजन कर 21 अलग अलग विधाओ से उत्कृष्ट व्यक्तित्व का सम्मान किया गया. सम्मान समारोह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े व जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू उपस्थित रहे. राज्य अलंकरण सम्मान समारोह 2024 की कड़ी में जैजैपुर निवासी इंजी.संतोष प्रसाद की धर्मपत्नी संगीता प्रसाद (शिक्षिका) को महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षक रत्न अवार्ड, प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया. उक्त राज्य अलंकरण सम्मान समारोह 2024 के प्रमुख आयोजक एवं प्रांताध्यक्ष (सतनाम के फुहारा लोक कला साहित्य सृजन अकादमी) डॉ.हरगोविंद कोशले एवं सुशीला सिन्हा (समाज सेविका) का प्रमुख योगदान रहा. कार्यक्रम में मुख्य रूप से पद्मश्री सम्मानित राधेश्याम बारले, डॉ.मंगत रविन्द ,(वरिष्ठ साहित्यकार), डॉ. क्षमा पाटले (अंतराष्ट्रीय साहित्यकार) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सेवा एवं रचनात्मक कार्यों की मिशाल बनी रोटरी क्लब आफ़मिड टाउन

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

रोटरी बिलासपुर और मानव सेवा रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर मिड टाऊन, बिलासपुर रोटरी इंटरनेशनल से संबद्ध संस्था है, यह सामाजिक सरोकार के कार्यों को अंजाम देती है, रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर मिड टाऊन बिलासपुर की स्थापना फरवरी 1994 की गई थी, इस संस्था को स्थपित हुए 31 बर्ष पूर्ण हो चुके हैं, मिड टाऊन बिलासपुर शहर के सभी वर्गों के लिए समाजिक कार्यों को में अपने योगदान देने हेतु हर समय तत्पर रहती है जैसे क्लब का प्रॉजेक्ट नयन है, इसके तहत हम दूर गांव में पढ़ने वाले हर वर्ग के स्कूली बच्चों के आंखो का निशुल्क परिक्षण करवाते है, आवश्यकतानुसार बच्चो को निशुल्क चस्मा प्रदान करते है,जरुरत मंद बच्चो को निशुल्क जूते चप्पल स्कूल बैग के साथ ही स्कालर शिप प्रदान किए जाते है। एजुकेशनल हेल्प, हैप्पी स्कूल प्रॉजेक्ट, मैडिकल अवेयरनेस कैम्प,, कंसर अवॉयरनेस कैम्प इत्यादि। क्लब के द्वारा 05 ऑक्सीजन कंसर्ट्रेटर जनहित हित के निशुल्क प्रदान किए जाते हैं, तथा 27 खोली गुरुद्वारा में डेड बॉडी फ्रीजर जनसेवा के लिए प्रदान किया गया है। बर्ष 2017में रोटरी इंटरनेशनल के ग्लोबल ग्रांट के तहत डॉ रजनीश जुनेजा कार्डियक सर्जरी प्रॉजेक्ट करीब 55 लाख रूपये के सहयोग बच्चियों, महिलाओं और पुरषों का निशुल्क हृदय के वाल्व आपरेशन करवाया गया लगभग 56 आप्रेशन करवाएं गए इस प्रॉजेक्ट में हमारे इंटरनेशनल पार्टनर रोटरी क्लब ऑफ लेकबुएना विस्ता आरलांडो, USA एवम जन स्वास्थ्य सहयोग कोटा भी था। इस प्रॉजेक्ट के तहत शहर के प्रमुख समाचार पत्रों की प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की गई थी, प्रमुख समाचारों पत्रों के अंक में इस प्रॉजेक्ट की सराहना की गई थीं इससे प्रेरित होकर मिड टाऊन ने कैंसर मोबाईल वैन का ग्लोबल ग्रांट प्रॉजेक्ट के लिए तैयारी आरम्भ की थी प्रोजैक्ट का नाम CANCER DITECTION ON WHEEL रखा गया है।

# ऑपरेशन मुस्कान में कोतवाली पुलिस की सफलता नाबालिक बालिका की दस्तयाबी और आरोपी की गिरफ्तारी

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com




कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत थानाक्षेत्र से गुम हुई एक और नाबालिक बालिका की दस्तयाबी में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने वाले युवक को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

बालिका के पिता ने 23 अगस्त को थाना कोतवाली में बालिका के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बालिका 22 अगस्त के सुबह घर से मोहल्ले के दुकान चिप्स लेने के लिए निकली थी और फिर घर ना कर कहीं चली गई थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपराध धारा बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना दरमियान बालिका के शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा में होने की सूचना पर बालिका को दस्तयाब किया गया। बालिका ने बताया कि चार महीना पहले हेमचरण जांगड़े से मोबाइल पर बातचीत होता था, दोनों इंस्टाग्राम में चैटिंग करते थे। 21 अगस्त को हेमचरण जांगड़े अपने साथ चंद्रपुर घूमाने ले गया था। इस बात से घर वाले नाराज हुए और डांटे। तब हेमचरण को बताई, हेमचरण उसे शादी का प्रलोभन देकर 22 अगस्त को ट्रेन में बिठाकर जम्मू ले गया। जहां किराया मकान रखकर हेमचरण शारीरिक संबंध स्थापित किया। बालिका के कथन, मेडिकल रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा बीएनएस, 6 पोक्सो एक्ट विस्तारित किया गया। पुलिस ने आरोपी हेमचरण जांगड़े उर्फ सोनू पिता ज्योति लाल जांगड़े उम्र 20 साल निवासी ग्राम हिर्री पोस्ट गोडम थाना कोतवाली जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# सक्ति में अग्रवाल समाज के वरिष्ठ जनों का हुआ सम्मान समारोह





पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर में अग्रवाल समाज के चल रहे श्री अग्रसेन जयंती पखवाड़े के अंतर्गत श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति 2024 द्वारा आयोजित अग्रवाल समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह कार्यक्रम की प्रभारी मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा द्वारा किया गया, इस अवसर पर हटरी धर्मशाला में संध्या समय आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ हुआ, तत्पश्चात मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा द्वारा आगंतुक अग्रवाल समाज के 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से ऊपर के उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों का मारवाड़ी समाज की पारंपरिक टोपी, श्री अग्रसेन माला,रोली तिलक लगाकर,शाल एवं स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मान किया गया। इस अवसर पर जहां मंच पर वरिष्ठ जनों को ससम्मान आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया, तो वहीं इस सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ जन भी भाव विभोर हुए एवं उन्होंने आयोजन समिति को भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बहुत-बहुत आशीर्वाद प्रदान किया, साथ ही पूरे कार्यक्रम में लगभग 40 वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया तो वहीं इस कार्यक्रम के अवसर पर 60 वर्ष से ऊपर के भी अग्रवाल समाज के वरिष्ठ जैन मौजूद थे, जिनके बीच लूडो प्रतियोगिता, हौजी प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का भी आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया एवं आगंतुक सभी वरिष्ठ जनों के सम्मान में श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति एवं मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा द्वारा स्वल्पाहार एवं गरमा गरम चाय का भी सुंदर आयोजन किया गया तथा शाम 4:00 बजे प्रारंभ हुआ यह सम्मान समारोह रात्रि 7:00 बजे तक चलता रहा, जिसमें बुजुर्ग जनों ने भी ग्रुप में बैठकर पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया, साथ ही आपस में शहर के समाज के बुजुर्गों के बीच संवाद भी होता रहा इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, सचिव कन्हैया गोयल, कार्यक्रम के संयोजक मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल साइ कंप्यूटर, संरक्षक हरिओम अग्रवाल,अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू, सचिव मनीष कथूरिया,कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल,अग्रवाल सभा शक्ति के पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल शांति पैलेस, गजेंद्र गज्जू डालमिया।

## जल्द से जल्द हो रामलीला मैदान का जीर्णोद्धार-रामचन्द्र

# प्रशासनिक उदासीनता के चलते हो रहा बर्बाद, कैसे होगा खेल व रामायण का मंचन

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के वरिष्ठ खिलाड़ी रामचन्द्र शर्मा ने चक्रधर समारोह के पश्चात रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार के लिए निगम प्रशासन से अपील की है। रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि रायगढ़ शहर का हृदय स्थल रामलीला मैदान में रामायण महोत्सव की शुरूआत 1960 के दशक में रामायण के मंचन करने से हुई थी, जिसके कारण इसका नाम रामलीला मैदान पड़ा। लेकिन पिछले कुछ दशकों में रामलीला मैदान राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों और रैलियों का पर्याय बन गया है शहर की कुछ जागरूक युवा और सामाजिक कार्यकर्ता इस मैदान के जीर्णोद्धार के लिए लंबे समय से आवाज उठाते आ रहे हैं मगर उनकी आवाज राजनीति की गलियों में कहीं दब सी जाती है लेकिन जब भी चुनाव आता है तो नेताओं के जुबान पर रामलीला मैदान संरक्षण की बात हर किसी के जुबान पर होता है मगर चुनाव बीतने के बाद वहीं स्थिति हो जाती है। मगर ऐसा कब तक चलेगा कभी ना कभी तो कोई आवाज उठेगा और इन खोखले दावों की धज्जियां ताश के बिखरे पत्तियां की तरह उड़ जाएंगे बस शर्त यह है कि शहर के नव युवा और जागरूक सामाजिक कार्यकर्ता तथा रामलीला मैदान के प्रति अपनी सद्भावना रखने वाले लोग और रायगढ़ के खिलाड़ी खोखले वादे करने वाले राजनेताओं के बातों में न फंसे। रायगढ़ के रामलीला मैदान की ख्याति केवल रायगढ़ नहीं प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यमान है। मगर रायगढ़ का यह ऐतिहासिक धरोहर आज अपने ही क्षेत्र के राजनेता और प्रशासनिक अधिकारियों की उपेक्षा का दंश झेल रहा है। इस मैदान में 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले 58 वा रामायण के मंचन करने वाले कलाकारों के साथ-साथ स्वयं रामलीला मैदान भी खूनी के आंसू रो रहा है। खिलाडियों की ओर से रामचन्द्र शर्मा ने आवाज उठाते हुए यह भी बताया कि आज जो भी नामचीन नेता, उद्योगपति, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, धन्नासेठ, खिलाड़ी आदि ऊंचाईयों पर बैठें हैं वे बचपन में रामलीला मैदान में अपने खेल का जोहर दिखा चुके हैं। कई तो आज तक उस नाम की शोहरत का लाभ उठा रहे हैं। इनमें से कई रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार के लिए आवाज उठाते रहे हैं अब फिर समय आ गया है कि शहर में घटते हुए मैदान की संख्या को बचाने के लिए एकजुट हो जाएं। इन सब बातों को लेकर रामचन्द्र शर्मा ने प्रशासन को ताकिद करते हुए अपील की है कि जल्द से जल्द रामलीला मैदान का जीर्णोद्धार किया जाए। वर्ना खिलाडियों को सामने आने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# दुष्कर्म की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिक बालिका के अपहरण और दुष्कर्म मामले में अपराध पंजीबद्ध के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

बालिका के पिता ने कल 28 सितंबर को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लडकी को ग्राम चुनचुना के करण



पाव ने बहला-फुसलाकर अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर भाग ले गया और करण ने लडकी के साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया रिपोर्ट पर बीएनएस 6 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

# स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित



पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बलौदा विकासखंड के महुदा ग्राम के विद्या निकेतन शिशु मंदिर के युवाओं और संघर्ष युवती मंडल के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जो की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उसके तहत स्वच्छता अभियान कराया गया इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य है नागरिकों में सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगो को उसके माध्यम से हो रहे हमारे पर्यावरण के नुकसान के बारे में बताना इसी कड़ी में कार्यक्रम में सबसे पहले स्वच्छता की शपथ सभी युवा साथियों को दिलाई गई।उसके पश्चात युवा स्वयंसेवकों को टोपी, मेरा युवा भारत डायरी और पेन प्रदान की गई। उसके पश्चात सभी युवा साथियों द्वारा पाठशाला के पास जल स्थल की साफ -सफाई की गई। कार्यक्रम का मुख्य रूप से संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक बिजेन्द्र साहू द्वारा किया गया एवं दीपिका जयसवाल, सुमित बरेठ, अकाश महंत, हेमंत यादव व राकेशवर बरेठ सहयोगी रहे।

# महाकाल की मर्यादा दांव पर न लगे... कुलबीर ने कहा- प्रक्रिया का पालन नहीं किया, धार्मिक भावनाएं आहत हुई तो जिम्मेदारी कौन लेगा

## निगम की सामान्य सभा देर शाम तक जारी, दो पार्षद आपस में भिड़े, दो ने सदन छोड़ा, सभाकक्ष के बाहर पूरे दिन धरने पर बैठा कांग्रेसी पार्षद

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

11 विषयों को लेकर निगम की सामान्य सभा की बैठक देर रात तक जारी रही। सदन की कार्रवाई के दौरान दूसरे सत्र में कांग्रेस-भाजपा के पार्षदों के बीच हाथापाई की नौबत आई। इस घटना के अलावा पूरा दिन सदन की कार्रवाई एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप के बीच चलती रही। कांग्रेस के कुछ पार्षदों ने अपनी ही महापौर और अधिकारियों को घेर लिया। भाजपा ने सदन में लाए गए विषयों पर चर्चा के दौरान मूलभूत कार्यों और शहर के विकास को नज़र अंदाज किए जाने के आरोप लगाया। दूसरी ओर कांग्रेस ने बचाव करते हुए सामाजिक मांगों पर गौर करने की बात कही।




शहर के विभिन्न मार्गों और चौराहों के नामकरण के विषय सदन में लाए गए। इस दौरान विषय चार में शामिल महाकाल चौक को लेकर वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा के व्यक्तव्य ने सभी का ध्यान अपनी ओर खिंचा। इस मामले में उन्होंने सीधे महापौर और निगम प्रशासन के खिलाफ सवाल खड़े कर दिए। देर शाम उन्होंने सदन में अपनी बात रखी तो महाकाल चौक के नामकरण और स्थापना को लेकर उन्होंने महाभारत के पुत्र मोह का उदाहरण दिया। आखिर में वे चर्चा के बीच में ही सदन छोड़कर चले गए।

कुलबीर ने सदन में कहा कि, मानव मंदिर चौक का महाकाल चौक के नामकरण का कभी विरोध नहीं हो सकता। लेकिन इसकी प्रक्रिया और दूसरे पहलुओं पर ध्यान देने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि, इस चौक के नामकरण के लिए एक ऐसी संस्था ने आवेदन दिया जिसका न कोई अध्यक्ष है और न ही कोई और पदाधिकारी। मांग के लिए जो पत्र निगम को सौंपा गया उसमें सिवाए दस्तखत के किसी के नाम तक का उल्लेख नहीं है।

उन्होंने कहा कि, इस एक मांग पत्र पर जो कि प्रक्रिया के तहत अधूरा है पर महापौर ने एमआईसी में यह विषय लाया। मैं उस वार्ड का पार्षद हूं बावजूद इस संदर्भ में मुझसे कोई चर्चा तक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि, यह धार्मिक भावनाओं से जुड़ा विषय है। सार्वजनिक चौराहे को महाकाल के नाम से जोड़ा जाना एक बड़ी जिम्मेदारी है। यहां गंदगी और किसी दूसरे प्रकर से धार्मिक भावनाएं आहत होने पर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा यह बड़ा सवाल है। इस विषय पर चर्चा के दौरान नाराज पार्षद ने सदन छोड़ दिया।

### सदन में भाजपा-कांग्रेस पार्षद के बीच हाथापाई



निगम के पंचवर्षीय कार्यकाल की आखिरी सामान्य सभा की बैठक पार्षदों का अखाड़ा बन गई। बैठक के दूसरे सत्र में कांग्रेसी पार्षद गणेश पवार और भाजपा पार्षद शरद सिन्हा के बीच सदन में ही हाथापाई की स्थिति निर्मित हो गई। आंखे तरेरते हुए दोनों ने एक दूसरे के साथ धक्का-मुक्की की। सभापति के सामने ही दोनों ने एक-दूसरे को देख-लेने और बाहर मिलने तक की धमकी दे डाली। कांग्रेसी -भाजपाई पार्षद बीच-बचाव करने की कोशिश करते रहे। काफी देर तक ये हंगामा चलता रहा। सदन के दूसरे सत्र में करीब 4 बजे भाजपा-कांग्रेस के पार्षद आपस में भिड़ गए। बैठक के चौथे विषय में चर्चा के दौरान गणेश सदन में भाजपा पार्षद मधु बैद के पास पहुंचे। वे उनसे कुछ चर्चा कर ही रहे थे कि भाजपा पार्षद शरद सिन्हा ने गणेश पर कोई टिप्पणी कर दी। इस टोका-टाकी को लेकर विवाद लगातार बढ़ता गया। देखते ही देखते दोनों सभापति के सामने आ गए और इसी दौरान दोनों में हाथापाई होने लगी। इस दौरान दोनों ही ने अमर्यादित शब्दों का भी इस्तेमाल किया। निगम के इस पंचवर्षीय कार्यकाल में ये दूसरी दफा है कि सदन की गरिमा तार-तार हुई है। इससे पहले कांग्रेसी पार्षद संतोष पिल्ले और भाजपा पार्षद गगन आईच के बीच हुई झड़प भी काफी चर्चाओं में रही थी।

### धरने पर बैठे कांग्रेसी पार्षद की महापौर को दो टूक




बैठक के पहले सत्र में ही कांग्रेसी पार्षद ऋषि शास्त्र अपने वार्ड से जुड़ी मूलभूत समस्याओं को सदन में रख रहे थे। उन्होंने निगम अधिकारियों को घेरते हुए कहा कि वे पिछले पांच सालों में वार्ड में पट्टा, सड़क और बारिश के जलभराव जैसे मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। सदन में संतुष्टि दायक जवाब न मिलने पर ऋषि करीब एक बजे सदन से निकल कर सभाकक्ष के बाहर जमीन पर ही धरने में बैठ गए। जब महापौर उन्हें मनाने पहुंची तो ऋषि ने निगम अधिकारियों की मोनोपोली और महापौर की न सुनें जाने की बात कहकर इंकार कर दिया। देर शाम तक जारी कार्रवाई के बीच ऋषि का प्रदर्शन जारी है। वे अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं।

# सड़क निर्माण में ठेकेदार ने लगाये 45 लाख रूपए के डामर के फर्जी बिल

- ईओडब्ल्यू जबलपुर ने दर्ज की एफआईआर
- मामला मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सिवनी का

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश ग्रामीण विकास प्राधिकरण सिवनी पीआईयू 1 अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में डामर के फर्जी बिल लगाने पर देवानंद जैन स्कूल रोड 50 वर्धमान नगर रोड राजनांदगांव निवासी सड़क निर्माण ठेकेदार संजय सिंघी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार प्लाट नंबर 7 शिरके ले आउट राजनगर कटोल रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी बलजिंदर सिंह नैय्यर द्वारा ठेकेदार संजय सिंघी के विरूद्ध सड़क निर्माण कार्य में व्यापक मात्रा में डामर के फर्जी बिल लगाकर शासन से भुगतान प्राप्त कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने की शिकायत दर्ज कराई गयी थी। प्राप्त शिकायत की जांच करने पर पता चला कि सड़क निर्माण ठेकेदार संजय सिंघी द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सिवनी में इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी कुल 45 लाख 89 हजार 331 रूपए के फर्जी इनवाईस लगाये गये थे, जो इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी नहीं किए गए थे। पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू जबलपुर आरडी भारद्वाज ने बताया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों में जबलपुर संभाग के अनेक जिलों में विभिन्न सड़क निर्माण ठेकेदारों द्वारा फर्जी डामर के बिल लगाकर करोड़ों रूपए का भुगतान शासन से प्राप्त किया गया है, जिसकी शिकायत ईओडब्ल्यू जबलपुर को प्राप्त हुई है और जांच लगातार जारी है। इस कार्य में जो भी अधिकारी और सड़क ठेकेदार शामिल है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# जिला विकास संघर्ष समिति ने किया जिला मुख्यालय मोहला बंद का ऐलान

पायनियर संवाददाता < मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com



मोहला-मानपुर जिला विकास संघर्ष समिति ने 1 अक्टूबर मोहला जिला मुख्यालय बंद का ऐलान किया है। मोहला कस्बे से दूर ग्राम माडिंगपिडिंग धेनु में कलेक्ट्रेट भवन निर्माण के प्रस्ताव के विरोध में ये प्रदर्शन किया जाएगा। माडिंगपिडिंग धेनु में कलेक्ट्रेट भवन निर्माण प्रस्ताव के विरुद्ध दावाङ्आपत्ति दर्ज कराने का भी दौर जारी है। जिला विकास संघर्ष समिति अध्यक्ष व सदस्यों समेत अन्य ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय मोहला में आपत्ति भी दर्ज कराई है। इस दौरान मोहला में जुटकर मोहला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न ग्रामों के ग्रामीण जुटकर संयुक्त जिला कार्यालय यानी कलेक्ट्रेट भवन स्थापना को लेकर प्रदर्शन भी करेंगे। दरअसल मोहलाङ्मानपुर जिले में कलेक्ट्रेट भवन निर्माण हेतु स्थानीय प्रशासन द्वारा मोहला कस्बे से तकरीबन तीन किलोमीटर दूर गोटाटोला मार्ग में स्थित माडिंगपिडिंग धेनु गांव स्थित 7 एकड़ जमीन खसरा 377, 378 को प्रस्तावित किया है। इसके लिए तहसील कार्यालय मोहला द्वारा हाल ही में दावा आपत्ति आमंत्रित करते हुए इश्तिहार का प्रकाशन कराया गया है। हालांकि एमएमएसी जिला विकास संघर्ष समिति के बैनर तले क्षेत्रवासी पूर्व में भी माडिंगपिडिंग धेनु गांव में कलेक्ट्रेट भवन स्थापना को लेकर शासन-प्रशासन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराते आए हैं। अब प्रशासन की ओर से माडिंगपिडिंग धेनु गांव में कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन निर्माण के प्रस्ताव भेजे जाने के संबंध में प्रशासनिक इश्तिहार सामने आने के बाद उक्त संबंध में क्षेत्रवासियों का विरोध फिर से फूट पड़ा है। लिहाजा जिला विकास संघर्ष समिति के बैनर तले क्षेत्रवासियों ने कल 1 अक्टूबर को मोहला जिला मुख्यालय (मोहला कस्बे) में व्यापारङ्व्यवसाय बंद कर विरोध प्रदर्शन करने तथा उक्त संबंध में बैठक करने का निर्णय लिया है। कल बंद व बैठक को लेकर स्ष्ट जिला विकास संघर्ष समिति द्वारा स्थानीय पुलिस थाने में लिखित सूचना भी दे दी है। दूसरी ओर तहसील कार्यालय मोहला द्वारा द्वारा माडिंग-पिडिंग धेनु गांव में संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण के प्रस्ताव को को लेकर आमंत्रित किए गए दावा आपत्ति व इस बाबत अखबारों में प्रकाशित इश्तहार के फलस्वरूप क्षेत्रवासियों द्वारा उक्त संबंध में मोहला तहसील कार्यालय पहुंचकर लिखित आपत्ति दर्ज कराने का शिलशिला भी शुरू हो गया है। 30 सितंबर को स्ष्ट जिला विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजीत ठाकुर समेत समिति के सदस्यों सहित अन्य क्षेत्रवासी ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय मोहला में पहुंचकर माडिंगपिडिंग धेनु गांव में संयुक्त जिला कार्यालय(कलेक्ट्रेट) भवन निर्माण के प्रस्ताव को लेकर आपत्ति दर्ज कराया है।

# पूर्वी सीएम के बयान पर बोले खूबचंद, जिसके बारे में जानकारी नहीं उस पर बोलना उचित नहीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ को बंधवा मजदूर कहने पर पलटवार करते भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने भूपेश बघेल को नसीहत दी कि जिस विषय पर उन्हें जानकारी नहीं है, उस पर उन्हें बोलना ही नहीं चाहिए। पारख ने कहा कि आज पूरे विश्व का सबसे बड़ा सेवा का संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, देश की सेवा के लिए अपने आप में पर्यायवाची कहलाता है। संघ की स्पष्ट सोच है कि जो देश हित में बात करेगा, उसी के अनुकूल संघ व्यवहार करेगा। आजादी के बाद देश के अंदर लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने के लिए संघ की लाखों शाखाएं देशभर में संचालित है। जिसके माध्यम से संघ के स्वयंसेवक मातृभूमि की सेवा करने हेतु अनवरत अथक परिश्रम करते हैं। वह अपने अहम का त्याग कर, अपने नाम का त्याग कर, सिर्फ मातृभूमि की सेवा के लिए अपने जीवन को न्योछावर कर देते हैं। संघ के पूर्णकालिक प्रचारक अपने जीवन की हरी भरी बगिया को छोडक़र देशभर में भ्रमण करते हैं और देश के खिलाफ षडयंत्र करने वालों की खोज खबर में लगे रहते हैं। साथ ही समाज हित में सामाजिक समरसता बनाने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। संघ व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है। शाखाओं में अनुशासन, अनुबद्धता एवं संयमित जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। साथ ही देश के प्रति समर्पण की भावना भी संघ के स्वयंसेवक सीखते हैं। पारख ने कहा कि भूपेश बघेल को कांग्रेस के जवाहरलाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी से सीख लेनी चाहिए और इतिहास पढऩा चाहिए कि किस तरह से उन्होंने संघ के स्वयंसेवकों का देश के परमार्थ सहयोग लिया था। इसके प्रमाणिक उदाहरण उन्हें इतिहास पढऩे से मिल जाएंगे कि संघ देश के लिए जीता है और मारता है, ऐसे देशभक्ति स्वयंसेवकों को बंधवा मजदूर की संज्ञा देने पर भूपेश बघेल को माफी मांगनी चाहिए।

# चिचदो स्कूल में उल्लास आदर्श साक्षरता केंद्र का शुभारंभ

- उल्लास साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आदर्श केंद्र स्थापित

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




ब्लॉक के ग्राम चिचदो के प्राथमिक शाला से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श साक्षरता केंद्र का शुभारंभ किया गया। ब्लाक स्तरीय उल्लास कार्यक्रम केंद्र के शुभारंभ मौके पर जिला परियोजना अधिकारी रश्मि सिंह सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में एपीसी मनोज मरकाम व ब्लॉक के उल्लास नोडल बतौर एबीईओ क्षितिज सोरी उपस्थित थे।

इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी सिंह ने बताया कि केंद्र प्रवर्तित यह योजना 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए प्रारंभ की गई है, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई लिखाई नहीं की है, उन्हें स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा स्वयंसेवी भावना से पठन पाठन कराया जाएगा ताकि वह अंक ज्ञान, अक्षर ज्ञान प्राप्त कर सके तथा जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना कर निरंतर प्रगति और उन्नति को प्राप्त कर सके। वहीं सहायक परियोजना समन्वयक मनोज मरकाम ने शिक्षार्थियों से आग्रह किया कि वे नियमित पठन पाठन का लाभ उठाएं एवं अपने परिवार में शिक्षा का माहौल निर्मित करें। उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों को इस कार्य से जुड़ने के लिये शुभकामनाएं दी है। शाला समिति अध्यक्ष गणेश्वरी साहू व ग्राम का सिंगार करने हेतु सोनी के द्वारा टीम बनाई गई है। टीम द्वारा ग्राम लगभग 300 पौधों का रोपण किया गया है। उल्लास कार्यक्रम को लेकर सोनी द्वारा निर्मित गीत के माध्यम से असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 50 असाक्षर व 10 स्वयम सेवी शिक्षक ग्राम प्रभारी सहित ग्रामीणजन व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### भाजपा का अत्याचार, कांग्रेस से न्याय यात्रा की बहार : शाहिद भाई



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की अगुवाई में राज्य की भाजपा सरकार के अन्याय अत्याचार और बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जो पदयात्रा प्रारंभ की गई है। यात्रा को व्यापक जन समर्थन मिलने का दावा करते हुए प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई ने कहा कि 9 माह में छग की भाजपा सरकार की निष्क्रियता के चलते जिला कार्यालय जलने जैसी घटनाएं और पुलिस की बर्बरता उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि, रेत माफिया, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं पीएम आवास स्वीकृति होते ही सीमेंट की दरों में बढ़ोतरी, महतारी वंदन के नाम पर धोखा जैसे ज्वलंत शील मुद्दों के कारण भाजपा राज्य में अलोकप्रिय होने के साथ अन्याय अत्याचार कि प्रतीक बन चुकी है। जनता को राहत देने और भाजपाई अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का आगाज किया गया है।

## तुलसीपुर में हत्या की वारदात के चार आरोपी धरे गए, सभी के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज

# बदमाशों को कहां से मिल रहे हथियार... 13 दिन पहले आरोपी से पुलिस ने हथियार बरामद किए, उसी ने चाकू से घोंपकर की हत्या

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



तुलसीपुर में हुई हत्या की वारदात के चार आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक स्प्रींगदार धारदार हथियार बरामद किया है। गौरतलब है कि इस मामले के मुख्य आरोपी हर्षू ने ही चाकूबाजी की। 16 सितंबर को ही पुलिस ने उसके पास से दो बड़े चाकू बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

साफ है कि, शहर में अपराधियों के लिए अलग-अलग तरह के चाकू हासिल करना बेहद आसान हो चुका है। पुलिस हर दफा आरोपियों के पास ऐसे हथियार जब्त तो कर लेती है लेकिन जहां से उन्हें ये हथियार हासिल हो रहे हैं उस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है। नतीजतन, शहर के हर हिस्से में ऐसे बदमाश मौजूद हैं जो चाकू की नोकपर लोगों को न सिर्फ डरा-धमका रहे हैं बल्कि हत्या जैसी वारदात को अंजाम देने से भी नहीं चूक रहे हैं।

मुख्य आरोपी हर्षित सिंह उर्फ हर्षु (24), पलाश मेश्राम (21), करण टाकरी (22) और अरमान खान (19) को 24 घंटे के भीतर पुलिस ने अलग अलग जगहों से पकड़ा है। एएसपी राहुल देव ने बताया कि, घटना के तुरंत बाद हर्षू और पलाश को पेंड्री से खेतों के रास्ते भागते वक्त दबोचा गया था। जबकि करण और अरमान को चिखली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

**ठेले पर हुए विवाद के बाद वारदात** – उन्होंने बताया कि, इस मामले में मृतक ईश्वर उर्फ बहादुर बंसोड़ (40) के खिलाफ भी पूर्व में अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपियों और मृतक के बीच आपसी रंजिश थी। रविवार की दोपहर करीब 2.30 बजे तुलसीपुर में बंद हो चुके मोतीपुर रेलवे फाटक के पास पान ठेले में इनका आमना सामना हुआ तो विवाद फिर बढ़ गया। इस बीच हर्षू ने उसे डराने के लिए कमर के निचले हिस्से में चाकू मार दिया और फरार हो गए। पुलिस को घटना की सूचना मिली तो बल मौके पर पहुंचा और घायल अवस्था में बहादुर को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### चारों कई और मामलों में आरोपी

पुलिस के मुताबिक चारों आरोपियों के खिलाफ कई अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं जिनमें हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामले शामिल हैं। मुख्य आरोपी हर्षू भी कुछ ही दिनों पहले आर्म्स एक्ट के ही केस में जमानत पर बाहर आया है। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ पूर्व में 12 प्रकरण दर्ज हैं। पलाके के खिलाफ 2, करण के खिलाफ 8 और अरमान के खिलाफ एक आपराधिक प्रकरण पहले से ही चल रहा है।

### कहां से आ रहे हथियार

शहर में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाएं चिंताजनक है। इन हालात को देखते हुए सवाल यही खड़ा होता है कि आखिर अपराधियों के पास ये हथियार इतनी आसानी से कहां से और कैसे पहुंच रहे हैं। अक्सर कुछ मामलों के बाद ये किसी बड़े मौके से पहले पुलिस ऐसे बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाती है और कार्रवाई भी होती है। लेकिन हथियार तक उनकी पहुंच खत्म करने या फिर इसे रोकने किसी तरह की कार्रवाई नहीं होती।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 9 अक्टूबर को

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र राजनांदगांव में 9 अक्टूबर 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा एसआर सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव 35 पद एवं एग्रीकल्चर ऑफिसर 5 पद केवल पुरूष, भारत फाईनेंनशियल इन्क्लूशन लिमिटेड सेक्टर 01 अवंती विहार रायपुर द्वारा लोन ऑफिसर 100 पद एवं अस्स्टिेंट ब्रांच मैनेजर 10 पद, सोनाटा फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर 50 पद, आदित्य बिरला सन लाईफ इंश्यूरेंस कंपनी राजनांदगांव द्वारा फाईनेंनशियल एडवाईजर 30 पद, एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट प्रायवेट लिमिटेड बलौदाबाजार-भांठापारा द्वारा इलेक्ट्रीकल 2 पद, फिटर, मैकेनिक 2 पद, मैकनिकल 2 पद केवल पुरूष के लिए भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

# पायनियर खबर का तत्काल असर...शहरों की बदहाल सड़क पर डाला गया मुरूम, डामर के लिए एक माह इंतजार करें

## बारिश हुई तो फिर से उसी हाल में आ जाएंगी सड़कें, उचित व्यवस्था करने की दरकार






रायपुर, सोमवार 30 सितम्बर 2024
www.dailypioneer.com
पायनियर
छत्तीसगढ़
11

जशपुर मुख्यालय की सड़कें बदहाल, खतरे की बनी रहती है संभावना

बीजेपी कार्यालय, देवी मंदिर, बालाजी मंदिर और बिरसामुंडा चौक में गड्ढे ही गड्ढे, दो-दो फीट गहरे गड्ढे में चलना हुआ मुश्किल

बीजेपी कार्यालय के पास गड्ढा

देवी काली मंदिर के पास बड़ा गड्ढा

बालाजी मंदिर के पास भी गड्ढा

बिरसामुंडा चौक में भी बड़े गड्ढे

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय की बदहाल सड़कों पर खबर प्रकाशन होते ही नगर पालिका प्रशासन ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन टीम बनाकर शहर में रवाना किया और गड्ढों को भरने के लिए उसमें मुरूम और गिट्टी का मिक्सचर डाला गया। इस संबंध में नगर पालिका सीएम ओ योगेश्वर उपाध्याय से बातचीत होने पर उन्होंने बताया कि डामर प्लांट सभी वर्तमान में बारिश की वजह से बंद हैं इसलिए डामर मिक्स मटेरियल नहीं मंगाया जा सका। फौरन राहत के लिए मुरूम और गिट्टी डालकर उसे धुरमुस कराया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सीमेंट, गिट्टी और बालू का मिक्सचर डालने से वह टिकाऊ नहीं होता वाहन चलते ही गड्ढे से बाहर आ जाने की संभावना होती है इसलिए यह नहीं कराया गया।

### मरम्मत से मिलेगी राहत

नवरात्र शुरू होते ही लोगों का आवागमन देवी मंदिर की ओर होने लगेगा। यहां की सड़कों में कई गड्ढे मौजूद हैं जहां नगर पालिका प्रशासन की ओर मरम्मत का कार्य कराने से कुछ राहत जरूर मिलेगी। अचानक दो फीट के गड्ढे में वाहन के चक्के के घुसने से लोगों को परेशानी होती थी। स्थाई समाधान नहीं मिलने तक लोगों को फिलहाल कुछ राहत जरूर मिलेगी।

शहर की सड़कों में टायरिंग के लिए जल्द टेंडर निकाला जाएगा। एक महीने बाद स्थाई समाधान निकाल लिया जाएगा।
**-योगेश्वर उपाध्याय, सीएमओ नपा जशपुर**

# बगीचा महाविद्यालय के एनएसएस स्वयं सेवकों ने निकाली कार रैली, मयाली नेचर कैंप में की सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय संत रमेशश्वर गहिरा गुरू महाविद्यालय बगीचा के एनएसएस स्वयं सेवकों एवम स्टाफ द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कार रैली निकाली गई महाविद्यालय के NEP समन्वयक प्रवीण मिंज के मार्ग दर्शन एवम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा सर के नेतृत्व में रैली बगीचा से जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेचर पार्क पहुंची । स्वयं सेवकों ने अति उत्साह एवम जोश के साथ श्रमदान किया।इस स्वच्छता अभियान में कुनकुरी महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ धुर्वे सर की उपस्थिति ने भी स्वयं सेवकों में उत्साह बढ़ाने का कार्य किया। डॉ ध्रुवे ने कहा एनएसएस एक परिवार है और इससे हमे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।इस अभियान में बगीचा कन्या शाला के रसायन शास्त्र के शिक्षक अफजल ईमाम भी आमंत्रित थे जिन्होंने मयाली डैम के जल के ऊपर अपना रिसर्च पेपर प्रकासित किया है। उन्होंने भी स्वयं सेवकों को जल एवम जलवायु परिवर्तन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। मायाली स्वच्छता अभियान बेहद सफल रहा इस स्वच्छता मिशन में महाविद्यालय स्टाफ के जगजीवन राम पंडित सुंदरलाल शर्मा के समन्वयक संजय पांडे महाविद्यालय बगीचा की लाइब्रेरियन गीतांजलि शर्मा एवं मिसेज मिंज की उपस्थिति सराहनीय है।

## जिला अस्पताल जशपुर में 24 मरीजों का मोतियाबिंद का हुआ सफल आपरेशन



**जशपुरनगर।** मोतियाबिंद एक आंख की बीमारी है जिसमें आंख के लैंस में धुंधलापन आ जाता है, जिससे दृष्टि कमजोर होती है। यह आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ होता है, लेकिन अन्य कारणों में आनुवंशिकी, चोट, या कुछ बीमारियां भी शामिल हो सकती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में रविवार को जिला चिकित्सालय जशपुर में 24 मरीजों का मोतियाबिंद का सफ्ल आपरेशन किया गया। जिला अस्पताल के डाक्टरों की टीम और नेत्र विशेषज्ञ डॉ . मधुरिमा ने मोतियाबिंद का सफ्ल आपरेशन किया।

# श्री पार्श्वनाथ जिनालय में पार्श्व भैरव महापूजन का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





प्रातः 08:30 बजे श्री पार्श्वनाथ जिनालय में श्री नाकोड़ा भैरव महापूजन रखा गया था। पूजा के विधिकारक के रूप में अमित मेहता आकोदिया से पधारे हुए है। पूजा के लाभार्थी नेमीचंद अमरचंद चोपड़ा परिवार है। युवासंत परम पूज्य विशुद्ध सागर जी महाराज साहेब ने बताया कि नाकोड़ा भैरव जी जैन दर्शन के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ परमात्मा के प्रसिद्ध तीर्थ श्री नाकोड़ा जी तीर्थ मेवानगर राजस्थान के अधिष्ठायक देव है। जो जन जन की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु यहां आकर परमात्मा पार्श्वनाथ एवं नाकोड़ा भैरव जी का दर्शन पूजन करते है। परमात्मा पार्श्वनाथ भगवान के 108 नाम तथा 108 तीर्थ है। इस धमतरी शहर में भी श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान मूलनायक परमात्मा के रूप में श्री पार्श्वनाथ जिनालय में विराजमान है। यह जिनालय 100 वर्ष से अधिक प्राचीन है। अर्थात यह जिनालय भी तीर्थ स्वरूप बन गया है। ऐसे पार्श्वनाथ परमात्मा पुरुषादानी कभी कहलाते है। क्योंकि परमात्मा ने 500 से अधिक कल्याणकों में भाग लिया था। आप 240तीर्थंकरों में सबसे अधिक पुण्यशाली भी कहे जाए हैं। विधिकारक अमित मेहता ने बताया कि जैन दर्शन के अनुसार संघ के कल्याण के लिए कष्ट निवारण, व्यापार वृद्धि, सुख शांति के लिए भैरव जी की विशेष महिमा है। तीर्थों के रक्षार्थ और आचार्य भगवंत की साधना में ये विशेष सहायक होते है। इसीलिए समय समय पर विशेष जागृति के लिए धर्म प्राप्ति के लिए अधिष्ठायक देवों को याद किया जाता है। इसी क्रम में आज इस धर्म की नगरी धमतरी शहर के श्री पार्श्वनाथ जिनालय में पार्श्व भैरव महापूजन का आयोजन किया गया है। पूजा में विजय गोलछा, कुंकरण गोलछा, पारसमल गोलछा, नेमीचंद चोपड़ा, नवरतनमल गोलछा, निर्मल चोपड़ा, महेंद्र गोलछा, कुशल चोपड़ा, प्रतीक बैद, सुरेश बच्छावत, लक्की संकलेचा, निर्मला चोपड़ा, राजकुमारी पारख, सुशीला बैद, सायरबाई गोलछा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# स्थायी न्याय यात्री के रुप में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पूरा किया न्याय यात्रा के चौथे दिन का सफर





पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में स्थायी न्याय यात्री के रुप में अपने चौथे दिन का सफर तय किया। चौथे दिन ये न्याय यात्रा खरतोरा से शुरू हुई। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से कांग्रेस पार्टी द्वारा राज्य में लोगों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करना है, जहां हत्या, लूट, चाकूबाजी, महिलाओं के खिलाफ अपराध और डकैती की घटनाएं लगातार हो रही हैं। लोग डर के साये में जी रहे हैं यह यात्रा राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन है। श्री देवांगन ने आगे कहा कि यात्रा के दौरान हम अमर गुफा बलौदाबाजार में सतनामी समाज द्वारा पूजे जाने वाले पवित्र प्रतीक जैतखाम की तोड़फोड़ के विरोध में गिरफ्तार किए गए निर्दोष लोगों की रिहाई और कबीरधाम जिले में पुलिस यातना के कारण न्यायिक हिरासत में प्रशांत साहू की मौत के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने समेत अन्य मांगें उठा रहे हैं और प्रदेश की आम जनता से रूबरू होकर विष्णुदेव साय के कुशासन से लोगों को अवगत करा रहे हैं।

इस यात्रा में राजा देवांगन के साथ पारस मनी साहू, नोमेश सिन्हा, तेजप्रताप साहू, सुदीप सिन्हा, लक्ष्मीनारायण ध्रुव एलक्की ध्रुव, राकेश नेताम ,जय प्रकाश, नेकू प्रते, त्रिभुवन मंडावी, कृष्णा लहरे, अन्नू कुर्रे, विनय गायकवाड, यतीन्द्र समेत कई कार्यकर्ता स्थायी यात्री के रुप में चल रहे हैं।

# सांकेतिक भाषा दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय बधिर सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया। अधीक्षक, शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय उमा देवांगन ने बताया कि यह दिन बधिर समुदाय की भाषा और सांस्कृतिक विरासत को बढावा देने और सुरक्षित रखने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर संस्था में अध्ययनरत श्रवण बाधित बालिकाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि गतिविधियां आयोजित की गई। इसके साथ ही अधीक्षका ने अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा के महत्व के बारे में प्रकाश डाला।

## मोहंदी में 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाला मेगा इवेंट कार्यक्रम स्थगित

**धमतरी।** प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के शुभारंभ अवसर पर आगामी 02 अक्टूबर को मेगा इवेंट कार्यक्रम आयोजित होना था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि मगरलोड के ग्राम मोहंदी में आयोजित होने वाला मेगा इवेंट कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

# प्रभु श्री राम की आराधना से मानव जीवन धन्य व सफल होता है : कविता योगेश बाबर

- तुमराबहार में रामधुनीप्रतियोगिता के अवसर पर कविता योगेश बाबर शामिल हुई

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





ग्राम तुमराबहार में समस्त ग्राम वासीयो के तत्वाधान में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत वन समिति सभापति कविता योगेश बाबर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। अतिथि स्वागत सत्कार उपरांत उद्बोधन में बाबर ने उपस्थित धर्मप्रेमी बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम चंद्र जी भगवान का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने जीवन में सभी जीवों की के प्रति सेवा एवं दया का भाव प्रदर्शित किया एवं मर्यादा पूर्वक जीवन जीते हुए ही मानव समाज को शांति एवं सद्भाव का संदेश दिया। मनुष्य तन प्राप्त होने पर जीवन ऐसा जीना चाहिए की सदा परमार्थ एवं सेवा के रास्ते पर चलते हुए सभी जीवों के लिए कल्याण का कार्य करना चाहिए अच्छाई को हमेशा धारण करके बुराई को जड़ से नष्ट करना ही मनुष्य जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। कार्यक्रम के इस अवसर पर सरपंच धन बाई कुर्रे उपसरपंच परमात्मा अरुण कुमार उईके, भोज राम ध्रुव, बीरबल राम, संत राम नेताम, दीपक ध्रुव आयोजन समिति के समस्त सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण वासी उपस्थित रहे।

# विष्णु देव सरकार में सभी काम हो रहे सांय सांय : रामू रोहरा

## भाजपा विकास के पर्याय का नाम उमेश साहू

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





महानदी के तट पर बसे ग्राम भरारी में सांस्कृतिक मंच के लोकार्पण अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामु रोहरा ने उपस्थित श्रोता समूह से कहे की जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से सभी लोग सुकून का सांस लेने लगे हैं । छत्तीसगढ़ प्रदेश के बहनों के खाते में 1000 प्रति माह समय से डाल देते है जिससे घर रसोई चलाने में सुविधा हो रही है। किसानों के लिए भी सरकार 3100 रुपए में धान खरीदी करके समय से पैसा दे रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में छत्तीसगढ़वासियो के भीतर एक बहुत बड़ी चिंता थी घर के सपने का वह भी विष्णु देव सरकार में पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होकर बनने का कार्य चालू हो गया है। 5 साल के भीतर विकास की कोई कमी नहीं रहेगी विष्णु देव सरकार में सभी काम सांय सांय हो रहा है और आगे भी होता रहेगा। मंच में अध्यक्षता कर रहे भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने अपनी बात रखते हुए भरारी जैसे छोटे ग्राम में आकर ग्राम वासी और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पर मुख्य अतिथि रामू रोहरा जी का आभार मानते हुए श्रोता समूह से कहे की भाजपा के राज्य में विकास के लिए चिंता करने की आवश्यकता छत्तीसगढ़ वासियों को कभी नहीं पड़ी। रमन सिंह के 15 वर्ष के विकास को सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरा देश देखा है इस बार भी छत्तीसगढ़ में विकास की कमी नहीं हो रहि और भारतीय जनता पार्टी वैसे भी विकास के पर्याय पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ अधोसंरचना विकास ही नहीं बल्कि क्षेत्र के युवाओं के अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना भी डालती है। जिससे एक संस्कारवान समाज का निर्माण हो सके और सभी एक अच्छे नागरिक बनकर नागरिक कर्तव्य का पालन कर सके। उपरोक्त कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अर्जुन सोनकर, तुलाराम सोनकर ,वेद राम यादव, वेद राम निषाद ,लीलेश्वर, संतोष निषाद ,खुमान निषाद ,परमेश्वरी यादव,प्रियंका निषाद, अशोक कुमार, सुहागा बाई ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# जुआ खेलने वाले 6 आरोपियों के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही, जुआरियों से कुल जुमला कीमती 45460 रूपये को किया गया जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जुआ सट्टा अवैध शराब पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। जिस पर सायबर सेल तकनीकी एवं थाना सिटी कोतवाली धमतरी की संयुक्त टीम द्वारा अधारी नवागांव नहरपार तिराहा में 06 व्यक्तियों को जुआ खेलते पकड़ा गया। थाना सिटीकोतवाली धमतरी क्षेत्रान्तर्गत अधारी नवागांव नहरपार तिराहा के पास रूपये पैसे की दांव लगाकर जुआ खेलने की लगातार सूचना मिल रही थी इस सूचना पर 30/09/2024 को सायबर सेल तकनीकी एवं थाना सिटीकोतवाली धमतरी की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। जिनके कब्जे से तास के 52 पत्ती, नगदी रकम 25460 रूपये, 06 नग मोबाईल कीमती 20000 रूपये कुल जुमला 45460 रूपये जप्त कर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अपराध कमांक छग जुआ प्रतिषेध अधिनियन के तहत कार्यवाही की गई है। नाम आरोपीगण में संजय सोनकर पिता लखन लाल सोनकर उम्र 28 साल साकिन ब्राम्हणपारा धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी, जिला धमतरी, अमृत प्रताप तिवारी पिता हीरालाल तिवारी उम्र 60 साकिन पोस्ट आफिस वार्ड कांग्रेस भवन के पास धमतरी थाना सिटीकोतवाली धमतरी जिला धमतरी, वासु घाडगे पिता अर्जुन राव घाडगे उम्र 38 साल साकिन बांसपारा धमतरी थाना सिटीकोतवाली धमतरी जिला धमतरी, मो आमीर पिता मो बुरहान उम्र 28 साकिन अधारी नवागांव थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी, उत्तम साहू पिता भोला राम साहू उम्र 28 साल साकिन अधारी नवागांव थाना सिटीकोतवाली धमतरी जिला धमतरी धर्मेन्द्र बघेल पिता संतोष बघेल उम्र 22 साल साकिन अधारी नवागांव थाना सिटीकोतवाली धमतरी जिला धमतरी, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटीकोतवाली धमतरी राजेश मरई, सायबर सेल तकनीकी प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे, प्रआर देवेन्द्र राजपूत, लोकेश नेताम, आर मुकेश मिश्रा, कृष्ण कन्हैया पाटिल, आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, योगेश नाग,योगेश ध्रु व,थाना धमतरी से प्र आर दीपक साहू, महेश्वर ध्रुव, भुनेश्वर त्रिपाठी, नागेन्द्र सिंह, का सराहनीय योगदान रहा।

## ईश्वर उसे ही जिम्मेदारी देता है जो उसके काबिल होता है : रंजना साहू

# भारत स्काउट गाईड जिला संघ का कार्यशाला सह शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी द्वारा टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त के निर्देशन लक्ष्मण राव मगर कार्यालय आयुक्त, चेतन हिंदुजा जिला मुख्य आयुक्त के मार्गदर्शन, डीके साहू जिला सचिव के नेतृत्व एवं रंजना डिपेन्द्र साहू पूर्व विधायक धमतरी के मुख्य आतिथ्य में कार्यशाला सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन डीपीएस स्कूल सांकरा में आयोजित किया गया। कायक्रम का शुभारंभ भारत लाल साहू द्वारा ध्वज शिष्टाचार के साथ एवं प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ करने की घोषणा कार्यालय आयुक्त लक्ष्मण राव मगर के द्वारा किया गया। कार्यशाला का प्रारंभ भारत लाल साहू के द्वारा उद्देश्य कथन, जिले में कार्य विभाजन, प्रचार - प्रसार कार्य की जानकारी एवं कार्य वितरण जी जानकारी प्रदान किया गया। प्रार्थना, आदर्श वाक्य, प्रतिज्ञा नियम की जानकारी नेमलाल गंगेले डीओसी, दुधेश्वर साहू के द्वारा किया गया। स्काउट चिन्ह, सैल्यूट, बाया हाथ मिलाना मानसिंह कपूर के द्वारा दिया गया। आंदोलन का इतिहास एवं प्रगति की जानकारी मोहित राम बनपेला धमतरी ब्लाक सचिव, जिला परिषद की शक्तियांए कार्य, बैठकें, अध्यक्ष,उपाध्यक्ष के कार्य डी के साहू जिला सचिव के द्वारा दिया गया। भोजन अवकाश के पश्चात जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला कार्यकारिणी की शक्तियां एवं कार्य भारत लाल साहू के द्वारा दिया गया। सचिव, संयुक्त सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, डीओसी, डीटीसी के दायित्व को विस्तार से जिला सचिव डी के साहू द्वारा दिया गया । वित्त समिति, कार्य समिति, प्रशिक्षण समिति के कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी जे रामकरण के द्वारा दिया गया। जिला बैज समिति,युवा समिति की जानकारी हीना भेंसले के द्वारा दिया गया कार्यशाला में स्काउट गाइड से जुडी जानकारी, जिला परिषद, जिला कार्यकारिणी, आजीवन सदस्यए साधारण सदस्य एवं स्काउटर-गाइडर को दिया गया। कार्यशाला पश्चात शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ किया गया जिसमे पुरुष वर्ग का शपथ जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट जीवन लाल साहू एवं महिला वर्ग का शपथ ग्रहण जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड शशि बांशोर के द्वारा कराया गया। शपथ के क्रम में सबसे पहले जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदुजा एवं जिला अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू को स्काउट ध्वज के साथ स्काउट चिन्ह के माध्यम से दिलाया गया। इसी क्रम में गजानंद साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, वनिता मगर, डोलेश्वरी साहू, यशोदा सोनकर उपाध्यक्ष, शैलेष बाजपेयी, हिरेन्द्र साहू, परमेश्वर साहू, कविता साहू, ज्योति मगर आजीवन सदस्य को शपथ दिलाते हुए शपथ पत्र हस्ताक्षर के साथ मंच प्रदान किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का बुके के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। रंजना डिपेन्द्र साहू पूर्व विधायक धमतरी ने कहा की ईश्वर उसे ही जिम्मेदारी देता है जो उसके काबिल होता है। गीता में वर्णन है की सत्य और असत्य जब आमने सामने होता है तो सत्य हमेशा अकेला ही खड़ा होता है और भीड़ असत्य के साथ लेकन जीत अंत में सत्य की ही होती है। अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए बताये कि जब मैं कक्षा 9वीं में थी तभी से स्काउट . गाइड में जुडी और सतत् सेवा कार्य करने के लिए विभिन्न शिविरों में जाती रही। अपने सपनो को पूरा करना है तो आप सभी को तन मन धन से मेहनत करना होगा।

# बडौदा आरसेटी में दिया जाएगा मछलीपालन और मुर्गीपालन का प्रशिक्षण, आवेदन 5 अक्टूबर तक मंगाए गए

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान बडौदा आरसेटी में मछलीपालन और मुर्गीपालन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं से आगामी 5 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। निदेशक, बडौदा आरसेटी अनिता टुडू ने बताया कि आवासीय सुविधा युक्त 10-10 दिवसीय इन प्रशिक्षणों के लिए इच्छुक महिला एवं पुरूष बीपीएल राशनकार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 5 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन पत्र कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में नियत तिथि तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मछलीपालन प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य पालन और अर्थव्यवस्था, मछलीपालन की विधि, मछलीपालन हेतु बीज, उत्पादन विधि, खाद्य सामग्री, मछलियों के विभिन्न प्रजाति, मत्स्य पालन संस्कृति, मछलीपालन तकनीकी एवं मछली पकडने की कला, मछली पकडने की पारम्परिक प्रणाली, मछली स्वास्थ्य प्रबंधनए सुरक्षा, स्वच्छता, बीज उत्पादन, मछली प्रसंस्करण सहित उद्यमिता संबंधी जानकारी दी जाएगी। मुर्गी पालन प्रशिक्षण के तहत विभिन्न दक्षताओं की पहचान के लिए केस स्टडी,पोल्ट्री के स्कोप और महत्व, बैकयार्ड पोल्ट्री, वाणिज्यिक पोल्ट्री, पोल्ट्री नस्लों, जापानी बटेर, बतख, तुर्क खेती, ब्रायलर और चिक उत्पादन के लिए हैचरी रियरिंग टाइप सिस्टए शेड निर्माणए पोल्ट्री उपकरण इत्यादि की जानकारी दी जाएगी।

# आगामी खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान

## खाद्य मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में महानदी भवन में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हुए। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में चालू खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मीट्रिक धान खरीदने का अनुमान रखा गया है। इस वर्ष दिपावली का पर्व और राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी 15 नवम्बर से शुरू किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। लेकिन राज्य मंत्रि परिषद की बैठक में ही इस आशय का अंतिम निर्णय लिया जाएगा। साथ ही प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन के माध्यम से प्रदेश के किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी का निर्णय लिया गया है। सभी उपार्जन केन्द्रों को इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन की व्यवस्था करने को भी कहा गया है। बैठक में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदने के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी व्यापक रूप से चर्चा की गई। बैठक में धान खरीदी सुव्यस्थित हो तथा किसानों को सरलता के साथ बारदाना उपलब्ध हो सकें इसके लिए जूट कमिश्नर और जेम के माध्यम से बारदाना खरीदी का निर्णय लिया गया है। बैठक में धान उठाव और कस्टम मिलिंग, केन्द्रीय पूल और छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कराने तथा परिवहन के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जाएगा। 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से धान उठाव का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वर्तमान में राज्य में 2058 सहकारी समितियां तथा 2739 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से आगामी खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया है। धान खरीदी व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए कम्प्यूटर, इंटरनेट के साथ ही उपार्जन केन्द्र आने वाले किसानों के लिए बैठक व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, कृषि उत्पादन आयुक्त रेणु जी पिल्ले, वित्त सचिव मुकेश बंसल, सचिव राजस्व अविनाश चंपावत, उद्योग सचिव रजत कुमार, मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक, मण्डी बोर्ड के प्रबंध संचालक महेन्द्र सवन्नी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 2023-24 में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को किया गया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन रायपुर के द्वारा आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में उल्लेखनीय कार्यों व उत्कृष्ट सेवाओं के लिए श्री बालाजी हॉस्पिटल (श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस) को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह (आईएएस), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर डॉ. मिथलेश चौधरी के द्वारा डॉ. दीपक जायसवाल मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं हिमांशु साहू सीईओ को प्रशस्ति पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



# नशे के विरूद्ध चलेगा अभियान जिला स्तरीय कमेटी की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थों के अनाधिकृत व्यवसायियों पर व्यापक और प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय कमेटी की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह एवं एसएसपी सिंह ने कहा कि नशा का दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की जाए। मेडिकल स्टोर से किसी भी प्रकार के नशे का दवा न बिके, इसके लिए जांच की जाए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि बच्चों एवं युवाओं को नशे से बचाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाएं। स्कूलों एवं कॉलेजों के करीब में नशे का दुकान लगाने वालों पर भी कार्रवाई की जाए और नशे से लोगों को बचाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाएं। साथ ही मितानिनों के माध्यम से भी जन जागरूकता अभियान चलाया जाएं। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी रायपुर के एमडी अबिनाश मिश्रा ने जीई रोड सौंदर्यीकरण की प्रगति को देखा एवं शीघ्र कार्य पूरा करने निर्देशित किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा राजधानी शहर के जीई मार्ग में करवाये जा रहे विभिन्न विकास सौंदर्यीकरण के कार्यों की प्रगति का स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक तकनीकी पकंज कुमार पंचायती सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जायजा लिया एवं कार्यों का स्थल समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी ने जीई रोड में स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित किये जा रहे पाथवे के काम में तेजी लाने के निर्देश दिये एवं पाथवे में स्टैम्प कांक्रीट कार्य करवाने अधिकारियों को निर्देशित किया। वहां लगायी जा रही ग्रील के कार्य को जनहित में सुव्यवस्थित कर सुधारकर वहां जीआई पाईप लगवाना एवं कार्य तेज गति से गुणवत्ता युक्त तरीके से शीघ्र पूर्ण करवाना जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से निर्देशित किया गया। आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी ने साइंस कालेज के समीप डीडी नगर रोहिणीपुरम गोल चैक जाने वाले मार्ग पर कराये जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य को तत्काल गतिमान करने के निर्देश दिये है।

उन्होंने कार्य को शीघ्रता से गुणवत्ता युक्त तरीके से जनहित में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होने कार्य की धीमी गति को लेकर गहन अप्रसन्नता व्यक्त की है।

## सैन्य प्रदर्शनी का आयोजन रायपुर के साइंस कालेज मैदान में 5 और 6 अक्टूबर को

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को सैन्य प्रदर्शनी की जानकारी देते हुए कहा कि मुझे आप लोगों को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 05 और 06 अक्टूबर को सैन्य-प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं के साथ-साथ सभी प्रदेशवासियों के लिए भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम, क्षमता और ताकत से परिचित होने का यह बड़ा ही महत्वपूर्ण अवसर होगा। सैन्य-प्रदर्शनी में युद्धक टैंक टी-90 सहित बहुत से ऐसे आधुनिक और उन्नत सैन्य उपकरणों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसका उपयोग करके हमारी सेना ने दुश्मनों पर विजय प्राप्त की है। इस प्रदर्शनी में हमारे जांबाज सैनिक पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयरडविल मोटरसाइकलिंग राइडिंग और घुड़सवारी का भी प्रदर्शन करेंगे। साय ने सभी से अपील करते हुए कहा कि आप सभी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें, भारतीय सेना के आन-बान-शान से करीब से परिचित हों, और अपने सैनिकों का हौसला और बुलंद करें। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने-अपने परिवार के साथ इस प्रदर्शनी के सहभागी बनें, बच्चों को साथ अवश्य लाएं ताकि हमारी नयी पीढ़ी अपने देश की ताकत से परिचित हो पाए, उन्हें भी सेना से जुड़कर देश सेवा करने की प्रेरणा मिले।

## राष्ट्रीय पोषण माह 2024 : पोषण जागरूकता गतिविधियों में छत्तीसगढ़ देश में तीसरे स्थान पर



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक जन आंदोलन के रूप में 7वां राष्ट्रीय पोषण माह आयोजित किया गया। इस दौरान गांवों से लेकर राज्यस्तर तक सुपोषण, बच्चों में व्याप्त कुपोषण एवं किशोरी बालिकाओं, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं में एनीमिया के संबंध में जागरूकता के लिए स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। इस अभियान में हर वर्ग के लोगों की सक्रिय सहभागिता रही। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पोषण माह के प्रारंभ में सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए राज्य के समस्त जनप्रतिनिधि, पंचायती राज संस्था के प्रतिनिधियों महिला स्व-सहायता समूहों, प्रबुद्ध वर्ग, विद्यार्थी वर्ग, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के निकायों के प्रतिनिधि एवं समस्त जनसमुदाय से सक्रिय सहभागिता की अपील की थी। पोषण माह की गतिविधियों में महिलाओं और बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए है जन प्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, महिला स्वसहायता समूह, प्रबुद्ध नागरिकों, विद्यार्थियों और स्थानीय जन समुदाय का भरपूर सहयोग मिला।

# पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से स्टाफ आफिसर सहित 8 कर्मचारियों की भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के सेवाभवन में ट्रांसमिशन कंपनी के 8 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) राजेश कुमार शुक्ला द्वारा प्रशस्ति पत्र, घड़ी, शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर एम.डी. ट्रांसमिशन कार्यालय में पदस्थ स्टॉफ ऑफिसर प्रभाकर राव नाडीकट्ला सहित अन्य कार्यालयों में पदस्थ अनुभाग अधिकारी मनोहर प्रसाद साहू, पन्ना लाल साहू, कनिष्ठ पर्यवेक्षक दिनेश कुमार गंगराले, राजनांदगांव से वरिष्ठ पर्यवेक्षक उदल सिंह शोरी, भिलाई से लाईन सहायक पढ़रीनाथ राणे, डी. राजू देवांगन, बाला प्रसाद कुशवाहा को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई समारोह में सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक के.एस.मनोठिया, एम.एस.चौहान, मुख्य अभियंता जी.आनंद राव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता के.बी. पात्रे, अतिरिक्त महाप्रबंधक (वित्त) मुकेश कश्यप एवं अजय शर्मा, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी गोविंद पटेल तथा आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता राजेश सिंह द्वारा किया गया। पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा पृथक से आयोजित कार्यक्रम में स्टॉफ ऑफिसर प्रभाकर राव नाडीकट्ला को विदाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता विनोद अग्रवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र, विंग कमाण्डर ए.श्रीनिवास राव, उपमहाप्रबंधक पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी अनामिका मण्डावी ने किया।

## महात्मा गांधी जयन्ती पर मांस-मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा

**रायपुर।** सम्पूर्ण नगर पालिक निगम रायपुर के परिक्षेत्र में महात्मा गाँधी जयन्ती 2 अक्टूबर 2024 बुधवार को मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही ने महात्मा गाँधी जयन्ती 2 अक्टूबर 2024 बुधवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस-मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। महात्मा गाँधी जयन्ती 2 अक्टूबर 2024 बुधवार को किसी भी दुकान में मांस-मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस-मटन जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। महात्मा गाँधी जयन्ती 2 अक्टूबर 2024 बुधवार को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस-मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403